08 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 346



24634 करोड़ की चार रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी

## रायडीह में नवजात खरीद बिक्री मामला

# बीटीटी, सीएचओ और सहिया नौकरी से हटाये गये, जांच जारी

आजाद सिपाही ने किया था खुलासा

आरोपियों के खिलाफ एफआइआर भी हुआ दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** आजाद सिपाही द्वारा रायडीह प्रखंड के सीएचसी कर्मियों के माध्यम से नवजातों की खरीद-फरोख्त के सनसनीखेज खुलासे के बाद कई स्तर पर जांच हुई। सिविल सर्जन डॉ एसएन चौधरी और एसडीओ गुमला राजीव नीरज की गहन जांच के बाद बीटीटी सुमन कुजूर, सहिया पार्वती देवी और बांसडीह की आरोग्य आयुष्मान मंदिर की सीएचओ रिमझिम लकड़ा की सेवा को समाप्त कर दिया गया। अब यह तीनों आरोपी कार्य से मुक्त कर दिये गये हैं। सिविल सर्जन शंभू नाथ चौधरी ने कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े फैसले लिये जा रहे हैं। ग्रामीण और अभिभावक भी इस कार्रवाई से संतुष्ट हैं।

**आरोपियों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज :** बाल कल्याण समिति की ओर से सभी आरोपियों पर एफआइआर दर्ज की गयी है। नवजात शिशुओं की बिक्री को लेकर उपयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने काफी कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने संबंधित विभाग को मौखिक आदेश दिया है कि एक भी दोषी बख्शा नहीं जाये। इस मामले में बीटीटी सुमन कुजूर, सहिया पार्वती देवी, बांसडीह की आरोग्य आयुष्मान मंदिर की सीएचओ रिमझिम लकड़ा, बच्चों को जन्म देने वाली मां कुडोछत्तरपुर निवासी सुमन एक्का, उसके पति जूसटीन एक्का के साथ-साथ मोकरा गांव निवासी अविवाहित और उसकी मां पर नामजद प्राथमिक दर्ज हुई है। इस मामले में अनुसंधान के क्रम में और भी कई आरोपी के नाम शामिल होने की संभावना हैं।

एसडीओ राजीव नीरज ने कहा कि इस मामले में किसी भी दोषी को नजरअंदाज नहीं किया जायेगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी तरह की सावधानियां बरती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल दोनों नवजात सीडब्ल्यूसी की देखरेख में सदर अस्पताल स्थित वार्ड में रखे गये हैं। कागजी प्रक्रिया से गुजरने के उपरांत उन्हें लोहरदगा स्थित चाइल्ड होम में रखे जाने का निर्णय लिया जा रहा है।

### बिल्ली को दे दी गयी दूध की निगरानी




हैरानी की बात यह है कि बच्चों की खरीद-फरोख्त के मामले की मुख्य आरोपी बीटीटी सुमन कुजूर और सहिया पार्वती देवी को उक्त बरामद बच्चों की देखरेख के लिए सदर अस्पताल में लगाया गया था। जिन आरोपियों से बच्चों को अधिक खतरा है, ऐसे ही लोगों को बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के बच्चों की देखरेख में लगा दिया गया। अब देखने वाली बात यह है कि जिन बच्चों के कारण बीटीटी और सहिया की नौकरी गयी, वह बीटीटी और सहिया बच्चों की देखरेख कैसे कर सकती हैं? दूसरी बात यह है कि दोनों के विरुद्ध रायडीह थाने में मामला दर्ज हो चुका है। इसके बाद भी दोनों आरोपियों को मंगलवार को दिनभर उन्हें दोनों बच्चों की देखरेख में लगाना कहां तक उचित है।

# घाटशिला चुनाव : एनडीए नेताओं ने दिखायी एकजुटता



- भ्रष्टाचार की पोषक राज्य सरकार के खिलाफ वोट करेगी घाटशिला की जनता : बाबूलाल मरांडी
- एनडीए एकजुट होकर घाटशिला उपचुनाव लड़ेगी : सुदेश महतो
- उपचुनाव में एक ही लक्ष्य, घाटशिला सीट को जीतना : खीरू महतो
- एनडीए के संकल्प को धरातल पर उतारेंगे : वीरेंद्र प्रधान

एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित: बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में एनडीए घटक दलों की संपन्न हुई। इसमें 11 नवंबर को होनेवाले घाटशिला उपचुनाव में एनडीए की रणनीति पर चर्चा की गयी। बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू, आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान सहित विधायक जनार्दन पासवान और उमेश तिवारी शामिल हुए। बैठक के बाद पार्टी नेताओं ने एकजुटता दिखायी और पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरने की बात कही।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि घाटशिला उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। क्षेत्र की जनता राज्य सरकार की वादा खिलाफी से तंग आ चुकी है। पिछले 6 वर्षों में राज्य का विकास ठप है। हेमंत सरकार पार्ट 2 का भी लगभग एक वर्ष पूरा होने को है, लेकिन जनता को केवल लूट, भ्रष्टाचार, दलाली, माफियागिरी ही देखने को मिल रही है। बालू, पत्थर, जमीन की लूट मची है। आम आदमी सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव झेल रहा है। स्कूल में शिक्षक नहीं, अस्पतालों में दवाई और डॉक्टर नहीं। सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, बिना पैसे के कोई काम नहीं होता। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। युवा नौकरी की प्रतिक्षा करते-करते थक चुके हैं। एनडीए राज्य सरकार के खिलाफ इन मुद्दों के साथ जनता के बीच जायेगी।

### राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल : सुदेश महतो

आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि एनडीए पूरी तरह से एकजुट होकर घाटशिला उपचुनाव में अपनी ताकत लगायेगा। राज्य सरकार की हर मोर्चे पर नाकामी ही सबसे बड़ा मुद्दा है। एनडीए जनता से भ्रष्ट, निकम्मी सरकार से झारखंड को बचाने का आग्रह करेगा। चुनाव में सरकार से जनता की नाराजगी का परिणाम में दिखेगा।

### बैठक के निर्णय को परिणाम में बदलेंगे : खीरू महतो

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा कि एनडीए के घटक दलों ने बैठक में जो निर्णय लिया है, उसे परिणाम में बदलेंगे। घाटशिला उपचुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित है।

### जनता मौजूदा सरकार से परेशान : प्रधान

लोजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि आम चुनाव में भी ये घाटशिला के एनडीए प्रत्याशी की स्थिति अच्छी रही थी। जनता राज्य सरकार से अब तंग आ चुकी है। इस बार जनता पिछली कमियों को दूर कर एनडीए प्रत्याशी को जीत दिलायेगी।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

हृदयम हार्ट क्लिनिक
उपलब्ध सुविधाएँ -
• ईसीजी • इको-कार्डियोग्राफी
• टीएमटी • हॉस्पीटल मॉनिटरिंग
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे :
• हार्ट फेलियर • हाई कॉलेस्ट्रॉल
• हार्ट अटैक • हार्ट एरिदमिया
• हार्ट ब्लॉक • पाल्पीटेशन
• हाइपरटेंशन • दिल का छेद,
डॉ साकेत कुमार
हृदय रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. (एएमयू.), एम.डी. (पीएचसीएच, पटना) डी.एम. कार्डियोलॉजी (आईपीजीएमईआर, कोलकाता)
वयस्क एवं बाल हृदय चिकित्सक
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ
पल्स हॉस्पिटल, रांची
हृदयम हार्ट क्लिनिक
डॉ. जे शरण लेन, रिम्स मेडिकल चौक के पास, बरियातू, झारखंड-834009
समय : सुबह 09:30 से सायं 06:00 बजे तक
8002882735, 8100360617, 8573987365

## सारंडा मामला

# सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज



**रांची।** सारंडा को वन्यजीव अभ्यारण्य घोषित करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की पीठ में इस मामले की सुनवाई होगी। कोर्ट ने 17 सितंबर को दिये गये निर्देश में मुख्य सचिव को सुबह 10.30 बजे हाजिर होने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि एनजीटी ने सारंडा के 31468.25 हेक्टेयर क्षेत्रफल को सारंडा वन्यजीव अभ्यारण्य घोषित करने का आदेश दिया था, लेकिन पीसीसीएफ ने 57519.41 हेक्टोयर को घोषित करने का प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा। एनजीटी के आदेश पर कार्रवाई नहीं करने की वजह से यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।

# बिहार चुनाव : महागठबंधन में सीट शेयरिंग का खाका तैयार

- राजद को 130 और कांग्रेस को 50
- झामुमो को भी दो से चार सीटें मिलेगी
- आधिकारिक घोषणा एक-दो दिन में संभव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में होगा। चुनावी घोषणा के साथ ही राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गयी है। एक ओर सत्तारूढ़ एनडीए रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटा है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी महागठबंधन ने सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला लगभग तय कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की बातचीत के बाद गठबंधन के सभी घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बन गयी है। अब केवल आधिकारिक घोषणा बाकी है। जानकारी के मुताबिक राजद को गठबंधन में सबसे बड़ा हिस्सा मिला है। राजद 130 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं कांग्रेस 50 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) को 20 सीटें, लेफ्ट पार्टियों (सीपीआइ आदि) को कुल 35 सीटें, पारस गुट की लोक जनशक्ति पार्टी को दो सीटें और झारखंड मुक्ति मोर्चा को भी दो से चार सीटें मिल सकती हैं। हालांकि झामुमो ने छह सीटों पर दावा किया था।

### राजद को मिला नेतृत्व का मौका



सीट बंटवारे के इस फॉर्मूले से यह साफ हो गया है कि महागठबंधन का चेहरा एक बार फिर तेजस्वी यादव ही होंगे। राजद सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी रणनीतिकारों का मानना है कि पिछली बार की तरह इस बार भी महागठबंधन में तेजस्वी यादव ही ड्राइविंग सीट पर काबिज होंगे। हालांकि मुख्यमंत्री के चेहरे को साफ नहीं किया गया है, लेकिन राजद की दावेदारी ही रहेगी। वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि सीट शेयरिंग को लेकर आपसी समझौता हो गया है। जल्द ही मीडिया को बुला कर इसकी जानकारी दी जायेगी। मुख्यमंत्री कौन होगा, डिप्टी सीएम कौन होगा? सब साफ हो जायेगा।

**कांग्रेस ने आज बुलायी बैठक:** कांग्रेस ने केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के लिए बिहार के प्रमुख नेताओं को दिल्ली बुलाया है। बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और सीनियर नेता शकील अहमद खान दिल्ली जायेंगे। बुधवार को दिल्ली में बिहार कांग्रेस की बैठक है। इसमें सीटों को लेकर उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग को अंतिम रूप दिया जायेगा।

# यूपीआइ पेमेंट के लिए फेस और फिंगरप्रिंट का इस्तेमाल होगा




**नयी दिल्ली।** यूपीआइ उपयोगकर्ता अब फेस और फिंगरप्रिंट के जरिये पेमेंट कर सकेंगे। यूपीआइ ऑपरेट करने वाली एजेंसी एनपीसीआइ के नये बायोमेट्रिक फीचर्स को केंद्र सरकार ने मंगलवार को मंजूरी मिल गयी। इसके उपयोगकर्ताओं के लिए मैन्युअल और लागू होने की तारीख की विस्तृत जानकारी जल्द ही जारी की जायेगी। एजेंसी का कहना है कि यह नया तरीका यूपीआइ पेमेंट को ज्यादा आसान, सुरक्षित और यूजर-फ्रेंडली बनायेगा। नये फीचर्स में यूपीआइ पेमेंट करने के लिए पिन की जरूरत ऑप्शनल हो जायेगी।

# राबड़ी आवास पर मसौढ़ी विधायक को हटाने को लेकर प्रदर्शन

राजद कार्यकर्ताओं ने लालू यादव को भी घेरा, सुरक्षाकर्मियों से धक्का-मुक्की

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**पटना।** राजद विधायक रेखा देवी के खिलाफ मंगलवार को राबड़ी देवी के आवास पर जम कर हंगामा हुआ। मामला इतना बिगड़ गया कि प्रदर्शन करनेवाले आवास के भीतर चले गये। लोग रेखा हटाओ, मसौढ़ी बचाओ के नारे लगा रहे थे। लोगों ने कहा कि हम अपने नेता से बताने आये हैं कि इस बार उम्मीदवार बदलना चाहिए। राजद कार्यकर्ताओं ने रेखा पासवान पर कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। कार्यकर्ता विधायक को हटाने की मांग कर रहे हैं। लोग रेखा हटाओ, मसौढ़ी बचाओ के पोस्टर लेकर राबड़ी आवास के बाहर डटे थे। विधायक के खिलाफ नारेबाजी हो रही है। प्रदर्शन के दौरान लालू यादव की गाड़ी राबड़ी आवास पहुंची, तो कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया। नेता लालू के सामने ही विधायक को हटाने की मांग करने लगे। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों के साथ कार्यकर्ताओं की धक्का-मुक्की भी हुई। लालू ने भी कोई जवाब नहीं दिया। सभी को हटा कर वो आगे निकल गये।

बताते चलें कि रेखा पासवान पटना जिले के मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। वे दलित समाज से आती हैं। रेखा पासवान ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में मसौढ़ी सीट से राजद के टिकट पर चुनाव लड़ा और जदयू की उम्मीदवार नूतन पासवान को 32,227 वोटों से हरा कर जीत हासिल की थी।

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN 2025 - 26
COURSES OFFERED
FLORENCE COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
FLORENCE COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
FLORENCE COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
OUR FACILITIES
■ PLACEMENT ASSISTANCE ■ TRANSPORT
■ SCHOLARSHIP ■ FEE INSTALLMENT FACILITY
■ SEPARATE HOSTEL FOR BOYS & GIRLS ■ SMART CLASSROOM
■ MESS ■ ADVANCE LAB & LIBRARY
9031231082, 6205145470, 9334645053
IRBA RANCHI - 835219 (JH) www.florenceinstirba.com fsnirba@gmail.com

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 08 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# घाटशिला उपचुनाव में चर्चाओं का बाजार गर्म, दबी जुबान से अपना-अपना आकलन कर रहे लोग

## ■ झामुमो मजबूत, लेकिन राजनीति में पासा कब किस ओर घूम जाये कहना मुश्किल

## ■ चाचा चंपाई दीवार बनकर खड़े, झामुमो की हर चुनावी रणनीति से भलीभांति वाकिफ

## ■ स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट के बाद मंथन कर रहा झामुमो, भाजपा रेस

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड विधानसभा की घाटशिला सीट पर उप चुनाव का एलान हो गया है। 11 नवंबर को वोट डाले जायेंगे और 14 नवंबर को परिणाम घोषित होगा। उप चुनाव की घोषणा होते ही राजनीतिक हलकों में गतिविधियां तेज हो गयी हैं। राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री और झामुमो के कद्दावर नेता रहे रामदास सोरेन के निधन के कारण यह उप चुनाव हो रहा है। घाटशिला विधानसभा सीट का अलग राजनीतिक महत्व है। आदिवासियों के लिए आरक्षित घाटशिला विधानसभा क्षेत्र 1972 में अस्तित्व में आया और तब से लेकर पिछले 12 चुनावों में कांग्रेस को चार बार, झामुमो और भाकपा को तीन-तीन बार और भाजपा को एक बार यहां से जीत मिली है। एक बार यह सीट निर्दलीय सूर्य सिंह बेसरा के खाते में गयी थी। 2024 में यहां से रामदास सोरेन ने कोल्हान टाइगर चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को 22 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराया था। उस चुनाव से ठीक पहले चंपाई सोरेन झामुमो छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गये थे। इस बार उप चुनाव में झामुमो जहां सहानुभूति की लहर पर सवार होकर जीत के प्रति लगभग आश्वस्त लग रहा है, वहीं भाजपा यदि एक बार फिर बाबूलाल सोरेन पर दांव लगाती है, तो यह मुकाबला बेहद रोमांचक हो जायेगा। झामुमो के सामने सोमेश सोरेन को लेकर दुविधा की स्थिति जरूर है, इसलिए उसने भी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। क्या है घाटशिला विधानसभा क्षेत्र का राजनीतिक माहौल, बता रहे हैं आजाद सिपाही के घाटशिला ब्यूरो प्रमुख अरुण सिंह।**


घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव 11 नवंबर को होगा। इसका एलान सोमवार को चुनाव आयोग कर चुका है। तत्कालीन शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन के कारण यह सीट खाली हुई है और दोनों मुख्य प्रतिद्वंदी पार्टियों झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा अब तक नहीं की है। वैसे, दोनों ही दलों के नेता, समर्थक और घाटशिला के ज्यादातर मतदाता यह मानकर चल रहे हैं कि झामुमो से स्व रामदास सोरेन के ज्येष्ठ पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन और भाजपा से पिछली दफा चुनाव लड़ चुके बाबूलाल सोरेन ही प्रत्याशी होंगे। बावजूद इसके, जब तक प्रत्याशियों के नाम की घोषणा आधिकारिक रूप से नहीं हो जाती है, तब तक चुनावी राजनीति में रुचि रखने वाले दोनों ही दलों के प्रत्याशी को लेकर तरह-तरह के तर्क दे रहे हैं।

### क्या हुआ था पिछले चुनाव में

2024 में हुए चुनाव में घाटशिला से झामुमो के रामदास सोरेन का मुकाबला पूर्व सीएम और चुनाव से ठीक पहले झामुमो छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गये चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन से हुआ था। रामदास सोरेन को कुल 98 हजार 356 वोट और भाजपा के बाबूलाल सोरेन को 75 हजार 910 वोट मिले थे। इस तरह रामदास सोरेन 22 हजार 446 वोट से जीत गये थे।

### भाजपा के खेमे में कई तरह की चर्चा

भाजपा विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पूरी तरह आश्वस्त हैं कि घाटशिला सीट पर पार्टी एक बार फिर उनके बेटे बाबूलाल को उम्मीदवार बनायेगी और वैसे भी किसी विधायक या सांसद के निधन के उपरांत होने वाले उप चुनाव में विपक्षी दल की ओर से चुनाव लड़ना यानी बलि का बकरा बनना ही माना जाता है, क्योंकि हिंदुस्तान में सहानुभूति वोट ज्यादा पड़ता है, ऐसा ज्यादातर मौके पर देखा गया है। बावजूद इसके, भाजपा के कुछ बड़े नेता पूर्व प्रत्याशी लखन चंद्र मार्डी और डॉ सुनीता देवदूत सोरेन की पीठ थपथपा रहे हैं, अंदरखाने इसकी पुरजोर चर्चा है। इसी क्रम में एक चौंकाने वाली खबर यह भी आ रही है कि अगर बाबूलाल को टिकट देने में ज्यादा आनाकानी होती है, तो चंपाई सोरेन भी सोचने पर मजबूर हो सकते हैं। जिसके आसार कम ही लग रहे हैं। वैसे चंपाई के झामुमो छोड़ भाजपा में आने से संथाल वोटर हेमंत सोरेन के साथ जस के तस बने हुए हैं, यह तर्क प्रदेश भाजपा के कुछ नेता देते फिर रहे हैं। लेकिन इसका घाटशिला उपचुनाव से कुछ खास लेना देना नहीं होना चाहिए। इसी तरह भाजपा का एक खेमा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप बलमुचू के हाथ में कमल का फूल थमाने का पक्षधर है, इसकी भी खूब चर्चा है। बलमुचू घाटशिला से तीन बार विधायक रह चुके हैं। इसके साथ ही भाजपा की चुनावी रणनीति बनाने वाले नेताओं में से कुछ का मानना है कि जमशेदपुर संसदीय चुनाव की तरह यदि विधानसभा के इस उप चुनाव में अगर स्थानीय कांग्रेसियों के साथ बलमुचू को भी साध लिया जाये, तो चुनावी फतह हासिल हो जायेगी।



### झामुमो के भीतर विचार जारी

अब बात करते हैं झामुमो की। झामुमो अपना प्रत्याशी सोमेश सोरेन को बनाये या फिर स्व रामदास सोरेन की पत्नी सूरजमनी सोरेन या भतीजा विक्टर सोरेन को, इतना तो तय है कि जो भी वोट मिलेगा, वह स्व गुरुजी शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्व रामदास सोरेन के नाम पर ही मिलेगा। ऐसे में सोमेश झामुमो केंद्रीय चुनाव समिति के लिए कोई मजबूरी तो बिल्कुल ही नहीं हैं और भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो रामदास बाबू के श्राद्ध कर्म के बाद सोमेश सोरेन के घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में दौरा करने के स्टाइल, काफिले में गाड़ियों की संख्या, जमशेदपुर से उनके साथ हर रोज आकर गांव-टोला में मतदाताओं के बीच समर्थन मांगने जाने वाले कुछ चेहरे को लेकर भी खुसुर-फुसुर हो रही है। कुछ हीरो टाइप युवक के पूरे हाथ में टैटू है, तो किसी के बारे में लोगों का मानना है कि अभी से ही अपराधी चरित्र के युवकों को साथ लेकर घूम रहे हैं सोमेश।

### भावी प्रत्याशी के चेहरा-मोहरा, चाल-चलन पर लोगों की नजर

राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले लोग तो भाजपा और झामुमो के भावी प्रत्याशी के चेहरा-मोहरा, चाल-चलन आदि के बारे में अपनी-अपनी राय दे ही रहे हैं, खास बात यह भी है कि सरकारी एजेंसी स्पेशल ब्रांच ने जो रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी है, वह भी सोमेश के राजनीतिक स्वास्थ्य के लिहाज से फायदेमंद तो कतई नहीं कहा जा सकता है।

ऊपर से रामदास बाबू के साथ विधानसभा क्षेत्र में हमेशा साथ चलने वाले उनके भतीजे विक्टर सोरेन के मन में भी कम नाराजगी नहीं है। उनका मानना है कि पिछले लगभग 11 वर्षों से वह रामदास सोरेन के साथ उनके साये की तरह घाटशिला में घूमे-फिरे हैं, तो चुनाव लड़ने का मौका पार्टी की ओर से उन्हें मिलना चाहिए। समय रहते पार्टी नेतृत्व ने इस हालात को गंभीरता से नहीं लिया और पार्टी को नुकसान हो जाये, तो कोई बड़ी बात नहीं, क्योंकि यह नहीं भूलना चाहिए कि सामने खुद चाचा चंपाई दीवार बनकर खड़े हैं, जो झामुमो के हर एक चुनावी रणनीति से भलीभांति वाकिफ हैं और तो और, सोमेश की विक्ट्री को कहीं विक्टर की नजर ना लग जाये। ऐसे में उचित तो शायद यही होगा कि अगर झामुमो सोमेश को ही चुनाव लड़वाना चाहता है, तो सही सलाह देकर कम से कम चुनावी राजनीति के दृष्टिकोण से ट्रेंड करने की जरूरत है, क्योंकि बुजुर्ग कह गये हैं- वेश से ही भीख मिलती है।

# घाटशिला उपचुनाव: रणनीति बदल कर मैदान में उतर रहा झामुमो!

■ राजनीतिक गलियारे में उठ रहे सवाल
■ सोमेश को मंत्री नहीं क्यों नहीं बनाया गया?
■ क्या झामुमो उन्हें उम्मीदवार बनायेगा?

**प्रशांत झा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** घाटशिला विधानसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा हो गयी। 11 नवंबर को मतदान होगा और 14 नवंबर को परिणाम आ जायेगा। यह सीट शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन के कारण खाली हुई थी। उनके निधन के बाद से झामुमो की परंपरा को देखते हुए उनके पुत्र सोमेश सोरेन को चुनाव मैदान में उतारने की चर्चा हो रही है। यहां तक चर्चा हुई कि झामुमो पहले के सफल रणनीति को अपनाते हुए सोमेश को मंत्री बनायेगा, फिर चुनाव मैदान में उतारेगा। सोमेश को मंत्री नहीं बनाया गया और चुनाव की घोषणा हो गयी। इसके बाद से राजनीतिक गलियारे में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। क्या झामुमो अपना रणनीति बदल कर मैदान में उतर रहा? सोमेश को मंत्री क्यों नहीं बनाया गया? किसने उन्हें मंत्री बनने में रोड़ा डाला? क्या उन्हें टिकट मिलेगा? अगर टिकट मिला और जीते तो क्या तब मंत्री पद मिलेगा? चूंकी अभी झामुमो या भाजपा किसी ने भी अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। सभी सवालों के जवाब भविष्य के गर्भ में हैं। इसलिए राजनीति गलियाले में कयासों का दौर जारी है।

**झामुमो का सहानुभूति का कार्ड सफल रहा है:** झारखंड में मंत्री के निधन के बाद परिवार से किसी को प्रत्याशी बनाने वाला झामुमो का कार्ड अब तक सफल रहा है। पांचवीं विधानसभा में हाजी हुसैन अंसारी के निधन से मधुपुर सीट खाली हुई थी। तब उनके बेटे हफिजुल हसन को उपचुनाव के पूर्व मंत्री बनाया गया था। इसका चुनाव में उन्हें फायदा मिला था। इसी तरह जगरनाथ महतो के निधन पर डुमरी से उनकी पत्नी बेबी देवी को उपचुनाव पूर्व मंत्री बनाया गया था। उनकी भी जीत हुई थी। ये बात अलग है कि बेबी देवी मंत्री रहते 2024 के चुनाव में जयराम कुमार महतो से हार गयीं। अब तीसरी बार मंत्री रामदास सोरेन के निधन से घाटशिला सीट खाली हुई है, तो झामुमो ने ऐसा नहीं किया।

## मंत्री बनाने की बात कहां दब गयी

सोमेस को मंत्री बनाये जाने की चर्चा जोरों पर थी। इस बीच में स्व. रामदास सोरेन के परिवार की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात भी हुई थी। झामुमो परंपरा को निभाते हुए सोमेस को मंत्री जल्द बनाया जायेगा, ऐसा माना जा रहा था। आजकल होते-होते चुनावी घोषणा हो गयी। अब मंत्री बनाया जाना संभव ही नहीं है। आखिर पार्टी ने इस बात को क्यों दबा दिया। सूत्रों की मानें तो पार्टी में आपसी सहमति नहीं बन पाने के कारण सोमेस को मंत्री नहीं बनाया गया। दरअसल हफीजुल हसन अल्पसंख्यक समाज से आते हैं। अल्पसंख्यकों का वोट देखा जा रहा था। वहीं, बेबी देवी को जनता की सहानुभूति और महतो वोट समेटने के लिए लाया गया था। घाटशिला की परिस्थिति दूसरी है। यह सीट आरक्षित है। आदिवासी बहुल




इस क्षेत्र में झामुमो की पकड़ अच्छी है। माना जा रहा है कि जो भी झामुमो से उम्मीदवार होगा, उसका हाथ उपर रहेगा। लिहाजा सोमेस को मंत्री बना कर चुनाव में उतारना कोई जरूरी नहीं था। रामदास सोरेन अपने कामों और जमीन से उठे नेता होने के कारण क्षेत्र में पकड़ थी, इस बात को नाकारा नहीं जा सकता है, लेकिन पार्टी में आदिवासी नेता के रूप में खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत पूर्वी सिंहभूम क्षेत्र से कई नेता हैं। मौजूदा में बहरागोड़ा से समीर मोहंती, पोटका से संजीव सरदार, जुगसलाइ से मंगल कालिंदी जैसे विधायक हैं, जो दूसरी बार के विधायक हैं। उनके अलावा भी कई अन्य वरिष्ठ विधायक हैं। अगर ऐसे में सोमेस को मंत्री बना दिया जायेगा, तो संभव है कि पार्टी में नारजगी बढ़े। इसलिए इसे टाल दिया गया। चर्चा तो यही है कि अगर सोमेस उम्मीदवार बनते और जीत जाते हैं, तो भी मंत्री पद पाना आसान नहीं होगा।

## टिकट मिलेगा या कटेगा, बतायेगा वक्त

झामुमो ने अभी अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। रेस में रामदास सोरेन के पुत्र सोमेस सोरेन सबसे आगे हैं। हालांकि मंत्री नहीं बनाये जाने के बाद अब यह भी चर्चा होने लगी है कि टिकट कटेगा या मिलेगा। सूत्रों की मानें तो घाटशिला सीट पर उपचुनाव में झामुमो में दावेदारों की कमी नहीं है। अंदरखाने में दमखम दिखाने वाले कई नेता लगे हुए। सोमेस को झामुमो का उम्मीदवार तय माना जा रहा है, लेकिन राजनीति में परिस्थिति के साथ चीजें बदलती हैं। पार्टी रणनीतिकार आकलन करने में लगे हैं। जबाब जल्द ही उम्मीदवार घोषणा के साथ मिल जायेगा, पर तब तक संशय बना रहेगा, इस बात को नकारा भी नहीं जा सकता है।

# चंपाई सोरेन जब संघर्ष कर रहे थे तब कुणाल षाडंगी का जन्म तक नहीं हुआ था: चंडीचरण

**घाटशिला उपचुनाव का बिगुल बजते ही 'हॉट टॉक' शुरू**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के साथ ही भाजपा और झामुमो नेताओं के बीच एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। बयानबाजी की शुरूआत घाटशिला में झामुमो की ओर से रविवार को आयोजित कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर से हुई थी। झामुमो प्रवक्ता और बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने मंच से भाजपा नेता सह पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जोरदार हमला किया था। कुणाल षाडंगी के बयान से नाराज भाजपा नेताओं ने अब उनके खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एक के बाद एक तीखा हमला किया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष चंडीचरण साव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झामुमो प्रवक्ता कुणाल षाडंगी पर जोरदार हमला बोला है। चंडीचरण साव ने कहा कि चंपाई सोरेन पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता हैं। झारखंड अलग राज्य निर्माण के अग्रणी आंदोलनकारी में चंपाई सोरेन को जाना जाता है। चंपाई सोरेन जैसे नेताओं के संघर्ष ओर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के इच्छाशक्ति से झारखंड राज्य का निर्माण संभव हुआ था। चंपाई सोरेन जब संघर्ष कर रहे थे तब कुणाल षाडंगी का जन्म तक नहीं हुआ था।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कुणाल षाडंगी के उस बयान पर कहा कि जब शिबू सोरेन दिल्ली के अस्पताल में भर्ती थे तब चंपाई सोरेन उन्हें देखने नहीं गये। इसपर पलटवार करते हुए कहा कि कुणाल पहले यह बतायें कि उनके अपने चाचा द्विजेन षाडंगी जब मुंबई के अस्पताल में जीवन और मौत से जूझ रहे थे तब उन्होंने क्या किया था। कुणाल के पिता डॉ दिनेश षाडंगी, द्विजेन षाडंगी की मेहनत के ही बूते दो बार विधायक बने थे। अपने चाचा को ही कुणाल ने कितना देखा, इसका जवाब दें। उन्होंने कहा कि कुणाल सोशल मीडिया पर भारत मां के खिलाफ और पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट करते हैं। सभा में पूछते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर बनने से क्या पेट भर जायेगा। वह धर्म विरोधी बयानबाजी करते हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि यदि कुणाल को भाजपा से इतनी ही नफरत थी तो क्यों पार्टी में शामिल हुए थे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा से चुनाव लड़ते हुए कुणाल 60 हजार वोट से हारे थे। दरअसल यह पार्टी कि नहीं बल्कि कुणाल षाडंगी के व्यक्तिगत छवि की हार थी। बीते विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए कुणाल षाडंगी ने बहरागोड़ा में रथयात्रा निकाल विधायक समीर महंती के खिलाफ अनगिनत बयानबाजी की थी। बाद में उसी समीर के पीछे-पीछे वह घूमने लगे। हद तो तब हो गयी थी जब रांची में पत्रकारों ने समीर मोहंती से पूछा था कि यदि टिकट उन्हें मिलेगा तो कुणाल क्या करेंगे, इस पर समीर मोहंती ने झट से जवाब दिया था कि झंडा लेकर मेरे पीछे-पीछे घूमेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि कुणाल का कोई आत्मसम्मान नहीं बचा है। कुणाल षाडंगी पांच मिनट में बयान ही नहीं बल्कि पार्टी भी बदल लेते हैं। वह चापलूसी करने के लिए इस तरह कि बयानबाजी करते हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष सौरव चक्रवर्ती ने भी झामुमो प्रवक्ता कुणाल षाडंगी पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए कहा कि चंपाई सोरेन उनके पिता के उम्र के लीडर हैं। चंपाई सोरेन के खिलाफ बोलने से बेहतर होता कि कुणाल षाडंगी मुद्दों पर बात करते। कुणाल षाडंगी को यह बताना चाहिए कि छह साल से सत्ता में होने के बावजूद उनकी पार्टी ने घाटशिला विधानसभा का कितना विकास किया है। यह बतायें कि घाटशिला मुख्य सड़क की स्थिति क्या है। रोजी-रोजगार, पर्यटन, स्वास्थ्य की क्या स्थिति है। सौरव ने कहा कि झामुमो के लोग पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के घाटशिला में सक्रिय होने से घबरा गये हैं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश साव, जिला महामंत्री हराधन सिंह, सत्या तिवारी, जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह, हेमंत नारायण देव, मंत्री गौर चंद्र पात्र, ब्रजेश, मंटू सिंह, सुबोध सिंह, देवांशु उपस्थित थे।

AYODHYA
The Land Of RAMA




## प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में
## दक्षिण भारत के प्रमुख संतों



की

# प्रतिमाओं का अनावरण



8 अक्टूबर, 2025 | अपराह्न 4:00 बजे | बृहस्पति कुण्ड स्थल, अयोध्या

द्वारा

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**निर्मला सीतारामन**
मंत्री, वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य, भारत सरकार

गरिमामयी उपस्थिति

**सुरेश कुमार खन्ना**
मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश

**सूर्य प्रताप शाही**
मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, उत्तर प्रदेश

**जयवीर सिंह**
मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति, उत्तर प्रदेश

**रोली सिंह**
अध्यक्ष, जिला पंचायत, अयोध्या

**गिरीश पति त्रिपाठी**
महापौर, अयोध्या

**वेद प्रकाश गुप्ता**
विधायक, अयोध्या

**रामचन्द्र यादव**
विधायक, रुदौली

**चन्द्रभानु पासवान**
विधायक, मिल्कीपुर

**डॉ. अमित सिंह चौहान**
विधायक, बीकापुर

**अभय सिंह**
विधायक, गोसाईगंज

**हरिओम पांडेय**
सदस्य, विधान परिषद

## सांस्कृतिक कार्यक्रम

- दक्षिण भारत के 39 प्रसिद्ध संगीतकारों की प्रस्तुतियां
- दक्षिण भारतीय भाषाओं में कर्नाटक संगीत की प्रस्तुति
- जटिल राग और ताल के मणिकांचन संयोग का अद्भुत प्रदर्शन
- मृदंगम, कंजीरा, घाटम एवं मोर्सिंग का विलक्षण वाद्य संयोजन

अपराह्न 4:30 बजे | पीएफसी लॉन, श्री राम जन्मभूमि मंदिर

**लाइव प्रसारण** DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh

UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP

## दो दुकानों से हुई लाखों की चोरी

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के सतगावां थाना अंतर्गत बासोडीह बस स्टैंड के पास सोमवार रात दो दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इनमें एक मोबाइल दुकान और एक नाश्ते की दुकान शामिल है। घटना में चोर लाखों रुपये के मोबाइल, घड़ियां और नगदी लेकर फरार हो गये। निरंजन मोबाइल केयर नामक दुकान में लाखों रुपए के सामान की चोरी हुई है। दुकान संचालक निरंजन कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह दुकान खोलने पर सारा सामान बिखरा मिला। दुकान के पिछले हिस्से में खपरैल की छत टूटी हुई थी, जिससे चोरों ने प्रवेश कर घटना को अंजाम दिया। चोरों ने कीमती मोबाइल फोन, हेडफोन, चार्जर, बैटरी और घड़ियां चुरा लीं। निरंजन कुमार के मुताबिक चोरी हुए सामान की अनुमानित कीमत दो लाख रुपये से अधिक है। उन्होंने सतगावां थाना को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वहीं चोरी की दूसरी घटना बासोडीह बस स्टैंड के पास स्थित सोनू कुमार की चाय-नाश्ते की दुकान में हुई। चोरों ने होटल का पिछला दरवाजा तोड़कर खाने-पीने का सामान और गल्ले में रखा नकदी की चोरी कर ली। मामले को लेकर मोबाइल दुकानदार निरंजन कुमार के द्वारा थाने में लिखित शिकायत की गयी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे की जांच कर चोरों को पता लगाने में जुट गयी है।

# टाटीझरिया के दुधमटिया में लगा वन महोत्सव

### पर्यावरण मेला में उमड़ी भीड़
### हजारों लोगों ने लिया जंगल बचाने का संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** टाटीझरिया प्रखंड के दुधमटिया में मंगलवार को भव्य वन महोत्सव और पर्यावरण मेला का आयोजन किया गया। एनएच-522 पर आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों महिला, पुरुष और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जंगल और वन्य जीवों की रक्षा का संकल्प लिया। लोगों ने पेड़ों को चुन-चुनकर रक्षा सूत्र बांधे और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत वन्य प्राणी सुरक्षा समिति टाटीझरिया के सदस्यों और ग्रामीणों द्वारा वन देवी और पेड़ों की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद मौन धारण कर पर्यावरण के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गयी। स्कूली बच्चों ने गीत, नाटक, नुक्कड़ नाटक और क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से पेड़ों और जीव-जंतुओं के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग और वन्य प्राणी सुरक्षा समिति टाटीझरिया के संयुक्त प्रयास से किया गया था, जिसकी देखरेख पर्यावरणविद महादेव महतो ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश यादव ने की, जबकि संचालन मनीष चौधरी और सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया।

पर्यावरणविद महादेव महतो ने कहा कि पेड़ों का रक्षाबंधन जन आंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि जंगल और जीव-जंतुओं को बचाना मानवता के अस्तित्व के लिए अनिवार्य है। उन्होंने सभी को हर साल इस पर्व में शामिल होने का आग्रह किया।

**महादेव महतो की अनवरत पहल :** पर्यावरणविद और शिक्षक महादेव महतो ने बेरहों और आसपास के गांवों में पर्यावरण बचाने की मुहिम शुरू की थी। उन्होंने पेड़ लगाने और उनकी रक्षा के लिए लोगों को संगठित किया। आज उनके प्रयास से यह अभियान झारखंड ही नहीं, कई राज्यों तक फैल चुका है। उन्हें राष्ट्रपति भवन में सृष्टि सम्मान (6 मार्च 2017) और मुख्यमंत्री के हाथों झारखंड सम्मान (13 नवंबर 2017) सहित कई पुरस्कार मिल चुके हैं।

**सफल आयोजन में कई लोगों का योगदान :** इस मेले की तैयारी पिछले एक माह से चल रही थी। आयोजन को सफल बनाने में मुखिया सुरेश यादव, रविंद्र यादव, योधी यादव, सुरेंद्र सिंह, परमेश्वर यादव, मनीष चौधरी, डॉ. खेमलाल महतो, अनिल अग्रवाल, प्रभारी वनपाल संजीत रविदास सहित अनेक लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वन महोत्सव और पर्यावरण मेला ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि जब समाज, प्रशासन और पर्यावरणप्रेमी एकजुट हों, तो प्रकृति संरक्षण एक जन आंदोलन बन सकता है।



### विष्णुगढ़ से आया पैदल जत्था

विष्णुगढ़ से एक दर्जन से अधिक पर्यावरणप्रेमी मंगलवार को करीब 27 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर दुधमटिया पहुंचे। सुरेश राम की अगुवाई में निकले इस जत्थे का डीवीसी अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। रास्ते में कई पंचायों ने उनका अभिनंदन किया और भोजन-पानी की व्यवस्था की।

### नेताओं और पर्यावरणविदों ने किया संबोधित

मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि बेटी और वन दोनों जीवन के आधार हैं। बेटी से वंश चलता है और जंगल से जीवन। उन्होंने सभी से जंगल और पेड़ों की रक्षा करने की अपील की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, सीएफ ममता प्रियदर्शी, डीएफओ विकास उज्ज्वल, रेंजर सुरेश राम और अन्य अधिकारियों ने भी लोगों को संबोधित किया। डीएफओ उज्ज्वल ने बताया कि दुधमटिया की तर्ज पर राज्य के 1200 जंगलों में रक्षाबंधन सह वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

### 31 वर्षों से हो रहा है आयोजन

दुधमटिया में पर्यावरण मेला का आयोजन वर्ष 1995 से लगातार किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत 7 अक्टूबर 1995 को महादेव महतो, बद्री महतो, इंदु महतो, छक्कन यादव, योधी यादव, मूलचंद ठाकुर और अमृत महतो जैसे समाजसेवियों ने की थी। इससे पहले 1987 में बेरहो गांव में पहली बार यह पहल शुरू हुई थी, जो आज एक बड़ा पर्यावरण जन आंदोलन बन चुका है।

## मंदिर में गायत्री हवन यज्ञ का आयोजन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। शरद पूर्णिमा के मौके पर राम जानकी मंदिर में गायत्री हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। गायत्री परिवार के नवनिर्वाचित प्रखंड समन्वयक पिंटू गुप्ता ने किया। जिला समन्वयक रामनाथ जी ने मंत्र उच्चारण कर हवन करवाया। रामनाथ जी ने कहा कि दूध, दही, घी और शहद को मिलाकर गायत्री मंत्रों के साथ हवन करने से चेचक, आंखों के रोग और पेट के रोग समाप्त हो जाते हैं। गायत्री मंत्रों के साथ नारियल का चूरा और घी का हवन करने से शत्रुओं का नाश हो जाता है। नारियल के चूरे में यदि शहद का प्रयोग किया जाये तो सौभाग्य में वृद्धि होती है। पिंटू गुप्ता ने कहा कि हर महीने गायत्री हवन यज्ञ होने से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। गलत रास्ते में भटकने वाले किशोर और युवा वर्ग नैतिक, सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक कार्यों में जुड़कर नये समाज का निर्माण करते हैं। इसीलिए यहां पर हर महीने पूर्णिमा के दिन गायत्री हवन यज्ञ कराया जाता है। मौके पर पिंटू गुप्ता, पुजारी चिंतामणि महतो, गायत्री देवी, तुलेश्वर महतो, अंतू महतो, राजीव सिंह, हरिनाथ राम, प्रीतम महतो, बीना देवी, पार्वती देवी, आक्षिका देवी, प्रतीक्षा रानी, मीना देवी, मोनिका गुप्ता, रेनू देवी, झरना देवी, मंजू देवी, ममता देवी, वीणा देवी, मीना देवी (द्वितीय ), सुनीता देवी, कपूर देवी, सुमित्रा देवी, निरंजन प्रसाद ने भाग लिया।

## खेल के माध्यम से ही खिलाड़ी अपना भविष्य को उज्ज्वल बना सकते है : अग्नेशिया सांडी



चरही (आजाद सिपाही)। चुरचू प्रखण्ड के चुरचू पंचायत अंतर्गत ग्राम लारा टोला बालीडीह में झरना झारखंड ट्रस्ट व संगम क्लब बालीडीह के तत्वाधान में दो दिवसीय फाइनल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन मुख्यातिथि पूर्व जीप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति व विशिष्ट अतिथि पूर्व मांडू विधानसभा विधायक प्रत्याशी आनंद सोरेन, चुरचू मुखिया पूनम बेसरा, चुरचू पूर्व उपमुखिया सहदेव किस्कु, आंगो मुखिया प्रतिनिधि मोहन हेम्ब्रोम, झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हंसदा, चरही पूर्व मुखिया महादेव सोरेन व बालीडीह मांझी हड़ाम कैलू मांझी ने संयुक्त रुप से फिता काटकर फुटबॉल किक मारकर मैच का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट में 12 टीमों ने भाग लिया था जिसमें फाइनल मैच कसियाडीह बनाम बालीडीह के बीच खेला गया। जिसमें कसियाडीह ने बालीडीह को 1–0 से पराजित किया। मौके पर विजेता टीम कासियाडीह को पंद्रह हजार और उपविजेता टीम को दस हजार सहित तृतीय महुवाटांड़ की टीम को चार हजार देकर संम्मानित किया गया। ट्रस्ट के द्वारा सभी विजेता व उपविजेता टीम को शिल्ड, मेडल व प्रसस्ति पत्र व गांव के नृत्य मंडली और गांव में मांझी हड़ाम, जोगवा, परानिको को संम्मानित किया गया। मुख्यातिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कम संसाधन के बावजूद भी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे है उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से ही खिलाड़ी अपना भविष्य को उज्ज्वल बना सकते है। पूर्व मांडू विधानसभा विद्यायक प्रत्याशी सह झरना झारखंड ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद सोरेन ने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो प्रतिभावन खिलाड़ियों को खेल जगत में बढ़ावा देना है ताकि खेल को खिलाड़ी अपना लक्ष्य मान सके। इस अवसर पर झरना झारखंड ट्रस्ट के सचिव बिशुन मुर्मू, कोषाध्यक्ष प्रकाश टूडू, सदस्य में अर्जुन टूडू, विकास टूडू, बाबूचंद हंसदा, प्रकाश सोरेन, गुरुदयाल हंसदा, बिकी डांग मेटी सदस्य में अमरजीत टुडू, सुनील टुडू, संतोष टुडू, अर्जुन टुडू, जिम्मी टुडू, कैली मांझी, रामू टुडू, सावन टुडू, बहराम टुडू, टाइगर टुडू, छोटेलाल टुडू, सुरेंद्र टुडू, हिमांशु टुडू, धीरज मुर्मू, दीपक मुर्मू, मिहीलाल टुडू, फिनीलाल मुर्मू, सुरेश टुडू, शिकार मुर्मू, धीरज मुर्मू, बबलू टुडू, रामजी टुडू, बालेश्वर टुडू, अमित मुर्मू मौजूद थे।

## चालक मंजूर आलम को इंसाफ नहीं मिला तो, जनता का पुलिस से उठ जायेगा भरोसा: खालिद खलील



कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा जिला बल में चालक पद पर प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मी मंजूर आलम अंसारी सुसाइड मामले में आरोपी पुलिस वाले की अब तक विभागीय कार्रवाई के तहत सस्पेंड नहीं किए जाने पर परिजनों और समाजसेवियों समेत मुस्लिम संगठनों में आक्रोश है। कोडरमा के वरिष्ठ समाजसेवी सह साझा मंच के संयोजक खालिद खलील ने आरोपी सभी पुलिस कर्मियों को अविलंब सस्पेंड करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मृतक चालक पुलिसकर्मी ने डेथ बिफोर डिक्लेयर के तहत जिम्मेवार पुलिस कर्मियों का नाम वीडियो में लिया था, यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। बाबजूद आरोपी पुलिस पदाधिकारियों को सस्पेंड नहीं किया गया। जबकि मृतक के डेथ बिफोर डिक्लेयरेशन वीडियो के सामने आने के फौरन बाद सस्पेंड किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि आरोपी पुलिस वालों को लाइन हाजिर करने से मृतक को इंसाफ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि मामला काफी संगीन है और पीड़ित और आरोपी दोनों ही पुलिस विभाग से है। यह मुमकिन है कि बड़े पद पर होने के कारण आरोपी पुलिस वालों को एफआईआर दर्ज होने के बाद जांच में क्लीन चिट दे दिया जाये। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच भरोसा कायम रहे, इसके लिए पुलिस कप्तान को निष्पक्ष जांच और आरोपी पुलिसवालो का जांच में इन लोगों के प्रभाव के संदेह को दूर करने के लिए अबिलम्ब सस्पेंड किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चालक मंजूर आलम के परिजनों को इंसाफ नही मिला तो लोगों का पुलिस से भरोसा खत्म हो जायेगा। पूरे मामले में पहले सभी आरोपी पुलिस पदाधिकारियों को सस्पेंड किया जाए, ताकि जांच निष्पक्ष हो और सबूतों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं हो। साथ ही मांग की गयी कि मामले की जांच दूसरे जिले या रेंज की पुलिस को सौंपी जाये, ताकि स्थानीय प्रभाव और संदेहास्पद स्थितियों में आरोपी पुलिसकर्मियों का प्रभाव ना हो और निष्पक्षता बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि आरोपी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड नही किया गया तो, इसका मतलब साफ है कि पुलिस वालों को बचाने की कोशिश हो रही है। इसलिए पुलिस पर इकबाल बना रहे, इसके लिए अबिलम्ब आरोपी पुलिस कर्मियों को सस्पेंस किया जाये।

## पुलिस चालक की आत्महत्या का मामला

# डोमचांच, जयनगर थाना और सपही पिकेट प्रभारी समेत चार आरोपित पुलिस पदाधिकारी लाइन हाजिर

### जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह और डोमचांच थाना प्रभारी अभिमन्यु कुमार बनाये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस महकमा में चालक मंसूर आलम आत्महत्या कांड मामले में एसपी अनुदीप सिंह ने बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई मृतक की पत्नी के आवेदन पर चंदवारा थाना में मामला दर्ज होने के बाद की है। इसमें जयनगर थाना प्रभारी बबलू सिंह, डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव, सपही पिकेट प्रभारी रमेश मुंडा और जयनगर में पदस्थापित एएसआइ अरविंद हांसदा को मंगलवार को एसपी के निर्देश पर प्रशासनिक दृष्टिकोण के मद्देनजर लाइन हाजिर कर दिया है। जबकि एसआइ अभिमन्यु कुमार को डोमचांच थाना प्रभारी और एसआइ उमानाथ सिंह को जयनगर थाना प्रभारी बनाये गये हैं। इनमें उमानाथ सिंह ने जयनगर थाना के रूप में पदभार संभाल लिया है।

**रांची में इलाज के दौरान हुई थी मौत :** बताया जाता है कि विषपान के बाद उन्हें इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया। रांची में इलाज के दौरान जवान आलम की एक अक्टूबर को मौत हो गई थी। वे जिला बल में ड्राइवर के पद पर कार्यरत थे।

**सोशल मीडिया में वीडियो हुआ था वायरल :** बताया जाता है कि मृतक जवान मंसूर आलम, जो कोडरमा जिला बल में चालक के पद पर कार्यरत था ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी थी। आत्महत्या से पहले उसने वीडियो बनाकर जयनगर और डोमचांच थाना प्रभारी समेत दो अन्य जवानों पर गंभीर आरोप लगाए थे। वीडियो में उसने साफ कहा है कि मानसिक प्रताड़ना और जबरन काम कराने के कारण ही उसने८ यह कदम उठाया। वीडियो में उसने बताया है कि झूठा रिपोर्ट कर निलंबन कराया गया है। निलंबन से भरण - पोषण का संकट उत्पन्न हो गया था।

**क्या कहते हैं एसपी**

एसपी अनुदीप सिंह से मामले में उनके मोबाइल पर संपर्क किया गया, तो कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला।






### क्या है पूरा मामला

बता दें कि पिछले तीन माह से निलंबित पुलिस के जवान मंसूर आलम ने विषपान कर आत्महत्या कर ली थी । आत्महत्या के पहले उन्होंने वीडियो सोशल मीडिया में डाल कर मौत का जिम्मेवार डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश और जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार समेत दो जवानों को ठहराया था। जानकारी के मुताबिक मृतक आलम काम में लापरवाही के आरोप में पिछले तीन माह से निलंबित थे। उनका वेतन रुका हुआ था। इससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस वजह से तंग आकर उन्होंने विषपान कर आत्महत्या कर ली। मृतक जवान डुमरी, गिरिडीह क्षेत्र के रहने वाले थे।

## हाइवा संगठन ने एक कोल कंपनी के कन्वेयर बेल्ट को 2 घंटे तक किया बंद



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में पिछले महीना से पर्यावरण क्लीयरेंस नहीं होने की वजह से हाईवा से कोयला ट्रांसपोर्टिंग बंद है। हाईवा से कोयला ट्रांसपोर्टिंग शुरू करने को लेकर हाईवा संगठन ने कई बार कंपनी से मिलकर हईवा से ट्रांसपोर्टिंग स्टार्ट करने की बात रखी परंतु नहीं सुनने पर अंततः मंगलवार को हाईवा संगठन के उपाध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में दर्जनों हाईवा मालिकों ने टीपी 8 के पास कन्वेयर से हो रहे कोयला ट्रांसपोर्टिंग को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक 2 घंटे रोक दिया। जिससे लाखों रुपये का कंपनी को नुकसान उठाना पड़ा। मौके पर हाईवा संगठन के उपाध्यक्ष पंकज कुमार ने कहा कि हम सभी आंदोलनरत हाईवा के मालिक कंपनी से मांग करते हैं कि पूर्व की भांति हम सभी हईवा मालिकों को रोजगार से जोड़कर कोयला ट्रांसपोर्टिंग करने का काम दिया जाये। साथ ही उन्होंने कहा कि हम लोग सभी हाईवा मलिक विस्थापित प्रभावित क्षेत्र से हैं और हम लोगों को यहां पर रोजगार नहीं मिलेगा तो हम लोग कहां जायेंगे। मौके पर कोल कंपनीके तरफ से आए अधिकारी एजीएम मनोज कुमार, बसंत बहेरा, कटकमदाग अंचल अधिकारी, सीआईएसएफ के कमांडेड उदय कुमार सुनील यादव सहित अन्य लोगों ने हाईवा संगठन के सदस्यों को एक सप्ताह के अंदर पर्यावरण क्लेरेंस कराकर कोयला ट्रांसपोर्टिंग शुरू करने का आश्वासन दिया तब जाकर हाईवा संगठन के लोगों ने कोयला ट्रांसपोर्टिंग कर रहे कन्वेयर बेल्ट को शुरू करने दिया। मौके पर मुख्य रूप से हाईवे संगठन के सचिव विनोद प्रसाद, राकेश मिश्रा, अभिनव उर्फ बिंटू, मोहित कुमार दांगी, प्रदीप कुमार, लखन साव, रोहित साव, सचिन कुमार, नरेंद्र राम, मोहम्मद नौशाद, पिंटू कुमार,गणेश कुमार, कौसर अली, प्रमोद यादव, रंजीत कुमार सहित दर्जनों की संख्या में हाईवे संगठन सदस्य शामिल थे।


## सड़क दुर्घटना में दो घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कठाडीह मोड के समीप मोटरसाइकिल और साइकिल की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार खेसकरी जयनगर निवासी 55 वर्षीय सगीर खान (पिता जहांगीर खान) साइकिल पर सवार होकर कठाडीह की ओर आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से कठाडीह निवासी 18 वर्षीय महफूज खान (पिता मस्कुरु खान) मोटरसाइकिल से हीरोडीह जा रहे थे। इसी क्रम में दोनों की आमने सामने टक्कर हो गयी। इस टक्कर में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद पंचायत समिति सदस्य बाबू खान ग्रामीणों के मदद से अपने निजी वाहन से घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया।

# ऑनलाइन खरीदारी ने दुकानदारों के चेहरे पर लायी मायूसी, बाजारों की रौनक हुई गायब

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है, लेकिन इस बार स्थानीय बाजारों की रौनक कुछ फीकी पड़ गयी है। इसका सबसे बड़ा कारण है ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ता क्रेज है। आज लगभग हर घर तक ऑनलाइन व्यापार पहुंच चुका है। अगर किसी के पास एक साधारण एंड्रॉयड मोबाइल फोन है तो मात्र चार क्लिक में मनचाहा सामान घर तक पहुंच जाता है। सुविधा जरूर बढ़ी है, लेकिन इसके चलते स्थानीय बाजारों की चमक कम होती जा रही है। एक समय था जब त्योहारों के अवसर पर शहर की गलियां ग्राहकों से गुलजार रहती थीं, दुकानों में रौनक रहती थी और व्यापारी भी खुश दिखते थे, पर अब यह नजारा बदल गया है। स्थानीय व्यापारियों और ग्राहकों से संवाद के दौरान यह बात साफ झलकती है कि ऑनलाइन व्यापार ने रिश्तों की उस गर्माहट को कम कर दिया है जो कभी दुकानदार और ग्राहक के बीच हुआ करती थी। मोबाइल सम्राट के संचालक सुरेश अग्रवाल बताते हैं कि ऑनलाइन खरीदारी अब हर घर तक पहुंच चुकी है, जिससे हमें मोबाइल बेचने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लोग दुकान पर आकर मोबाइल देखते हैं, जानकारी लेते हैं और फिर वही मॉडल ऑनलाइन ऑर्डर कर देते हैं। त्योहारों के मौसम में जो भीड़ पहले दुकानों में दिखाई देती थी, अब वह मोबाइल स्क्रीन में सिमट गयी है। कुछ ऐसे लोग भी हैं जो ऑनलाइन शॉपिंग के अनेकों कार्ड अपने पास रखे हुए हैं और जिसके जरिए खरीदारी कर रहे हैं। ग्राहक मनोज गुप्ता, जो समाजसेवा से जुड़े हैं, कहते हैं कि ऑनलाइन बाजार में जितना डिस्काउंट दिखता है, उतनी गुणवत्ता नहीं मिलती। लोग सस्ते दामों के पीछे भागते हैं लेकिन प्रोडक्ट की क्वालिटी पर ध्यान नहीं देते। कई बार डुप्लीकेट सामग्री ब्रांड के नाम पर थमा दी जाती है। उन्होंने कहा कि मैं आपके अखबार के माध्यम से हजारीबाग के नागरिकों से अपील करता हूं कि स्थानीय दुकानदारों से ही खरीदारी करें। स्थानीय दुकानदार आपको कभी ठगी नहीं करेंगे क्योंकि उनके साथ आपका विश्वास जुड़ा होता है। समाजसेवी विकास तिवारी ने कहा कि ऑनलाइन खरीदारी आसान तो है लेकिन इससे इंसानी जुड़ाव खत्म हो रहा है। कुछ वर्ष पहले तक एक कप चाय के साथ दुकानदार से मुलाकातें होती थीं, बातें होती थीं और रिश्ते बनते थे, पर अब वो दृश्य गायब हो रहे हैं। स्थानीय दुकानदार अपना घर तो चलाते ही हैं, उनके कर्मचारियों के भी घर चलते हैं। अगर हम उनसे सामान खरीदेंगे तो रोजगार की श्रृंखला बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों में ऑनलाइन खरीदारी से बचें और स्थानीय दुकानदारों से ही सामान लें ताकि हमारे अपने बाजार की रौनक फिर लौट सके। हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त सचिव नीरज अग्रवाल ने कहा कि मैं हजारीबाग की जनता से अपील करता हूं कि अपने आसपास के व्यापारियों से ही खरीदारी करें। जन्म से लेकर जीवन के अंतिम क्षण तक यही व्यापारी आपके साथ रहते हैं, आपके सुख-दुख में शामिल होते हैं। अगर आपके पास पैसे की कमी है तो वही दुकानदार आपको उधार तक दे देते हैं, लेकिन क्या यह सुविधा ऑनलाइन मिलती है? ऑनलाइन में पहले भुगतान करना पड़ता है, जबकि स्थानीय दुकानदार संबंधों के भरोसे पर व्यापार करते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय व्यापार से ही रोजगार बढ़ता है और शहर की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। बिजली घर नेक्स्ट के संचालक अंकित अग्रवाल ने कहा कि ऑनलाइन साइटें ऐसे डिस्काउंट दिखाती हैं जिनसे मुकाबला करना कठिन हो जाता है। ग्राहक ऑनलाइन कीमत देखकर दुकानों में मोलभाव करने लगते हैं, जबकि हमें दुकान का किराया, बिजली बिल और कर्मचारियों का वेतन देना पड़ता है। फिर भी हम ग्राहकों को बेहतर सेवा और भरोसे के साथ जोड़कर रखते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहक एक बार दुकान पर आकर देखें, उन्हें एहसास होगा कि स्थानीय व्यापारियों की सेवा और विश्वसनीयता कहीं और नहीं मिल सकती। वही कपड़ा व्यापारी ने बताया कि ऑनलाइन के अनेकों प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव से स्थानीय कपड़ा बाजार बुरी तरह प्रभावित हो गया है। भाड़ा, बिजली और कर्मचारियों का खर्च बढ़ता जा रहा है, जबकि ग्राहकी में लगातार गिरावट आ रही है।




## एसपी का सख्त निर्देश : जिले में अवैध कोयला, बालू और पत्थर खनन पर पूरी तरह रोक लगायें थाना प्रभारी




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने मंगलवार को जिले के पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारियों संग बैठक की। बैठक में जिले को क्राइम मुक्त बनाने के लिए दिशा निर्देश दिया। कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षेत्र में गस्ती बढ़ाने और विधि व्यवस्था बनाये रखने में सजग रहे। इसके अलावा महिला प्रताड़ना, हिंसा और अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। वर्ष 2025 के पूर्व जितने भी कांड लंबित है उन सभी कांडों को प्राथमिकता के आधार पर अविलंब निष्पादन करने को कहा। सभी थानों में जितने भी जमानती और गैरजमानती वारंट, इश्तेहार और कुर्की– जब्ती हेतु लंबित है उसे एक विशेष अभियान चलाकर निष्पादन करने को कहा। सिविल कोर्ट के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। नशाखोरी के पदार्थ खरीद–बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया। संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों और साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सीसीए और एनएसए के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने को कहा। इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी एवम जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया। सभी थाना प्रभारी को साइबर से संबंधित जितने भी कांड लंबित है उसे प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करते हुए उसमें शामिल अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में एएसपी अमित कुमार, एसडीपीओ अमित आनंद, सीसीआर डीएसपी मनोज सिंह, विष्णुगढ़ डीएसपी बैजनाथ प्रसाद, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति समेत जिले के सभी पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## मौसम का मिजाज बदलने से कोहरा छाया

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड में इन दिनों मौसम बदल रहा है. धीरे–धीरे ठंड ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। गुलाबी ठंड का एहसास लोगों को होने लगा है। बड़कागांव प्रखंड और आसपास के क्षेत्र में 6 अक्टूबर और 7 अक्टूबर के अहले सुबह कोहरा 8:30 बजे तक छाया रहा। जिससे मौसम में खासा बदलाव आ गया है। सुबह के समय गुलाबी ठंड का दौर शुरू हो गया है। तापमान में हॉले – हॉले (धीरे–धीरे) गिरावट आ रही है। जहां सुबह और शाम को ठंड का अहसास हो रहा है, तो वहीं दोपहर में तेज धूप खिली रहती है। क्षेत्र में कभी गर्मी कभी ठंड की वजह से लोगों कि सेहत पर असर पड़ रहा है। डॉक्टरों की निजी क्लिनिकों में सर्दी खांसी के मरीजों की भीड़ देखी जा रही है।

## कोल माइंस खदान के लिए पर्यावरणीय लोक जनसुनवाई आज, तैयारी पूरी



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के टोकीसुद गांव के महुआटोला के पास टोकीसुद टू नाम से कोल माइंस खुलने की प्रक्रिया जोर शोर से चल रही है। इसी को लेकर आज 8 अक्टूबर दिन बुधवार को महुआटोला प्राथमिक विद्यालय के पास पर्यावरणीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके लिए विशाल पंडाल निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार और झारखंड सरकार के सहमति से ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी को इस कोल ब्लॉक का आवंटन हुआ है। इसके तहत करीब दो सौ हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होगा। इसमें करीब 30 हेक्टेयर भूमि रैयती और 170 हेक्टेयर भूमि जंगल झाड़ी और गैर मजरूआ खास किस्म की भूमि है। कंपनी के लोग बताते है कि कंपनी इस कोल माइंस से प्रति वर्ष डेढ़ मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखी है। जिसे रेलवे के माध्यम से फैक्ट्रियों में भेजा जायेगा। कोल माइंस से रेलवे साइडिंग तक की कोयले की ढुलाई कंपनी अपने हाथों में रखेगी ताकि प्रदूषण का पूरा ख्याल रखा जा सके। जनसुनवाई में विस्थापित परिवार के सदस्य व कोल कंपनी के अधिकारी, प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## ओरला चोरी कांड को लेकर जनप्रतिनिधि और पीड़ित मिले एसपी से

कुजू (आजाद सिपाही)। ग्राम ओरला में विजयादशमी की शाम दो घरों में हुए भीषण चोरी कांड के खुलासा की मांग को लेकर जनप्रतिनिधि व पीड़ितों ने मंगलवार को रामगढ़ एसपी से मुलाकात की। आयोजित मुलाकात जिला परिषद सदस्य दयामंति देवी की अगुवाई में हुई। जिसमें पीड़ित अनिल प्रसाद और प्रेम प्रसाद ने एसपी अजय कुमार को ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपते हुए घटना की जानकारी दी। साथ ही, दोनों के घरों में हुए भीषण चोरी कांड का खुलासा जल्द से जल्द करने की मांग की। पीड़ित प्रेम प्रसाद और अनिल प्रसाद ने एसपी को बताया कि चोरी की घटना को करीब एक सप्ताह होने को है, लेकिन अभी तक कोई कारगार कार्यवाही नहीं हो पायी है। करीब एक साल पूर्व भी क्षेत्र के व्यवसायी ब्रजकिशोर प्रसाद के आवास पर दिनदहाड़े भीषण डकैती हो चुका है। जिसका खुलासा अबतक नहीं हो सका है। क्षेत्र में बार बार ऐसी घटना होना, चिंताजनक है। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि 10 दिनों के अंदर मामले का उद्भेदन नहीं होने की स्थिति पर ग्रामवासी थाना का घेराव को बाध्य होंगे। वहीं, एसपी ने जल्द ही मामले का खुलासा कर दोषियों को जेल के सलाखों में भेजने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधि मंडल में जिप प्रतिनिधि ज्योतिष प्रसाद साहू, मुखिया प्रतिनिधि निर्मल करमाली, पीड़ित अनिल कुमार व प्रेम कुमार शामिल रहे।

## अदावीकृत जमा राशियों के शीघ्र निपटान के लिए हुआ विशेष अभियान का शुभारंभ



चतरा (आजाद सिपाही)। ग्राहकों की सुविधा और बैंकिंग व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अदावीकृत जमा राशियों के त्वरित निपटान हेतु एक विशेष अभियान की शुरुआत की गयी है। इस अभियान का शुभारंभ उपायुक्त कीर्तिश्री द्वारा आज समाहरणालय में आयोजित समारोह के दौरान किया। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, चतरा, विकास भवन शाखा प्रबंधक सहित बैंक के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। यह विशेष अभियान 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक जिले की सभी शाखाओं में चलाया जायेगा। इस अवधि में बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को उनके निष्क्रिय अथवा अदावीकृत खातों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी और आवश्यक सत्यापन के उपरांत संबंधित जमा राशियों का शीघ्र निपटान किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने बैंक ऑफ इंडिया की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह ग्राहकों के जनहित में एक सराहनीय कदम है। इससे न केवल ग्राहकों को अपनी पुरानी जमा राशियां प्राप्त करने में सुविधा होगी, बल्कि बैंकिंग तंत्र में पारदर्शिता और विश्वास भी मजबूत होगा। वहीं अग्रणी जिला प्रबंधक, चतरा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत बैंक अपने सभी ग्राहकों से संपर्क कर उनके अदावीकृत खातों की स्थिति की जानकारी साझा करेगा, ताकि कोई भी राशि लंबित न रहे। उन्होंने आमजनों से अपील किया कि वे अपने पुराने खातों या जमा राशियों की जानकारी के लिए निकटतम शाखा से संपर्क करें। कार्यक्रम के अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक, चतरा ने उपायुक्त सहित सभी उपस्थित अधिकारियों और बैंक कर्मियों का आभार व्यक्त किया और इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प दोहराया।

## भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू को रामगढ़ में किया गया सम्मानित



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। झारखंड के प्रदेश भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर आदित्य साहू के मनोरंजन के बाद वैश्य समाज में हर्ष का माहौल है। रामगढ़ में मंगलवार को झारखंड वैस समाज के द्वारा आदित्य साहू को सम्मानित किया गया। श झारखंड वैश्य समाज के महासचिव रविंद्र साहू, कार्यकारी अध्यक्ष रवि साहू, केंद्रीय संगठन मंत्री शिव शंकर साहू, प्रवक्ता संतोष रंजन मोदी, बीजेपी के युवा नेता धनंजय कुमार उर्फ पुटुस, उमेश साहू, दिगंबर साहू, शिव प्रसाद साहू, विनय साहू, छोटू जी, बड़ू जी इत्यादि लोगों ने बुके देकर, शॉल और चुनरी ओढ़ा कर उन्हें सम्मानित किया। झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय महासचिव रविन्द्र साहू ने कहा कि भाजपा के द्वारा राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर वैश्य समाज भारतीय जनता पार्टी का आभार प्रकट करता है। झारखंड राज्य में वैश्य समाज की आबादी के अनुसार राजनीतिक दल वैश्य समाज को भागीदारी देने का काम करती है। 27प्रतिशत आरक्षण के साथ हक और अधिकार की बात करती है तो वैश्य समाज एकजुट और एकमत होकर वैसे पार्टियों का पूर्ण रूप से सहयोग करेगी। किसी भी राजनीतिक पार्टियों को जिताने में 54प्रतिशत की आबादी वैश्य समाज का अहम भूमिका होती है। संगठन के एकजुटता का परिचय के द्वारा हम लोगों ने कई चुनाव में कई पार्टियों को समर्थन देकर विजय करवा कर साबित किया है। झारखंड वैश्य समाज राज्यसभा सांसद सह कार्यकारी अध्यक्ष के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगी। वैश्य समाज के कार्यकारी अध्यक्ष रवि साहू ने कहा कि कर्मठ और योग्य भाजपा के कार्यकर्ता आदित्य साहू जी को कार्यकारी अध्यक्ष का जिम्मेदारी सौंपने से झारखंड वैश्य समाज में हर्षोल्लास का माहौल है।

# विहिप जिला कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनायी गयी

**महर्षि वाल्मीकि एक जाति के नहीं, बल्कि सारे हिंदू समाज के श्रद्धा केंद्र हैं: मनोज पोद्दार**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला कार्यालय में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद् के प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष तिलक राज मंगलम, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार और जिला कार्यकारी अध्यक्ष अतुलेश सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों के लोग आमंत्रित थे। महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर एक-एक कर सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष तिलक राज मंगलम ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि विश्व के पहले कवि हैं। महर्षि वाल्मीकि 64 विद्या के ज्ञाता और श्रेष्ठ कुलोत्पन्न थे। रामायण महाकाव्य के वे रचनाकार हैं। रामायण के कारण ही भगवान श्रीराम के उदात्त, प्रेरक चरित्र की जानकारी हम सभी को प्राप्त हुई। सारे विश्व में रामायण का असीम, अमिट प्रभाव है। महर्षि वाल्मीकि आश्रम में सीता माता रहीं। वहीं लव-कुश का जन्म हुआ। उन्हें संस्कारित, प्रशिक्षित करने का कार्य महर्षि वाल्मीकि ने किया। लव कुश श्रीराम की सारी सेना को परास्त किया। वहीं प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार ने कहा महर्षि वाल्मीकि एक जाति के नहीं, बल्कि सारे हिन्दू समाज के श्रद्धा केन्द्र हैं। विहिप हिन्दू समाज को संगठित करने का काम करती है। सभी प्रकार के जातिगत भेदभाव, उच्च-नीचता, अस्पृश्यता मिटाने के लिए परिषद प्रयत्न करती है। भारत में पहले केवल चार वर्ण थे और कोई भेदभाव नहीं था। अस्पृश्यता की बीमारी तो इस्लाम के आक्रमण के बाद बढ़ गयी है। आक्रांताओं ने पराभूत हिन्दुओं को पकड़कर कहा, या तो इस्लाम स्वीकार करो या हमारे घर का मैला उठाओ। कुछ लोगों ने मैला उठाने का कार्य स्वीकार किया परंतु अपना धर्म नहीं बदला। आज हम उन्हे वाल्मीकि कहते हैं। आगे जिला कार्यकारी अध्यक्ष अतुलेश सिंह ने कहा कि वाल्मीकि समाज के गोत्र- राठौड़, चौहान, परमार, सोलंकी आदि हैं। यही गोत्र राजपूत क्षत्रियों के हैं। अनुसूचित जातियां और जनजातियां हमारे स्वतंत्रता सेनानी है। यह जातियां धर्म और देश के लिए लड़ी। उन्होंने अस्पृश्यता को स्वीकार किया परंतु अपना धर्म नहीं बदला। ये सारे धर्मयोद्धा हैं। समाज में सामाजिक समरसता आनी चाहिए, सभी भेदभाव, उच्च-नीचता समाप्त होनी चाहिए। इस अवसर पर जिला मंत्री छोटू वर्मा, जिला सत्संग प्रमुख संतोष सिंह, बिरजू गोयनका, विनय शर्मा, पिंकी देवी, चंपा सिंह, दिव्या कुमारी, बसंती देवी, सरस्वती देवी, गायत्री देवी, मंजू देवी, रागिनी देवी सहित अन्य शामिल थे।

# सौंदा डी दुर्गा मंडप में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भक्ति का उमड़ा सागर

**गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन और कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंगों ने किया भक्तों को भावविभोर**

आजाद सिपाही संवाददाता





भुरकुंडा। सौंदा डी दुर्गा मंडप प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचिका अदिति प्रिया जी बृंदावन ने रविवार को भगवान श्रीकृष्ण की अद्भुत लीलाओं का दिव्य वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान ने गजेंद्र को ग्राह से मुक्त कराया। इसके बाद समुद्र मंथन, वाराह अवतार, अम्बरीष चरित्र जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन हुआ। कथा का मुख्य आकर्षण कृष्ण जन्मोत्सव रहा। जब कथा वाचिका ने श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया, तो पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों ने फूलों की वर्षा कर उत्सव मनाया। संगीत में तबले पर रामगोपाल पाठक, कीबोर्ड पर सुदामा प्रसाद, हारमोनियम पर रितेश कुमार और आचार्य गौरव पांडेय का सहयोग रहा। मौके पर पूजा समिति के सचिव संजय यादव, दशरथ कुर्मी, अशोक शर्मा, मुखिया उपेंद्र शर्मा, अनिल सिंह, सुरेश खरवार, सुशील सिंह, कुमकुम देवी, राजगिरी चौधरी, संजय सिंह, उमेश साव, अरविंद साव, नीरज भट्ट, अशोक गुप्ता, राजू मेहता, अजीत जायसवाल, भोला राजभर, ओमप्रकाश ओझा, दीपक सिंह, उमेश रजक, दशरथ सिंह, संजय भारती, विक्रम सिंह यादव, रंजीत शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## तीन माह से खराब ट्रांसफार्मर

**कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कुंदा पंचायत के गंझू टोला कुसुंभा गांव में नब्बे दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पूरा गांव अंधेरा में डुबा हुआ है। जिससे आम आदमी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि 25 केवी ट्रांसफार्मर रहने से ज्यादा लोड होने के कारण हमेशा खराब हो जा रहा है। 63 केवी ट्रांसफार्मर लगने के बाद ही चल पायेगा इन्होंने ने बिजली विभाग के कर्मी को घोर लापरवाही बरतने का जिम्मेवारी ठहराया है और बिजली विभाग के अधिकारी काफी लापरवाह ही गये है जिसका खामियां आम आदमी को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग किया है। मौके पर महेंद्र गंझू, मणि गंझू, रामोतार गंझू, रामप्रीत गंजु, विजय भोक्ता, नीतीश कुमार, सुरेश गंझू,चरकू गंझू, बसंत भोक्ता भूपेंद्र गंझू , विनोद गंझू प्रमोद गंझू के अलावा कई लोग मौजूद थे।**

## नशा उन्नमूलन को लेकर जागरूकता अभियान




हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के निर्देशानुसार मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव के द्वारा नशा उन्मूलन को लेकर कल्याणपुर गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। उपस्थित लोगों से तंबाकू, सिगरेट, शराब सहित अन्य नशीली वस्तु के सेवन करने से होने वाला नुकसान के बारे बताया गया। खाशकर तंबाकू और सिगरेट सेवन से होने वाले कैंसर सहित अन्य घातक और जानलेवा विमारियों से बचने के लिए लोगो को जागरूक करने का काम किया गया। वहीं शराब के सेवन से लिवर, किडनी से संबंधित होने वाले बीमारियों के बारे में बताया गया। साथ में नालसा से संबंधित टोल फ्री नंबर15100 की जानकारी दिया गया चाइल्डलाइन हेल्प नंबर 1098 और पुलिस सहायता के लिए 112 और एंबुलेंस के लिए 108न. पर डायल कर तत्तकाल लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया।

## चितरपुर महाविद्यालय उर्दू विभाग में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। मौलाना आजाद नेशनल उर्दू विश्वविद्यालय के सहायक क्षेत्रीय निदेशक रीजनल डा. ऊमर फारूक (मानू) रांची ने रामगढ़ जिला में चलने वाले कई शिक्षण संस्थानों का दौरा किया। जिसमें प्रमुखता से एक घनी आबादी वाले ख्यति प्राप्त चितरपुर कालेज चितरपुर के शिक्षकों कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। पूजा की छुट्टी के बाद पहले दिन छात्र-छात्राओं की सभागार में उपस्थिति ठीक रही। ऊमर फारूक नें कालेज की प्रचार्या डा. संज्ञा ने संबोधित करते हुए कहा की महाविद्यालय मे नियमित रूप से पहुंच कर शिक्षा का अध्ययन कर रहे है शिक्षा की जानकारी दिया गया बेहतर पढ़ाई कर अपनी भविष्य को उज्जवल कर लाभ लेने का सुझाव दिया। कई तरह के प्रश्नोंतरी सवालों का जवाब भी दिया। महाविधालय की प्राचार्या और अन्य शिक्षकों के साथ मानू लर्निंग सपोर्ट सेंटर के कोडीर्नेटर डा.मंजूर अहमद ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन उर्दू प्रो शबाना अंजुम ने की। इस मौके पर प्राध्यापक सहित विभागीय छात्र-छात्राए मौजूद थे।

# राज्य स्तरीय कला उत्सव कार्यक्रम में जिले के छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन

**विद्यार्थी पढ़ाई के साथ कला और संस्कृति में भी आगे बढ़े : कुमारी नीलम**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार एवं शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नयी दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को जेसीइआरटी रांची में राज्यस्तरीय कला उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मूर्ति कला, स्वदेशी खेल खिलौना, सामूहिक पाईका लोक नृत्य, चित्रांकन, भारत नाट्यम, शास्त्रीय संगीत, कहानी वाचन, ड्रामा, दृश्य कला जैसे कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ जिला के बच्चों ने का शानदार प्रदर्शन रहा। जिले से कुल 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। स्वदेशी खेल खिलौना प्रतियोगिता में श्री नारायण उच्च विद्यालय बरकाकाना के ऋषि कुमार नायक ने राज्य भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इन्होंने बांसुरी बनाकर राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन सहित अतिथियों के उपस्थिति में बांसुरी बजाकर भी दिखाया।

**ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित:** एकल स्वर संगीत प्रतियोगिता में श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल की छात्रा धनवी कौशल ने दूसरा स्थान प्राप्त की। समूह वादन प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्र अनिरुद्ध प्रताप जायसवाल, विधि अग्रवाल, आदिव प्रसाद, अद्विक प्रसाद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि, समूह नाटक प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना के अभिषेक जॉर्ज, प्रणव भारती, प्रसिद्धि झा, रिद्धिमा ने तीसरे स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य स्तरीय कला उत्सव कार्यक्रम में रामगढ़ जिला के बच्चों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। यह जिला के लिए गौरव का क्षण हैं। बच्चे पढ़ाई के साथ कला और संस्कृति में भी आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर सरकार दे रही है। वहीं, जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार ने कहा कि बच्चों के अंदर बहुत प्रतिभा होती है। कला उत्सव कार्यक्रम हुनर और हमारी रुचि के अनुसार हम अपने जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। यह जीवन में बड़ा अवसर है। एडीपीओ नलिनी रंजन, एपीओ इप्शिता तिर्की, कुमार राज, कला उत्सव के नोडल शिक्षक राजकुमार नायक, नागेश्वर महतो लवली विनीता,मिथलेश कुमार रविदास, शिक्षिका सुमित्रा कुमारी, तजिंदर कौर, कविता करमाली, अनुपा पुष्पा तिर्की, रीना चौधरी, विनय कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## गोला में टाइगर जयराम महतो का स्वागत



गोला (आजाद सिपाही)। डुमरी विधायक जयराम महतो मंगलवार को रांची जाने के क्रम में थोड़ी देर के लिए गोला भारत पेट्रोल पंप के समीप एसके फैमिली रेस्टोरेंट में रुके। इस दौरान उनके आने की सूचना पर इंतजार कर रहे गोला प्रखंड क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने फुल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस बीच उन्होंने कहा कि विभिन्न विंदुओं पर चर्चा के लिए राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलने के लिए रांची जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली की जानकारी ली। साथ ही क्षेत्र में कार्यरत कार्यकर्ताओं की भी कुशलक्षेम जाना। मौके पर केंद्रीय महासचिव संतोष चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार चक्रपाणि, जिला महामंत्री मुख्तार अंसारी, सुनील कुमार महतो, देवेंद्र कुमार महतो, भागीरथ प्रजापति, कृष्णा महतो, गुलाम अंसारी, सहदेव महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## डीएवी आरा के कला उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन



कुजू (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल, आरा(कुजू) के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें शास्त्रीय एकल गायन में वेणु गोपाल मिश्रा को द्वितीय स्थान मिला। जबकि समूह गान में जयश्री मुखोपाध्याय, आर्या भारद्वाज, आयुषि उन्नति और हिमांशु को तृतीय स्थान और कला (खेल खिलौने) में कोमल और मौसमी ने द्वितीय स्थान हासिल की। विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर प्राचार्य आलोक कुमार ने सफल प्रतिभागी को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों को अपनी क्षमता का ज्ञान होता है। वहीं, विद्यालय के शिक्षक रविशंकर मिश्रा व सुजीत कुमार राय की भूमिका सराहनीय बताया। मालूम हो कि गत 26 सितंबर को गांधी स्मारक उच्च विद्यालय, रामगढ़ में झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता कराया गया था। जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## बाह्यश्रोत से प्रतिनियुक्त ट्रांसजेंडर हिमांशी को डीसी ने सौंपा नियुक्ति पत्र



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने और उन्हें विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर डीसी फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा कई दिशा निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में ट्रांसजेंडर समूह को मुख्य धारा से जोड़ने के तहत बड़ी पहल की गयी है। जिसके तहत डीसी द्वारा मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में बाह्यश्रोत से प्रतिनियुक्त ट्रांसजेंडर हिमांशी को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। ट्रांसजेंडर हिमांशी को जिला समाहरणालय में आदेश पाल के पद पर कार्य करने के लिए बाह्यश्रोत के माध्यम से प्रतिनियुक्त किया गया है। गौरतलब होकि डीसी द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा सभी ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए स्वयं सहायता समूह का भी निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर डीडीसी आशीष अग्रवाल, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, ट्रांसजेंडर समूह के लोगों सहित अन्य उपस्थित थे।

## अफीम की खेती की रोकथाम के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)। मंगलवार को थाना क्षेत्र के सिकिदाग पंचायत में मादक पदार्थ (अफीम) की खेती के रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत सिन्हा ने किया। इन्होंने ने आम लोगों से अफीम की खेती नहीं करने के लिए जागरूक किया क्योंकि इससे युवा पीढ़ी नशे की तरफ चले जाते है और नशा करके अपनी जिंदगी को बरबाद कर देते है, इस खेती से कई लोगों को जेल के सलाखों में जाना पड़ता है। केस दर्ज हो जाता है जिससे इनके घर परिवार में काफी परेशानी बढ़ जाती है। इस खेती से खेतों की मिट्टी बंजर हो जाती है जिसके बाद खेतों में उपजाऊ भूमि में खेती करना काफी मुश्किल होता है। मादक पदार्थ की खेती नहीं करने के लिए आम जनता को जागरूक किया गया। मौके पर सिकिदाग पंचायत मुखिया अनीता देवी, कुंदा थाना के थाना कर्मी स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका के अलावा कई ग्रामीण मौजूद थे।

## नवविवाहिता ने की आत्महत्या

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के डाहा गांव में सोमवार की शाम एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका सुरेंद्र यादव की 22 वर्षीय पत्नी नेहा कुमारी है। किसी बात को लेकर वह अपने ससुराल में अपने कमरे को बंद कर फांसी के फंदे से लटक गयी। कुछ देर उसका दरवाजा नहीं खुला तो घर वालों ने दरवाजा खुलवाने का काफी प्रयास किया। जब दरवाजा नहीं खुला तो दरवाजा तोड़कर उसके कमरे में प्रवेश किया तो उसका शरीर फंदे से लटका मिला। शव को बाहर निकाला गया और ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा एसआई अग्नि अघोत्री घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया।**


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/टीआरएस, इलेक्ट्रिक लोको शेड, इस्पातनगर, झारखण्ड-827010, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं. एवं निविदा सूचना सं.; निविदा सं.; कार्य का नाम; मात्रा; निविदा मूल्य; बयाना राशि:** (1) **ईएलआईएन/टीआरएस/बोगी-ओएच/डब्ल्यूएजी7/25-27/01, दिनांक 03.10.2025; ईएलआईएन-टीआरएस-बीओजी-ओएच-25-27-02;** इलेक्ट्रिक लोको शेड/इस्पातनगर के डब्ल्यूएजी7 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिवों की फैब्रिकेटेड को-को बोगी की दो वर्षों की अवधि के लिए ओवरहॉलिंग; 192 अदद बोगी; रु. 3,17,71,566.72; रु. 3,08,900। (2) **ईएलआईएन/टीआरएस/कैलिब्रेशन/इंस्ट्रूमेंट/01, दिनांक 06.10.2025; ईएलआईएन-टीआरएस-कैलिब्रेशन-01;** इलेक्ट्रिक लोको शेड/इस्पातनगर के विभिन्न मापक उपकरणों तथा यंत्रों की दो वर्षों की अवधि के लिए कैलिब्रेशन; निविदा अनुसूची के अनुसार; रु. 2,24,305.65; रु. 4,500। **शेड का नाम/स्थान:** दोनों के लिए इलेक्ट्रिक लोको शेड/इस्पातनगर, दक्षिण पूर्व रेलवे। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** दोनों के लिए शून्य। **अनुबंध अवधि:** क्रमांक 1 के लिए 24 (चौबीस) महीने तथा क्रमांक 2 के लिए 36 (छत्तीस) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए 29.10.2025 को 15.00 बजे। दोनों के लिए निविदा दस्तावेज का विवरण ई-निविदा पोर्टल एवं आईआरईपीएस वेबसाइट के यूआरएल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(PR-690)

# किधर जायेगा बिहार

बिहार के राजनीतिक दल चाहते थे कि राज्य में विधानसभा चुनाव लंबा न खींचा जाये। चुनाव आयोग ने उनकी बात मान ली। राज्य में दो चरणों में वोटिंग होगी - 6 और 11 नवंबर। 14 नवंबर को मतगणना के साथ बिहार में नयी सरकार की तस्वीर सामने होनी चाहिए, लेकिन राज्य में सियासत जिस तरह आकार ले रही है, वोटिंग तक कई उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं।

**एसआइआर का साया:** यह चुनाव Special Intensive Revision से जुड़े विवादों के साये में हो रहा है। जितनी जल्दबाजी और अधूरी तैयारियों के साथ यह प्रक्रिया शुरू की गयी, उससे विपक्ष को एक मौका मिल गया। एसआइआर को लेकर आयोग को बार-बार सफाई देनी पड़ी है और अब भी यह बड़ी चुनौती होगी कि जो लोग गड़बड़ियों की शिकायत लेकर आते हैं, उनकी सुनवाई संतोषजनक ढंग से हो जाये।

**जन सुराज की एंट्री:** पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार बिहार का चेहरा बने हुए हैं और यह चुनाव भी अलग होता नहीं दिख रहा। मूल सवाल यही है कि क्या नीतीश को एक और मौका जनता देगी? राज्य में एनडीए ने उन्हें आगे कर रखा है और महागठबंधन से सीधी टक्कर मिल रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए और महागठबंधन के बीच सीधा मुकाबला हुआ था - इस दफा समीकरण में प्रशांत किशोर की जन सुराज भी है, जो भ्रष्टाचार ओर पलायन का मुद्दा उठाये हुए हैं।

**बिहार चुनाव बदला होगा, इसकी आहट उन घोषणाओं से भी मिलती है, जो नीतीश सरकार ने की हैं। महिलाओं, दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए पहली बार इस पैमाने पर ऐलान किये गये हैं।**

**सुशासन को चुनौती:** मई 2014 से फरवरी 2015 के बीच के वक्त को छोड़ दिया जाये, तो 2005 से नीतीश कुमार सत्ता पर काबिज हैं। इस दौरान उन्होंने 9 बार शपथ ली और कई बार पाला बदला। गठबंधन के साथी बदलते रहने और कम सीटों के बावजूद सीएम वही बने। इसके पीछे उनकी अपनी 'सुशासन बाबू' की छवि भी है, लेकिन अब इसे चुनौती मिल रही है।

**कानून-व्यवस्था:** पहली बार नीतीश सरकार को भ्रष्टाचार के आरोपों में घेरने की कोशिश हो रही है। वहीं, कानून-व्यवस्था का मामला भी चिंता बढ़ाने वाला है। हाल के महीनों में पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका और हॉस्पिटल में घुसकर गैंगस्टर की हत्या ने सरकार की परेशानी बढ़ाई। नीतीश और बीजेपी ने लालू-राबड़ी यादव के कार्यकाल को हर चुनाव में 'जंगलराज' की तरह पेश किया, पर अब सवाल विपक्ष पूछ रहा है।

**बड़ी घोषणाएं :** बिहार चुनाव बदला होगा, इसकी आहट उन घोषणाओं से भी मिलती है, जो नीतीश सरकार ने की हैं। महिलाओं, दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए पहली बार इस पैमाने पर ऐलान किये गये हैं। वहीं आरजेडी और कांग्रेस ने पूछा है कि इसके लिए पैसा कहां से आयेगा? जनता वादों पर भरोसा करती है या बदलाव संग जाती है, जवाब मिलने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**1985 का वर्ष था। इसी दौर में स्थानीय जननेता काशीनाथ केवट की मुलाकात गिरिडीह जेल में बंद आइपीएफ के बिहार प्रदेश सचिव कॉमरेड महेंद्र सिंह से हुई। एक बंदी की पैरवी के सिलसिले में जेल पहुंचे श्री केवट ने वहीं पहली बार कॉमरेड महेंद्र सिंह से लंबी राजनीतिक चर्चा की। जल्द ही कॉमरेड महेंद्र सिंह जेल से रिहा होकर चलकरी गांव पहुंचे और श्री केवट के साथ कई गांवों में जनसंवाद किया। इसी मुलाकात से शुरू हुआ जुड़ाव धीरे-धीरे एक मजबूत राजनीतिक संबंध में बदल गया।**

# चलो झुक कर सलाम करें उन्हें, जिनके हिस्से में ये मुकाम आता है



**काशीनाथ केवट**

8 अक्टूबर 1990 – यह तारीख भारतीय जनआंदोलनों के इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ गयी। उस दिन दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित इंडियन पीपुल्स फ्रंट (आइपीएफ) और भाकपा (माले) लिबरेशन के नेतृत्व में हुई राष्ट्रीय रैली में देश के कोने-कोने से जनसमुद्र उमड़ा था।

उस रैली में भाग लेने बोकारो जिला के चलकरी ग्राम के मोहर रविदास, तिलक रविदास तथा छपरगढ़ा गांव के रामदास रविदास अपने साथियों के साथ पहुंचे थे, लेकिन दुर्भाग्य से, उसी दिन रात में रिंग रोड पर चार पहिया वाहन की चपेट में आने से ये तीनों वीर सपूत सदा के लिए हमसे बिछड़ गये। इनकी यह शहादत केवल एक दुर्घटना नहीं थी – यह उस दौर के संघर्षशील जनांदोलन का प्रतीक थी, जब जल-जंगल-जमीन के अधिकार, मजदूर-किसानों के हक और सामाजिक न्याय के लिए देश के हजारों युवा सड़क पर उतर आये थे। पार्टी ने इन तीनों वीरों को शहीद का दर्जा दिया और चलकरी गांव में 1990 में ही उनका स्मारक निर्मित किया गया। तब से लेकर अब तक, हर वर्ष 8 अक्टूबर को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनके आदर्शों और बलिदान को याद किया जाता रहा है। यह परंपरा आज भी जारी है – पूरे 35 वर्षों से।

**शहीद मोहर, तिलक और रामदास रविदास की 35वीं शहादत दिवस पर विशेष**

**संघर्ष की पृष्ठभूमि :** 1985 का वर्ष था। इसी दौर में स्थानीय जननेता काशीनाथ केवट की मुलाकात गिरिडीह जेल में बंद आइपीएफ के बिहार प्रदेश सचिव कॉमरेड महेंद्र सिंह से हुई। एक बंदी की पैरवी के सिलसिले में जेल पहुंचे श्री केवट ने वहीं पहली बार कॉमरेड महेंद्र सिंह से लंबी राजनीतिक चर्चा की। जल्द ही कॉमरेड महेंद्र सिंह जेल से रिहा होकर चलकरी गांव पहुंचे और श्री केवट के साथ कई गांवों में जनसंवाद किया। इसी मुलाकात से शुरू हुआ जुड़ाव धीरे-धीरे एक मजबूत राजनीतिक संबंध में बदल गया। काशीनाथ केवट और उनके नेतृत्वकारी साथियों के आइपीएफ से जुड़ने के बाद यह संगठन बोकारो के ग्रामीण इलाकों में गहराई तक फैल गया।



**शहीद मोहर, तिलक और रामदास रविदास – ये केवल तीन नाम नहीं, बल्कि झारखंड की जनआंदोलन की वह ज्वाला हैं, जो आज भी जल रही है। इनका बलिदान हमें यह संदेश देता है कि जब तक अन्याय, शोषण और असमानता बनी रहेगी – तब तक संघर्ष की यह मशाल बुझने नहीं दी जायेगी।**

**पुलिस दमन और जनता का प्रतिरोध**

एक दिन की बात है – चलकरी गांव में आइपीएफ की बैठक चल रही थी। बैठक के बाद जैसे ही कार्यकर्ता घर लौटने लगे, पेटरवार पुलिस दल पहुंच गया। पुलिस को लाल झंडा देख कर जैसे आग लग गयी। एक अधिकारी ने कार्यकर्ता मोहर रविदास से पूछा – नाम क्या है?

मोहर रविदास ने जब शांत स्वर में अपना नाम बताया, तो अधिकारी ने व्यंग्य भरे लहजे में कहा – रविदास यानी हरिजन! एक तो हरिजन, ऊपर से आइपीएफ करते हो!

यह अपमानजनक टिप्पणी सुनते ही मोहर रविदास और उनके साथियों ने कड़ा प्रतिवाद किया। बात बढ़ी, बकझक हुई। तभी मुख्य नेता काशीनाथ केवट वहां पहुंचे।

उनकी मौजूदगी में भारी संख्या में जनता इकट्ठा हो गयी और पुलिस के खिलाफ नारे गूंज उठे। अंततः जनता की एकजुटता के सामने पुलिस को माफी मांगनी पड़ी।

परंतु अगले दिन पुलिस फिर गांव में धमक पड़ी, अपना रौब दिखाने के लिए – पर इस बार गांव के लोगों ने संगठित प्रतिरोध किया और पुलिस को उल्टे पांव लौटना पड़ा।

उस घटना के बाद चलकरी ही नहीं, आसपास के गांवों में भी जनता दमन के खिलाफ उठ खड़ी हुई।

**दिल्ली की ऐतिहासिक रैली और अमर बलिदान**

8 अक्टूबर 1990 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आइपीएफ की ऐतिहासिक रैली ने पूरे देश में नयी ऊर्जा भर दी। देश के लगभग सभी राज्यों से लाखों लोग दिल्ली पहुंचे। बोकारो जिला से जिला अध्यक्ष काशीनाथ केवट के नेतृत्व में भी हजारों कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए।

भीड़ इतनी विशाल थी कि रामलीला मैदान छोटा पड़ गया, और लोगों को रिंगरोड के किनारे व बाग-बगीचों में रात्रि विश्राम करना पड़ा।

इसी दौरान, दुर्भाग्य से रिंगरोड के चबूतरे पर सोए हुए तीन कार्यकर्ता – मोहर, तिलक और रामदास रविदास – एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गए और मौके पर ही शहीद हो गये। उनकी शहादत ने पूरे संगठन को झकझोर दिया। लेकिन यह बलिदान व्यर्थ नहीं गया – इसने संगठन और जनता दोनों में नयी चेतना भरी।

चलकरी का यह चर्चित गांव आज भी इन तीनों शहीदों की याद में शहीद स्थल के रूप में जाना जाता है। हर साल यहां माला अर्पण, जनसभा और गीतों के माध्यम से यह संकल्प लिया जाता है कि उनकी शहादत को भुलाया नहीं जायेगा।

**संघर्ष की लौ अमर रहे :** शहीद मोहर, तिलक और रामदास रविदास – ये केवल तीन नाम नहीं, बल्कि झारखंड की जनआंदोलन की वह ज्वाला हैं, जो आज भी जल रही है। इनका बलिदान हमें यह संदेश देता है कि जब तक अन्याय, शोषण और असमानता बनी रहेगी – तब तक संघर्ष की यह मशाल बुझने नहीं दी जाएगी। चलकरी की धरती के ये तीन सपूत न केवल बोकारो, बल्कि पूरे झारखंड के गौरव हैं। उनकी शहादत हमें हर बार याद दिलाती है कि शहीदों का सपना अधूरा न रह जाये।

## कोल्हान की खबरें

### उलीडीह में फायरिंग मामले में टेका चौधरी गिरफ्तार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** उलीडीह थाना क्षेत्र के डिमना रोड स्थित संजय पथ पर तड़ीपार गुड्डू पांडेय के घर के पास दोनों हाथों से फायरिंग करने के आरोपी टेका चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मंगलवार को इसकी जानकारी एसएसपी पीयूष पांडेय ने दी। उन्होंने बताया बीते 5 सितंबर को इस वारदात के अंजाम देने के बाद टेका फरार हो गया था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे शहर से ही गिरफ्तार किया और उसके पास से एक हथियार भी बरामद कर लिया। घटना में बाइक चला रहा उसका साथी फरार है। उन्होंने बताया टेका चौधरी के खिलाफ मानगो, एमजीएम और दुमका के जरमुंडी थाने में आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। वह अमरनाथ हत्याकांड में भी जेल जा चुका है। फिलहाल आस्था स्पेश टाउन से जमानत पर बाहर आया था। घटना के दिन टेका पहले गुड्डू पांडेय के घर की कॉल बेल बजाकर रूका,फिर दोनों हाथों से फायरिंग कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से तीन खोखे बरामद किए थे। छापेमारी दल में पटमदा डीएसपी वचनदेव कुजूर, उलीडीह ओपी प्रभारी दीपक कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस अब फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

### दीपावली पर वोकल फॉर लोकल की अपील



**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** दीपावली त्योहार को लेकर बाजारों में रौनक तेज हो गयी है। मंगलवार को पश्चिमी सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सह सचिव मोहित सुल्तानियां ने लोगों से स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल केवल नारा नहीं, बल्कि जीवनशैली बने। श्री सुल्तानियां ने कहा दीपावली तभी सार्थक होगी जब उसका उजाला हर छोटे व्यापारी, कारीगर और कुम्हार के घर तक पहुंचेगी। उन्होंने नागरिकों से चीनी झालरों की जगह मिट्टी के दीयों और ऑनलाइन की बजाय स्थानीय दुकानों से खरीदारी करने की अपील की। उन्होंने सभी से आग्रह किया इस बार दीपावली की पूजा सामग्री, मिठाई और सजावट का सामान अपने मोहल्ले के दुकानदारों और स्थानीय कारीगरों से ही खरीदें, ताकि त्यौहार की रौशनी हर घर तक सच में पहुंच सके।

### हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कदमा थाना क्षेत्र के उलियान निर्मल महतो मैदान में बीते रात पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका साथी भानु माझी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी मनीष सिंह भाटिया बस्ती अशोक पथ का निवासी है। पुलिस ने मनीष के पास से लोडेड देशी ऑटो पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया।कदमा थाना के एसआइ प्रवेश चंद्र सिन्हा के बयान पर दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज कर फरार आरोपी की तलाश में जुट गयी है।

### आरआइटी में 90 लीटर महुआ शराब जब्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** डीसी नितिश कुमार सिंह के निर्देश पर उत्पाद विभाग ने आरआइटी थाना क्षेत्र के भुआ और पार्वतीपुर नदी किनारे अवैध शराब अड्डों पर छापेमारी की। मंगलवार को कार्रवाई के दौरान 90 लीटर महुआ शराब जब्त की गई और 500 किलोग्राम जावा महुआ को मौके पर नष्ट कर दिया गया। वही अड्डा संचालक मौके से फरार हो गए, जिनके खिलाफ उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत एफआइआर दर्ज कर तलाशी अभियान जारी है। जिला प्रशासन ने अवैध शराब के खिलाफ शून्य सहिष्णुता नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। डीसी ने आम नागरिकों से अपील की वे इस तरह की गतिविधियों की सूचना नजदीकी थाना या नियंत्रण कक्ष को दें।

### महिला फुटबॉल टूर्नामेंट में ड्रेगन एफसी चाइबासा बनी विजेता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** पश्चिम सिंहभूम के चिड़िया स्थित गांधी मैदान में खेल समिति के तत्वावधान में एकदिवसीय महिला नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में आठ टीमों की भागीदारी रही। टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजित यादव और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। फाइनल मुकाबले में ड्रेगन एफसी चाईबासा ने टारगेट एफसी सीकेपी को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 15,000 और ट्रॉफी, उप विजेता टीम को 10,000 और ट्रॉफी, तीसरे स्थान पर रही नेहा इलेवन चिड़िया को 5,000 की प्रोत्साहन राशि दी गयी। व्यक्तिगत पुरस्कारों में सुमीरा (बेस्ट गोलकीपर), सुनीता हेंब्रम (बेस्ट ऑफ द सीरीज) और खुशबू हेसा (बेस्ट स्कोरर) को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रंजित यादव ने ऐसे आयोजनों को महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

### चांडिल-मानिकुइ-कांड्रा सड़क की हालत जर्जर, राहगीर परेशान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चांडिल।** चांडिल-मानिकुई-कांड्रा मुख्य सड़क की हालत बेहद ही खराब हो चुकी है। लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क का टेंडर मई में ही पूरा हो गया था। लेकिन चार महीने बीतने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। सड़क पर गड्ढे और बारिश के कारण जलजमाव से राहगीर और वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों और भाजपा नेता दिवाकर सिंह ने सरकार पर जानबूझकर निर्माण कार्य लटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से सड़क की स्थिति सुधारने की मांग की।उन्होंने कहा यह सड़क चांडिल अनुमंडल की जीवन रेखा मानी जाती है। फिर भी प्रशासन और ठेकेदार की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई।

### 144 फीट लंबी दरगाह पर पहुंचे विधायक मंगल कालिंदी, अमन-शांति की मांगी दुआ



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी आंध्र प्रदेश स्तिथ नेल्लोर जिले के वेनाडू गांव में हजरत दाऊद शाह वली की ऐतिहासिक 144 फीट लंबी दरगाह पहुंचे। मौके पर विधायक ने राज्य में अमन, शांति और समृद्धि के लिए दुआ मांगी। विधायक ने कहा पुलिकट झील के पास द्वीप के पास यह दरगाह अपनी विशाल कब्र और आध्यात्मिक शांति के लिए प्रसिद्ध है। दरगाह पर प्रार्थना से मन को सुकून और परमात्मा से जुड़ाव का अनुभव होता है।

### श्री श्याम मेडिकल स्टोर का उद्घाटन



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** विधायक सविता महतो ने चांडिल मुख्य बाजार में फीता काटकर श्री श्याम मेडिकल स्टोर का उद्घाटन किया। मेडिकल संचालक के द्वारा विधायक को पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया।मौके पर विधायक ने कहा मेडिकल स्टोर खुलने से स्थानीय लोगों को सुलभ और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। यह पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा के लिए नए युग की शुरूआत है। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य चारुचांद किस्कू, श्रुति महतो, संजय चौधरी, ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, रत्नाकर खेतान, कौशिक खेतान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### संदीप पौंड्रिक 9 को करेंगे गुवा का दौरा



**गुवा (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार इस्पात मंत्रालय के सचिव सह वरिष्ठ आइएएस अधिकारी संदीप पौंड्रिक आगामी 9 अक्टूबर को गुवा का दौरा करेंगे। उनके आगमन को लेकर गुवा एवं आसपास के क्षेत्रों में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। सफाई अभियान, रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण कार्य तेजी से की जा रही हैं। श्री पौंड्रिक का आगमन गुवा एयरपोर्ट मैदान में हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्तावित है। परिसर को विशेष रूप से सजाया जा रहा। इस्पात मंत्रालय के सचिव सेल बीएसएल की गुवा अयस्क खान का निरीक्षण करेंगे। अनुमान लगाया जारहा है सचिव खदान के उत्पादन को बढ़ाने के उद्देश्य से आवश्यक दिशा-निर्देश भी देंगे। गौरतलब है गुवा अयस्क खान, सेल बीएसएल की एक महत्वपूर्ण खदान है। जिसकी उत्पादन क्षमता को लेकर केंद्र सरकार विशेष रूप से गंभीर है। सचिव के दौरे को लेकर खदान क्षेत्र में भी गतिविधियां तेज हो गयी हैं। जहां अधिकारियों द्वारा निरीक्षण और तैयारियों की लगातार समीक्षा की जा रही है। स्थानीय प्रशासन और सेल प्रबंधन इस उच्चस्तरीय दौरे को लेकर पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है। सचिव संदीप पौंड्रिक का यह दौरा गुवा खदान के विकास और विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने जिले को फुटबॉल में दिलायी राष्ट्रीय पहचान



**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने 74 वर्षों की उपलब्धियों को याद की। संयुक्त सचिव नारायण देवगम, कोषाध्यक्ष अनिल लकड़ा व अन्य पदाधिकारियों ने बताया एसएसए ने फुटबॉल में जिले को राष्ट्रीय पहचान दिलाकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की।संगठन ने सीनियर अंतर जिला चैम्पियनशिप, झारखंड ओलंपिक और संतोष ट्रॉफी जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों में खिलाड़ियों को अवसर दिया। खिलाड़ियों में बॉवी तुबीड, मानकी पाड़ेया, सुभाष देवगम, विवेक सिरका सहित कई नाम राष्ट्रीय स्तर पर उभरे। संस्था के महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया एसएसए का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच दिलाना। अब तक छह बार चाईबासा में अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हो चुका। भविष्य में अन्य खेलों को भी बढ़ावा दिया जायेगा। वही सोशल मीडिया पर लगाये जा रहे आरोपों को खारिज करते हुए संस्था ने कहा कि एसएसए एक स्वयंसेवी संस्था है।जो 1951 से खेल संस्कृति के विकास में लगी हुई है।

### बीपीएम हाइ स्कूल में खिड़की का रॉड काटकर चोरी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बर्मामाइंस स्थित बीपीएम हाई स्कूल में खिड़की का रॉड काटकर चोरी की घटना सामने आयर है। बीते रात हुई इस वारदात की जानकारी मील पर स्कूल के प्राचार्य रंजीता गांधी के बयान पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। चोर स्कूल से तीन बैट्री, एक कीबोर्ड और एक माउस चोरी कर ली।

## झामुमो महिला मोर्चा जिला कमेटी का विस्तार



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झामुमो गढ़वा जिला महिला कमेटी का विस्तार पार्टी की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेखा चौबे की अध्यक्षता में की गयी। इसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं। जिसमें महिला सशक्तिकरण और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। गढ़वा जिला उपाध्यक्ष पद पर प्रखंड से साहिन रहमान, मेराल से मीना देवी, रमकंडा से सुनीला लकड़ा, नगर उटारी से शांति देवी, भवनाथपुर से रजनी शर्मा, नगर उटारी से प्रेमा देवी और गढ़वा से विमला देवी प्रमुख को मनोनीत किया गया। संयुक्त सचिव के रूप में आलम आरा, कांति देवी, डंडा की बबीता देवी, मेराल की प्रतिमा देवी और रंका की लीलावती देवी को जिम्मेदारी दी गई। वहीं, संगठन सचिव के पद पर चिनिया की प्रमुख सुनैना देवी, धुरकी की प्रमुख शांति देवी, गढ़वा की सोनी पासवान (देवी) और नगर उटारी की पुष्पा कुमारी को चयनित किया गया। सह सचिव के रूप में गिरजा देवी, मीडिया प्रभारी के रूप में अर्चना प्रकाश और जिला प्रवक्ता के रूप में मेराल की रेखा पाठक को जिम्मेदारी दी गई। नगर परिषद क्षेत्र से वंदना जायसवाल को अध्यक्ष, वीणा पाल को सचिव, अंजू देवी को कोषाध्यक्ष और शमीमा खातून को उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। जबकि, गढ़वा प्रखंड से चन्दा देवी को अध्यक्ष, वंदना कुमारी को सचिव, जरीना बीबी को कोषाध्यक्ष और कविता देवी को उपाध्यक्ष बनाया गया। मेराल प्रखंड से आराधना सिंह अध्यक्ष, चांद फातमा सचिव, पुष्पा देवी कोषाध्यक्ष और बबीता देवी उपाध्यक्ष बनीं। डंडा प्रखंड में पार्वती देवी अध्यक्ष, संगीता देवी सचिव, सरिता देवी कोषाध्यक्ष और गायत्री देवी उपाध्यक्ष के रूप में चयनित हुईं। इसके अलावा रमकंडा प्रखंड से बसंती पन्ना को अध्यक्ष, राधिका देवी को सचिव, मंजूषा लकड़ा को कोषाध्यक्ष और सुशील देवी को उपाध्यक्ष बनाया गया।

## दो बाइक की टक्कर में दो युवक घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** केतार थाना क्षेत्र के पचाडूमर मुख्य पथ पर सोमवार की रात दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान पचाडूमर गांव निवासी उपेंद्र विश्वकर्मा और विजय सिंह चेरो के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को निजी वाहन से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ नीतीश भारती ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए दोनों को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। स्वजनों की मानें तो, दोनों युवक अपने-अपने घर की ओर अलग-अलग दिशा से बाइक पर जा रहे थे। थाना से कुछ दूरी पर स्थित एक मोड़ पर उनकी बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

## कौड़ियां डैम का बांध धंसने के बाद बड़ी घटना टली



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कौड़ियां डैम का बांध धंसने के बाद एक बड़ा हादसा टल गया। इसके बाद माइनर इरिगेशन विभाग की ओर से युद्ध स्तर पर बांध मरम्मती का निर्माण कार्य सोमवार से शुरू कर दिया गया है। कड़ी धूप के बावजूद टीम में शामिल लोग जेसीबी और ट्रैक्टर से बांध में मिट्टी भरने में जूटे हैं। इसमें गढ़वा जिल विभाग के डेविड तिर्की, पंकज कुमार, पप्पू बावरी, कनीय अभियंता अनिल कुमार शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि सरकारी आदेश के बाद बांध को टूटने से बचाने के लिए मरम्मती कार्य किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त कड़ियां डैम का निर्माण पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी और वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव के कार्यकाल में मरम्मती कार्य कराया गया था, जिसका उद्देश्य डैम से कैनाल निकाल कर भवनाथपुर के आधा दर्जन गांव अरसली दक्षिणी, अरसली उतरी, भवनाथपुर, सिंदुरिया, मकरी, चपरी के किसानों के खेत तक सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराना था। जिसके लिए विभाग की ओर से चार करोड़ रुपये का टेंडर भी निकाला गया और कैनाल का कार्य भी प्रारंभ हुआ पर वन विभाग से फॉरेस्ट क्लीरियंस नहीं मिलने के कारण कार्य अधूरा ही रहा।

## हरिहरपुर में क्षत्रिय महासभा की बैठक संगठन की मजबूती को लेकर हुई चर्चा



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय बाजारी प्रांगण में मंगलवार को क्षत्रिय महासभा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष इंदल सिंह ने की। बैठक में महासभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने एवं विस्तार की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए एकजुटता आवश्यक है। संगठन के माध्यम से सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक उत्थान को बढ़ावा देना ही महासभा का प्रमुख उद्देश्य है। हर सदस्य को इसके लिए सक्रिय भूमिका निभानी होगी, ताकि समाज के हर वर्ग तक संगठन का संदेश पहुंचे। अध्यक्ष इंदल सिंह ने 12 अक्टूबर को गढ़वा के बंधन मैरेज हॉल में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय बैठक की जानकारी दी। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में कार्यक्रम प्रभारी चुनु सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, लालेश्वर सिंह, सुनील सिंह आदि उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए संगठन की भविष्य की कार्ययोजना तय की गई।

## जिला स्तरीय कबड्डी एवं खोखो प्रतियोगिता का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड के तहत जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। रामा साहू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय में चल रहे प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों से चुनी गई छात्र एवं छात्राओं की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजयी और उप विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कुलदीपक अग्रवाल ने कहा कि खेलो झारखंड न केवल एक प्रतियोगिता है, बल्कि यह एक युवाशक्ति जागरण अभियान बन चुका है, जो राज्य के प्रत्येक कोने से प्रतिभाओं को सामने लाकर उन्हें एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करता है। इस दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, संकुल साधन सेवी देवेन्द्र नाथ उपाध्याय, शारीरिक शिक्षक कुमार तिवारी आलोक कुमार और प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न वर्गों में हुए मुकाबलों में कई विद्यालयों ने शानदार खेल भावना का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा को साबित किया। इस दौरान उच्च विद्यालय, मोरबे ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चिनियां को अंडर-14 (बालक वर्ग) में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, भागोड़ीह रमना ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बरवाडीह, चिनियां को अंडर-14 (बालिका वर्ग) उत्क्रमित उच्च विद्यालय, भागोड़ीह रमना ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बरवाडीह, चिनियां को हराकर विजेता बना।

# नाबालिग बेटी और उसके नवजात की हत्या का आरोपी पिता गिरफ्तार

## दफनाये गये मां-बेटी के शव को भी पुलिस ने किया बरामद

### मृतका के प्रेमी ने थाने में दर्ज कराया मुकदमा दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। पुलिस ने अपनी ही बेटी और उसके नवजात बच्चे की हत्या करने वाले पिता अनिल चौधरी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। आरोपी की नाबालिग बेटी के प्रेमी ने अपनी पत्नी और नवजात शिशु की हत्या कर शव को छिपाने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। पलामू जिले के रक्साहा गांव निवासी रमेश चौधरी के पुत्र रूपन चौधरी (24) ने थाने में दर्ज कराये गये मुकदमा में बताया कि विगत तीन अक्टूबर को मोबाइल पर औरईया से उसको सूचना मिली की उसकी पत्नी राधिका और उसके नवजात बच्चे की अनिल चौधरी ने हत्या कर दी है। अनिल मृतका का पिता है। उसने हत्या कर शव को कहीं छिपा दिया है। उसकी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अनिल चौधरी को पकड़ लिया। उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने हत्या करने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पुलिस ने सोमवार को जमीन की खुदाई कर दोनों शव को बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया था। साथ ही अनिल के खिलाफ मेराल थाना में भादवि की धारा 302, 238 और 140 एक के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल ले जाती पुलिस।

## प्रशासनिक एवं नागरिक संवाद का प्रभावी माध्यम बन चुका है 'कॉफी विद एसडीएम'

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस बार अनुमंडल क्षेत्र की छठ पूजा समितियों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया। गढ़वा में छठ पर्व की तैयारियां शुरू होने वाली हैं। ऐसे में समय रहते प्रशासनिक प्रयासों से बेहतर समन्वय एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से सभी आयोजन समितियों से विभिन्न मुद्दों पर जानकारी लेने, उनकी शिकायतें सुनने और सुझाव प्राप्त करने के लिए संवाद कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। एसडीएम संजय कुमार ने सभी छठ पूजा समितियों के पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे बुधवार को सुबह 11 बजे अनुमंडल कार्यालय में आयोजित इस प्रस्तावित संवाद कार्यक्रम में अवश्य शामिल हों। बताया कि 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम पिछले दिसंबर माह से लगातार आयोजित हो रही है, जिसमें समय-समय पर सामाजिक सरोकारों और समसामयिक विषयों से जुड़े विभिन्न वर्गों को आमंत्रित किया जाता है।

## आरके पब्लिक स्कूल में मनायी गयी वाल्मीकि जयंती

**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल में मंगलवार की सुबह की प्रार्थना सभा में वाल्मीकि जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य केआर झा ने अपने संबोधन में वाल्मीकि के ऐतिहासिक जीवन पर प्रकाश डाला। बताया कि कैसे दस्यु रत्नाकर ऋषि नारद से मिलने के बाद महर्षि वाल्मीकि बन गए और रामायण जैसा महाकाव्य लिखा। वाल्मीकि आदि कवि थे। इसके अतिरिक्त, प्रधानाचार्य ने छात्रों को सलाह दी कि दृढ़ संकल्प और सकारात्मक दृष्टिकोण ही उन्हें सफलता की ओर ले जाएगा। एक अच्छी संगति रत्नाकर जैसे डाकू को वाल्मीकि जैसे संत में बदल सकती है। इसलिए हमें अच्छे लोगों की संगति करनी चाहिए, क्योंकि यह एक प्रसिद्ध कहावत है - 'मनुष्य अपनी संगति से जाना जाता है।' प्रसिद्ध शिक्षाविद्, लोकप्रिय समाजसेवी और स्कूल के निदेशक अलख नाथ पाण्डेय ने अपने संदेश में छात्रों को जीवन में सफल और खुश रहने के लिए इतिहास और महान व्यक्तित्वों से सीखने का सुझाव दिया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थी और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## आरएसएस के अनुशासन-संगठन से सीख लेनी चाहिए : ब्रजेश

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भवनाथपुर खंड के तत्वावधान में सोमवार को स्थानीय टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में भव्य शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाह नीतीश कुमार ने किया, जबकि मुख्य शिक्षक की भूमिका राजमोहन यादव ने निभाई। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सामिल ब्रजेश सिंह ने कहा कि आरएसएस का कार्यक्रम हमारे लिए प्रेरणादायी और अनुशासन का अद्भुत उदाहरण है। राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को संघ के अनुशासन और संगठन से सीख लेनी चाहिए।

## ओडिशा में सड़क हादसे में सगमा के लाल की दर्दनाक मौत, शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

**सगमा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा गांव में मंगलवार की सुबह मातम छा गया, जब गांव के 26 वर्षीय युवक सुनील गुप्ता का शव उसके घर पहुंचा। पेशे से ट्रक चालक सुनील की ओडिशा के अंगुल जिले में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार, सुनील गुप्ता रविवार की सुबह आठ बजे रायगढ़ से माल लादकर ओडिशा के के लिए रवाना हुए थे। इस दौरान अंगुल जिले के हंडापा के समीप ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे मौके पर ही सुनील की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक के परखच्चे उड़ गए थे। इसकी सूचना मिलते ही ट्रक ड्राइवर संघ के जिला अध्यक्ष अयूब अंसारी ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय प्रशासन और अन्य चालकों से संपर्क कर शव को शीघ्र सगमा लाने की व्यवस्था की। जिसके बाद सोमवार की देर रात पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की सुबह 10 बजे सुनील का शव गांव पहुंचा। बेटे का शव देख परिवार में चीख-पुकार मच गई। मां, पिता और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल था। सुनील अपने परिवार का इकलौता सहारा थे, उनकी मौत से घर पर मानो आसमान टूट पड़ा। लोगों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को सरकारी मुआवजा एवं तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडे, डॉक्टर हरिदास यादव, मुखिया तेजलाल राम, उप मुखिया मंगलेश यादव, राजेंद्र यादव मुख्तार अंसारी, बबलू ठाकुर, साखीचन प्रजापति और शुभाष यादव आदि ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

## शिक्षकों को सिखायी जा रही स्मार्ट क्लास-डिजिटल शिक्षण की तकनीक

**सगमा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एक्स्ट्रामार्क्स एजुकेशन इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में पांच दिवसीय आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पीएम श्री मध्य विद्यालय सोनडीहा (दक्षिण) में किया गया। जिसका उद्घाटन प्रोजेक्ट मैनेजर आनंद सिंह ने किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को ज्ञानोदय योजना के तहत संचालित आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास के अधिष्ठापन एवं संचालन की समुचित जानकारी प्रदान करना है। शिविर में शिक्षकमनोहर दास, विष्णु प्रसाद यादव, मो इस्लाम अंसारी आदि ने भाग लिया।

# टीडीएम कॉलेज में बाल्मीकि जयंती का आयोजन

## मानव मूल्यों के दर्शन का महाकाव्य है रामायण : प्राचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** टीडीएम इंटर कॉलेज में मंगलवार को महर्षि बाल्मीकि की जयंती मनाई गई। जिसका उद्घाटन प्राचार्य धनंजय सिंह ने बाल्मीकि जी की तस्वीर पर पुष्प अर्जित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि त्रिकालदर्शी थे। उनकी उपस्थिति सतयुग, त्रेता और द्वापर युग थी। उन्होंने महाकाव्य रामायण की रचना की थी। जिसमें हम सब के आदर्श भगवान श्री राम के मर्यादा का दर्शन है। महाकाव्य में युद्ध का वर्णन है तो प्रकृति के संरक्षण पर भी बल दिया गया है। मानव मूल्यों के पथ प्रदर्शक के रूप में इस महाकाव्य में सम्पूर्ण संसार को मानवता का बड़ा संदेश दिया गया है। पारिवारिक रिश्ता से लेकर राजधर्म तक की सम्पूर्ण गाथा से ओत प्रोत रामायण में आसुरी शक्तियों पर सत्य का विजय की यशगान अंकित है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि बाल्मीकि का नाम रत्नाकर था। वे लूटपाट और डकैती जैसे अमानवीय कार्य में लगे थे। जंगल के रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को वे हथियार का भय दिखाकर लूट लेते थे। एक बार नारद मुनि भी उस रस्ते से गुजर रहे थे। उन्हें भी रत्नाकर ने लुट लिया। नारद जी ने रत्नाकर से पूछा लूटे धन का उपयोग करने वालों का नाम पूछा तो उन्होंने बताया कि उनके माता पिता और घर के सभी सदस्य। नारद जी ने फिर पूछा कि इस घिनौने कार्य से जो पाप पैदा हो रहा उसमें कौन कौन भागीदार होगा। तब रत्नाकर बोले माता पिता से पूछना होगा। जब घर जाकर वहां से लौटे तो रत्नाकर ने नारद जी को बताया कि पाप का भागी कोई बनने को तैयार नहीं है। तब नारद जी के समझाने पर रत्नाकर ने ब्रह्मा जी की उपासना की। उनके तप से प्रशन्न होकर रत्नाकर को दर्शन दिया और उनका नाम बाल्मीकि रखा। साथ ही उन्हें रामायण लिखने की प्रेरणा दी। वक्ताओं में शिक्षक वरुण पांडेय, उमेश सिंह, अमरेश यादव, कमलेश कुमार, सुनील सोनी, एसएमएसडी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रशांत सहाय शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विवेक कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर शिक्षा प्रतिनिधि राजीव रंजन प्रताप देव, प्रणय कुमार देव,जूही कुमारी, ममता सोनी, रजनीश कुमार, शैलेंद्र प्रताप देव, अमित कुमार सिंह, नवनीत कुमार सिंह, श्वेता सिंह, राहुल कुमार, जितेंद्र कुमार, परवीन पासवान, रामपवन जी, विकास कुमार देव, विनेश पल आदि उपस्थित थीं।



## कांग्रेसियों ने गर्मजोशी से किया जिलाध्यक्ष का स्वागत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष ई औबेदुल्लाह हक अंसारी का मंगलवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेन्द्र नाथ तिवारी एवं युवा कांग्रेस एनएसयूआई के नेताओं ने भव्य स्वागत किया गया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष को मिठाई खिलाकर बधाई दी और सभी नेताओं ने उनके सफल कार्यकाल एवं संगठन की मजबूती की कामना - करते हुए आशीर्वचन प्रदान किया। इस मौके पर सुरेंद्र नाथ तिवारी, उदय नारायण तिवारी, प्रदेश सचिव प्रभात कुमार दुबे, वरिष्ठ नेता परमा पांडेय, शशि द्विवेदी, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्रनाथ चौबे, रंका प्रखंड अध्यक्ष बजेंद्र चौधरी, वरिष्ठ नेता त्रिपुरारी सिंह, अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष खुर्शीद अलम, ऋषभ चंद्रवंशी, मंसूर अंसारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मोसाहिद हुसैन, आलोक यादव, कियामुद्दीन अंसारी, प्रियरंजन दास और मिथिलेश आदि उपस्थित रहे।

## भक्ति जागरण का आयोजन, भजन गायिका इशरत और दलजीत सिंह ने भक्तों को झुमाया



**रंका (आजाद सिपाही)।** दशहरा के अवसर पर मां शारदे फाउंडेशन ट्रस्ट रंका के तत्वावधान में सोमवार की रात भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य कलाकार मुंबई आयी भजन गायिका इशरत जहां और धनबाद से भजन गायक दलजीत सिंह दिवाना ने मां दुर्गा के श्रद्धालुओं को एक से बढ़कर एक भजन गाकर रातभर खूब झुमाया। कार्यक्रम की शुरूआत रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, सीओ शिवपूजन तिवारी, थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, अध्यक्ष रंजीत सौण्डिक ने संयुक्त रूप से मां भारती के तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काट कर किया। भजन की शुरूआत गायिका इशरत जहां ने गणेश बंदना से की और मां दुर्गा के भजन प्यारा सजा है तेरा दरबार भवानी, अंगना बधारो महारानी मां शारदे भवानी, मेरी झोपड़ी के भाग्य खुल जाएंगे राम आएंगे, मेरा भोला है भंडारी करे नंदी की सवारी भोले नाथ रे आदि भक्ति भजन प्रस्तुत किया। लगे हाथ, संदेशे आते हैं चिट्ठी लिखी जाती है कि तुम घर कब आओगे, खाली कारगील नहीं पूरा पाकिस्तान चाहता आदि देश भक्ति गीत गाकर खूब मनोरंजन किया। वहीं, दलजीत सिंह दिवाना ने साक्षात प्रत्यक्ष देवी देवता माता पिता से संबंधित भजन - तेरी उंगली पकड़कर चला ममता की आंचल में पला मां ओ मेरी मां मैं तेरा लाडला तथा वैष्णो देवी भजन चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है आदि अनेकों भजन प्रस्तुत किए और लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर मुखिया रणजीत सोनी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, रोजगार सेवक शशि सोनी, समाजसेवी अमरेंद्र कुमार, रोटरी क्लब गढ़वा के अध्यक्ष श्याम सुंदर प्रसाद, अध्यक्ष रणजीत सौण्डिक, किशोर कुमार शौण्डिक, शुभम झा, सोनू कुमार मद्धेशिया,ओम प्रकाश कमलापुरी, रानू राजकमल सिंह, बॉबी सिंह आदि उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा
Email:- rdsd.chatra@rediffmail.com, Tel:- 06541-296126

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा मेसर्स सहाय कन्सट्रक्शन, पता–अव्वल मोहल्ला, चतरा को सूचित किया जाता है कि **प्रखण्ड–लावालौंग में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी आवास, सुपरवाईजर आवास, तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास नव निर्माण कार्य** जिसका एकरारनामा संख्या–03F2 (SBD)/2019-20 दिनांक–25.01.2020 है। एकरारनामा के अनुसार दिनांक–23.01.2021 तक आवासीय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना था। परन्तु कार्य समाप्ति की तिथि समाप्त होने के लगभग 04 वर्श 08 माह बीत जाने के बावजूद भी निर्माण कार्य को बंद रखते हुए अबतक अपूर्ण रखा गया है। कई बार आपको कार्य शुरू करने हेतु निदेशित किया गया परन्तु आपके द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। इस कार्यालय के पत्रांक–817 दिनांक–20.08.2025, पत्रांक–861 दिनांक–02.09.2025 एवं प्रेस विज्ञप्ति PR 362561 (Rural Development) 25-26 (D) के द्वारा आपको कार्य अपूर्ण रहने एवं कार्य को बंद रखने तथा राशि वसूली के संबंध में स्पश्टीकरण की मांग की गई परन्तु आपके द्वारा न तो स्पश्टीकरण का जवाब दिया जा रहा है और ना ही निर्माण कार्य शुरू किया गया।

अतः पुनः आपको इस प्रेस विज्ञप्ति कि माध्यम से अंतिम मौका देते हुए निर्देशित किया जाता है कि प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन से एक सप्ताह के अंदर इस आशय का स्पश्टीकरण दे की सरकारी निर्माण कार्य अपूर्ण रखने के लिये क्यों नहीं आपके निबंधन को कालीसूची/डीबार करते हुए व्यय की गई राशि की वसूली की जाय।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
चतरा

PR 363396 (Rural Development)25-26*D

Govt. of Jharkhand
Department of Mines and Geology
District- Koderma
Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats
(Through E-Procurement mode over https://www. jharkhandtenders.gov.in)

The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत Category-2 के बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :–

1. ई–नीलामी कार्यक्रमः–

| क्र०स० | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालू घाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/–रू0+GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की प्रारम्भिक एवं अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Group A- Koderma District Sand Ghat- Dudhi 01 to 06, Akto 01 to 09, Keso 01 to 16, Murtiya And Lathbehwa | 07.10.2025 | 08.10.2025 10:00 AM से 14.10.2025 3:00 PM | 16.10.2025, 5:00 PM | 17.10.2025 को 10:00 AM से 5:00 PM तक |

2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट पर उपलब्ध है।
3. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी प्रक्रिया, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in से करायी जाएगी।
4. ई–नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUF को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https:// www. Jharkhandtenders. gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
7. बालू घाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 के नियम–3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
8. निविदादाता द्वारा ई–पोरक्योमेंट/ई–नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा। BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
9. एतद संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.in एवं जिले के website पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई कोडरमा। | जिला कोषागार पदाधिकारी कोडरमा। | जिला खनन पदाधिकारी कोडरमा।
अपर समाहर्ता, राजस्व कोडरमा। | उप निदेशक, खान हज़ारीबाग। | उपायुक्त कोडरमा।

PR 363469 (Mines and Geology)25-26*D

# चुनाव आयोग वोट के अधिकार की चोरी कर रहा है चोरी : धीरज प्रसाद साहू

वोट चोर गद्दी छोड़ो हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए कांग्रेस के दिग्गज नेता धीरज साहू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा है कि चुनाव आयोग जनता का अधिकार वोट की चोरी कर रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित किया जा रहा है। संविधान के अधिकारों का हनन हो रहा है। लोगों का अधिकार छीना जा रहा है। जब इसके खिलाफ आवाज उठाई जा रही है तो चुनाव आयोग बेतुका तर्क दे रहा है। जनता सब देख और समझ रही है। चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। रांची में प्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित वोट कर गद्दी छोड़ो हस्ताक्षर अभियान में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की कई दिग्गज नेता शामिल हुए। नेताओं ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी करने का आरोप लगाया। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में वहां के मतदाता चुनाव आयोग के साजिश को बेनकाब करेंगे। केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। जनता का हक छीना जा रहा है। कांग्रेस पार्टी इस वोट चोरी के खिलाफ आंदोलन चल रही है। हम किसी भी तरह के इस काम को बर्दाश्त नहीं करेंगे। हर हाल में इसका विरोध करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू ने भी वोट चोरी के अभियान को लेकर जनता से सीधे जोड़ने की बात कही। उन्होंने कार्यकताओं से भी कहा कि वह लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने, वोट चोरी की जानकारी उन्हें देने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि चुनाव आयोग की यह साजिश बेनकाब होगी। जनता सब कुछ जान और समझ रही है। कार्यक्रम में कई बड़े नेताओं की उपस्थित रही।

# सीएम से मिले धीरज साहू विकास के मुद्दे पर की चर्चा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** पूर्व राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के दिग्गज नेता धीरज प्रसाद साहू ने रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक झारखंड के विकास, राजनीतिक साझेदारी सहित कई आ मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने विकास की गति को तेज करने को लेकर आपस में चर्चा की। दोनों नेताओं की मुलाकात पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के दिल्ली जाने के क्रम में रांची एयरपोर्ट में हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने धीरज प्रसाद साहू के साथ कई विषयों को लेकर चर्चा की। जिसमें प्रमुख रूप से झारखंड के विकास, यहां की आवश्यकताओं, जनजातीय समुदाय के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विषयों को लेकर भी बात की। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि हेमंत सोरेन एक सुलझे हुए नेता हैं। वह जनता से जुड़े हुए नेता हैं। जनता की आवश्यकताओं को अच्छी तरह समझते हैं। क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य पर सबसे अधिक ध्यान दिया जा रहा है। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, अधिवक्ता सचितानंद चौधरी मौजूद थे।

## दहेज प्रताड़ना का आरोपी बिहार से गिरफ्तार



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई बरवाडीह थाना कांड संख्या–81/2023, दिनांक 02 अक्टूबर 2023 के तहत की गयी, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 498(अ) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के तहत मामला दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी अनूप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वादिनी द्वारा दर्ज प्राथमिकी में उसके पति पर दहेज की मांग को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया था। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए तकनीकी सहायता और मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी की और मुख्य आरोपी लक्ष्मण राम (उम्र लगभग 27 वर्ष) को बिहार के रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र स्थित मुसई टोला गांव से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद की गयी पूछताछ में आरोपी ने दहेज की मांग और प्रताड़ना की बात स्वीकार की है। थाना प्रभारी अनूप कुमार ने स्पष्ट किया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दहेज उत्पीड़न किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ऐसे मामलों में शीघ्र और कठोर कार्रवाई करना हमारी प्राथमिकता है।

## 586 क्विंटल सरकारी चावल की हेराफेरी मामले में मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र में एक बड़े खाद्यान्न गबन मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह मामला 586 क्विंटल सरकारी चावल की हेराफेरी से जुड़ा है, जिसकी शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व एजीएम एवं पंचायत सेवक सर्वेश कुमार सिंह को लातेहार प्रखंड कार्यालय से गिरफ्तार किया। बरवाडीह थाना प्रभारी अनूप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला 30 मई 2025 को दर्ज किया गया था। कांड संख्या 30/2025 के तहत अभियुक्त के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 409 और 420 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच में यह सामने आया है कि अभियुक्त ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सहायक गोदाम बंधक पर रखे गये सरकारी चावल की बड़ी मात्रा में हेराफेरी की थी। गिरफ्तार अभियुक्त सर्वेश कुमार सिंह (उम्र लगभग 37 वर्ष), ग्राम डाढ़ा, थाना बारियातु, जिला लातेहार का निवासी है। पुलिस ने गहन जांच के बाद साक्ष्यों के आधार पर उसकी गिरफ्तारी की और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# छह दौर की वार्ता के बाद आंदोलन समाप्ति की घोषणा

14 अक्टूबर तक सभी अभिलेखों की त्रुटियां दूर कर दस्तावेजीकरण करेंगे

महुआडाड़ अनुमंडल में भी इसी तर्ज पर कैंप लगा कर तत्काल पत्र निर्गत करेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लातेहार।** लातेहार जिला मुख्यालय में वनाधिकार कानून के तहत पट्टा नहीं तो वापस नहीं कार्यक्रम में जिले भर के सुदूर गांव इलाकों से आये आदिवासियों और मूलवासियों ने जिला प्रशासन के साथ कड़ी शर्त्तों के साथ रात 12 बजे अनिश्चित कालीन घेरा डालो, डेरा डालो कार्यक्रम समाप्त करने की घोषणा की। जिसमें पहला लातेहार अनुमंडल के सभी अंचलों से व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावा अभिलेखों को अनुमण्डल कार्यालय में कैंप मोड में निष्पादित किये जायेंगे। इसके लिए 7 से 14 अक्तूबर अंचलवार तिथि निर्धारित की गयी जिसमें संबंधित वनाधिकार समिति के अध्यक्ष एवं सचिव ऑन द स्पॉट अभिलेखों में जो भी त्रुटियां होंगी। उनको निराकरण करते हुए रेकर्ड को ठीक करेंगे और अनुमंडल कार्यालय में दस्तावेजीकरण करेंगे। दूसरा महुआडांड अनुमंडल में भी इसी तर्ज पर कैंप आयोजित करने हेतु आइटीडी निदेशक तत्काल पत्र निर्गत करेंग। लातेहार अनुमंडल अधिकारी सह अध्यक्ष, अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति अंचलवार रिकॉर्ड ठीक करते ही सभी दृष्टिकोण से सही अभिलेखों के अनुशंसा हेतु अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक करेंगे और उन दावों को जिला स्तरीय समिति तो अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु अग्रसारित करेंगे।

अनुमंडल से पारित दावों को तुरंत निष्पादन हेतु आइटीडी निदेशक विशेष संज्ञान लेते हुए जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक आयोजित करेंगे। इस बैठक में जो भी निर्णय लिए जायेंगे, उसकी प्रति भी आंदोलनकारी प्रतिनिधियों को सुपुर्द करेंगे। इसके साथ ही प्रति दिन की प्रगति से मंच के प्रतिनिधियों को अद्यतन करेंगे। जिला स्तरीय समिति की कार्यवाही के आलोक में यदि कानून सम्वत पट्टा निर्गत नहीं की जाती है तो पुनः इसी तर्ज पर आगे तीखा आंदोलन जारी रहेगा। अंततः 6 दौर की वार्ता के बाद आंदोलन समाप्ति की घोषणा आंदोलनकारियों ने की।

# जान्हों में स्वयंसेवक पर मनरेगा का पैसा निकालने का आरोप

मनरेगा बना लूट का अड्डा बिचौलिया बेखौफ, अधिकारी मौन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मनिका/ लातेहार।** जान्हो पंचायत में स्वयंसेवक हो या बिचौलिए बेखौफ होकर मनरेगा में तांडव एवं लूट मचाये हुए हैं लाभुक का पैसा किसी भी व्यक्ति का आइडी लगाकर निकाल ले रहे हैं और लाभुक को इसकी जानकारी भी नहीं होने दे रहे हैं।

वहीं प्रखंड मुख्यालय स्थित जान्हों पंचायत में स्वयंसेवक के द्वारा अबुआ आवास योजना के लाभुक को मनरेगा के तहत मिलने वाली मजदूरी का पैसा निकाल कर गबन कर लिया गया है, जिसे लेकर लाभुक ने बीडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई एवं न्याय दिलाने की मांग किया है।

वहीं लाभुक ने बताया कि बिनोद उरांव, पिता राजू उरांव के नाम से उसे अबुआ आवास योजना मिला है, जिसका कार्य कोड 3406004010/ आइएफ 7080903969504 है और योजना में मनरेगा के तहत मिलने वाली मजदूरी में कुल 21 हजार 996 रुपए की राशि निकासी की गयी है। उक्त राशि विभिन्न मास्टर रोल संख्या 13500, 23413, 11740 तथा 6089 के माध्यम से भुगतान दर्ज किया गया है। वहीं मनरेगा वेबसाइट के माध्यम से किये गये जांच में यह तथ्य सामने आया कि मास्टर रोल संख्या 6089 एवं 11740 में स्वयंसेवक कालू उरांव के द्वारा कालू उरांव एवं अपनी पत्नी बबीता देवी के नाम से 6 हजार 768 रुपए की राशि का अनुचित निकासी किया गया है। लाभुक का कहना है कि स्वयंसेवक कालू उरांव के द्वारा बिना बताए ही अपना वह किसी और का आइडी लगाकर मजदूरी का पैसा निकाला गया है जिसकी लाभुक को कोई जानकारी नहीं थी और स्वयंसेवक ने उन्हें पैसा भी वापस नहीं दिया है। इस विषय पर सामाजिक कार्यकर्ता श्यामा सिंह ने कहा कि मनिका प्रखंड के कुछ स्वयंसेवकों द्वारा इस प्रकार की वित्तीय अनियमितताएं की जा रही हैं, जिससे सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। उन्होंने बताया कि जान्हों पंचायत में कई लाभुकों के साथ स्वयंसेवक एवं बिचौलिए अनियमितता कर रहे हैं, जिसकी गंभीरता से जांच हो तो इस तरह के भ्रष्टाचार से पर्दा उठ पायेगा। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर संबंधित स्वयंसेवक को तत्काल पद से हटाया जाये तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## उग्रवादी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**गारु (आजाद सिपाही)।** बारेसाढ़ पुलिस ने माओवादी उग्रवादी रविंद्र गंझु ग्राम हेसला बांझीटोला, थाना चंदवा जिला लातेहार (झारखंड) के घर इश्तेहार चिपकाया गया है। इसका नेतृत्व बारेसाढ़ थाना के एस आई विजय कुमार महतो ने किया। उन्होंने बताया कि फरार उग्रवादी रविंद्र गंझु के विरुद्ध बारेसाढ़ थाना में कांड संख्या 07/22 दर्ज है। उग्रवादी वर्ष 2022 से फरार चल रहा है। लंबे समय से स्थानीय पुलिस उसकी तलाश कर रही है। एसआइ विजय कुमार महतो ने उसके घर जाकर परिजनों एवं गवाहों की मौजूदगी में इश्तेहार चस्पा किया। स्पष्ट चेतावनी दी गयी कि रविंद्र गंझु ने न्यायालय या थाना में आत्मसमर्पण नहीं किया तो न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायकगी। मौके पर बारेसाढ़ थाना के सिपाही सुधीर लकड़ा, सिपाही ओमिलाल मरांडी, लाडले हसन मौजूद थे।

## भंडरा प्रखंड शिक्षा समिति की बैठक



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को प्रखंड शिक्षा समिति की बैठक बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें विद्यालय के अध्यनरत छात्र–छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मध्याह्न भोजन योजना सुचारू रूप से चलाने, बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए अभिभावक संपर्क अभियान चलाने, शिक्षकों के समय पर विद्यालय आने–जाने, रसोईया की बहाली, साफ–सफाई, छात्र–छात्राओं के अनुपात में शिक्षकों की कमी दूर करने और रसोई घर का निर्माण सहित अन्य कई विन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। इन सभी बिदुओं पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव भी लिया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि विद्यालय में छात्र–छात्राओं की अनुपात में शिक्षक नहीं होने से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है, यह चिता का विषय है। उन्होंने कहा कि कई विद्यालय का सबसे पुराना भवन काफी जर्जर हो चुका है। आयोजित बैठक के दौरान सदस्यों ने शिकायत किया कि विद्यालय में विशिस की बैठक नियमित रूप से नहीं हो रहा है। जबकि नियमानुसार प्रत्येक माह बैठक होना चाहिए। बीडीओ ने शिक्षा कर्मियों को प्रत्येक माह बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम साहू, लाल विजय चौहान, बीपीओ रामविजय खलखो, निशांत कुमार, महाबीर साहू, अनिसूल अंसारी, अंगद गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

## दुर्गा बाड़ी में पारंपरिक रूप से हुई लक्खी पूजा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार की देर शाम को दुर्गा बाड़ी समेत कई स्थानों पर प्रतिमा स्थापित कर सार्वजनिक लक्खी पूजा आयोजित की गयी। वहीं बंगाली समाज द्वारा अपने निजी घरों में भी मां लक्खी की पूजा की गयी। दुर्गा बाड़ी में पुरोहित जाधव राय द्वारा धार्मिक अनुष्ठान बिधिवत संपन्न कराया गया वहीं पूजा के उपरांत भव्य भण्डारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धांलुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। मान्यता है कि इस दिन धन की देवी लक्ष्मी घरों में प्रवेश करती हैं। इसलिए बंग समाज की महिलाओं द्वारा अपने–अपने घरों को सुंदर रंगोली और अल्पना से सजाया गया था, साथ ही मां लक्ष्मी के पैरों के छाप उकेरे गए थे। पूजा के दौरान मंत्र और भजन–कीर्तन के द्वारा लक्ष्मी के घर आने का आह्वान किया गया। पूजा को ले बंग समाज द्वारा सुबह से ही तैयारी की जा रही थी वहीं शाम होते ही पूजा का विधान शुरू हो गया। पूजा स्थान में धान की बालियां रखी गयी। दुर्गा बाड़ी में पूजा के अवसर पर विजय गोपाल दत्ता, देवाशीष कार, भास्कर दासगुप्ता,सपन दत्ता,तापस रॉय नयन रंजन दत्ता,समित डे,सपन दास, दीनबंधु डे, सोमनाथ दत्ता सुदेब दत्ता, तन्मय दत्ता, निखिल सर्राफ, मिनमोई दास, तुला समेत बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## बाबा नाम केवलम कीर्तन से गुंजायमान हुआ चंदवा




**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा अमझरिया आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से चंदवा के मुख्य सड़क पर एक शोभा यात्रा निकाली गयी पूरे चंदवा में घूम–घूम कर बाबा नाम केवलम महामंत्र का जाप किया गया। आनंद मार्ग प्रचारक संघ के आचार्य मंत्रजपानंद अवधूत ने कहा कि कीर्तन नगर, अमझरिया, संपूर्ण ब्रह्मांड के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अष्टाक्षरी सिद्ध महामंत्र बाबा नाम केवलम का उद्गम स्थल है, जिसे सद्गुरु श्री आनंदमूर्ति ने 8 अक्टूबर 1970 को अमझरिया, लातेहार भारत में स्थापित किया था। आठ अक्षरों वाला यह शक्तिशाली और सार्वभौमिक मंत्र, सार्वभौमिक प्रेम का सार है और दुनिया भर के आध्यात्मिक साधकों द्वारा इसका अभ्यास किया जाता है। अमझरिया में हुई इस ऐतिहासिक घटना ने इस गहन मंत्र के प्रवर्तन को चिह्नित किया, जिसने एकता, प्रेम और आनंद के अपने संदेश को विश्व के कोने–कोने तक पहुंचाया। यह अष्टाक्षरी कीर्तन मंत्र प्राण–प्रतिष्ठित है और इसमें अपार शक्ति समाहित है। कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, समुदाय, रंग या देश का क्यों न हो – यदि वह कीर्तन गाता है, तो उसे लाभ होगा। साथ ही, समाज को भी लाभ होगा। बाबा नाम केवलम के साथ मानवता को उपर उठाना है।

## कुम्हरिया गांव में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** पशुपालन विभाग की ओर से प्रखंड के आकाशी पंचायत अंतर्गत कुम्हरिया गांव में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कुल. 28 पशुपालकों के 129 पशुओं की जांच कर दवाईयां वितरित की गयी। विशेषज्ञों ने पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण, मौसमी बीमारियों से बचाव एवं पशुपालन की उन्नत तकनीकों के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार ने पशुपालकों को विभागीय योजनाओं जैसे राज्य पशुधन मिशन की जानकारी दी गयी। इसके अलावे विभाग द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की विस्तार से समझाया कि इन योजनाओं से पशुपालकों को आर्थिक लाभ मिल सकता है और पशुपालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। मौके पर पशुपालक किसान उपस्थित थे।


# गढ़वाटांड मैदान में स्टेडियम निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत गढ़वाटांड मैदान में हो रहे स्टेडियम निर्माण कार्य को लेकर मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर काम को जबरन रुकवा दिया और ठेकेदार सहित विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जतायी। ग्रामीणों का आरोप है कि स्टेडियम का निर्माण बिना जनसहमति और पारदर्शिता के किया जा रहा है। आक्रोशित ग्रामीण बोले शिक्षण और धार्मिक संस्थान के साथ छेड़छाड़ न करें प्रशासन। वही चयनित स्थल उपयुक्त नहीं है और इससे स्थानीय लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि स्टेडियम निर्माण होने के कारण लोगों के आने-जाने के कई रास्ते बंद हो गये हैं, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। प्रभावित महिलाओं की मांग है कि प्रशासन पहले वैकल्पिक रास्तों की व्यवस्था करे, तभी निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जाये। ग्रामीणों ने कहा कि मैदान परिसर में स्थित सरकारी स्कूल भवन और दुर्गा मंडप को भी स्टेडियम की सीमा में शामिल कर लिया गया है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और धार्मिक गतिविधियां प्रभावित होंगी। ग्रामीणों ने कहा कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन किसी भी परियोजना से पहले स्थानीय जनता की सहमति और सुविधा का ध्यान रखा जाना आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में कई बार प्रशासन को आपत्ति दर्ज करायी गयी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विरोध करने वाले वार्ड सदस्य गीता सिंह, श्यामली शर्मा, शोभा देवी, रिंकी देवी, सीमा देवी, जूही बीबी, रेखा देवी, मालती देवी समेत अन्य महिला पुरुष ग्रामीणों ने कहा कि यदि प्रशासन ने शीघ्र सुनवाई नहीं की, तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा।

## अंचल क्षेत्र के ग्राम प्रधानों का भौतिक सत्यापन



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बैठक आयोजित कर अंचल क्षेत्र के सभी गांव के ग्राम प्रधानों का प्रभारी अंचल निरीक्षक और प्रधान सहायक के द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। प्रभारी अंचल निरीक्षक प्रवीण साहू और प्रधान सहायक बीफाई उरांव द्वारा बताया गया कि सत्यापन के क्रम में सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों को सम्मान राशि उचित व्यक्ति को मिल रहा है अथवा नहीं। किन किन गांवों में ग्राम प्रधान की मृत्यु के पश्चात ग्राम प्रधान पद रिक्त है उसे चुनावी प्रक्रिया के तहत पुनः चयनित कर ग्राम प्रधान का बहाली करने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही बताया कि राजस्व ग्राम में ग्राम प्रधान नहीं होने के कारण सरकार द्वारा सनचलित योजनाओं का प्रक्रिया के लिये गांव में परेशानी होती है। जिसके लिये अंचल क्षेत्र के सभी गांव में ग्राम प्रधान का होना आवश्यक है। सत्यापन के पश्चात जिन जिन गांवों में ग्राम प्रधान नही है। उन सभी गांव में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा योग्य व्यक्ति का चयन कर ग्राम प्रधान बनना है। जिसे सरकार द्वारा ग्राम प्रधान को मिलने वाला सम्मान राशि मिल सके। मौके पर रविन्द्र भगत, सुकरा उरांव, दुखिया भगत, राजेन्द्र उरांव, कैला मुंडा, जोगेंद्र उरांव, बंधनु उरांव, रामदेव पहान, सोमा उरांव समेत अंचल क्षेत्र के अन्य सभी ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

# लगातार परिश्रम करने से सफलता आवश्य मिलती है : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत अरु ग्राम स्थित नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु के खेल प्रांगण में आयोजित नंदलाल प्रसाद स्मारक फुटबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन किया गया। आयोजित टूर्नामेंट में बालक वर्ग में 32 टीम और बालिका वर्ग में 8 टीम भाग ली थी। वही फाइनल मैच के मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ कुमार ताराचन्द और विशिष्ट अतिथि दुर्गेश प्रसाद साहू द्वारा महात्मा गांधी और स्व नन्दलाल प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारम्भ कराया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ कुमार ताराचन्द ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अथक प्रयास और लगातार परिश्रम करने से सफलता मिलती है। आप सभी खिलाड़ी होनहार और प्रतिभावान हैं। खेल को खेल के नियमानुसार खेलें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपना खेल प्रतिभा को निखारने के प्रयास करें। विशिष्ट अतिथि दुर्गेश प्रसाद ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना का समय को छोड़ कर यह टूर्नामेंट लगातार 1992 से आयोजित होते आ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ने के लिये यह मंच तैयार किया गया है। बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला ब्लैक डायमंड तिगरा व एफसी रांची के बीच खेला गया। जिसमे एफसी रांची की टीम एक गोल से जीत कर विजेता बनी तथा बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला ग्रीन आर्मी रांची और ब्लैक डायमंड तिगरा के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी सूटआउट में ग्रीन आर्मी की टीम ब्लैक डायमंड तिगरा को 4-2 से हरा कर खिताब पर कब्जा जमाया। वही विजेता उपविजेता और तृतीय, चतुर्थ, पंचम, षष्ठ, सप्तम और अष्टम स्थान प्राप्त सभी टीमों को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कार स्वरूप नगद राशि दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर सूखैर भगत, संदीप गुप्ता, कामेश्वर सिंह, प्रकाश उरांव, नन्दकिशोर शुक्ला, अनिल उरांव, शौकत अंसारी, विजय पाठक, फज्ल अब्बास,नेसार अहमद, बुदु भगत, गौतम प्रसाद,तबारक हुसैन समेत सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 08 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



# पलामू डीसी के निर्देश पर सदर एसडीओ ने केंद्रीय कारागार में किया औचक निरीक्षण

**टीम ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि सभी व्यवस्थायें जेल मैनुअल के अनुरूप ही संचालित हों**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी के निर्देशानुसार सोमवार की शाम सदर एसडीओ सुलोचना मीणा के नेतृत्व में प्रशासनिक पदाधिकारियों की एक टीम द्वारा केंद्रीय कारागार मेदिनीनगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने जेल मैनुअल के प्रावधानों के अनुरूप विभिन्न व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

निरीक्षण के क्रम में कैदियों की उपस्थिति पंजी, भोजन एवं पेयजल की गुणवत्ता,स्वास्थ्य सेवायें एवं औषधि उपलब्धता, अभिलेख संधारण, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था, बैरकों की स्थिति, कपड़ा एवं आवश्यक सामग्री वितरण, मुलाकात पंजी तथा अनुशासनात्मक प्रावधानों की स्थिति की जांच की गयी। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या गतिविधि नहीं पायी गयी। टीम द्वारा जेल अधीक्षक और अन्य संबंधित कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गयी और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि सभी व्यवस्थायें जेल मैनुअल के अनुरूप ही संचालित हों। एसडीओ ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से कराया जायें, भोजन की गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी रखी जाये तथा स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न रहे।

### क्या कहना है पलामू उपायुक्त का

पलामू डीसी समीरा एस ने बताया कि केंद्रीय कारागार की व्यवस्था कानून-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः पारदर्शिता, अनुशासन एवं सुशासन सुनिश्चित करने हेतु इस प्रकार के औचक निरीक्षण समय-समय पर जारी रहेंगे।

## उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने मधुपुर प्रखंड और ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण



देवघर (आजाद सिपाही)। मंगलवार को उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने मधुपुर प्रखंड एवं प्रखंड के ग्राम पंचायत कार्यालय बूढ़ई और जाभागूड़ी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रखंड कार्यालय में कार्यरत कर्मियों से किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली और कार्यालय में संधारित सभी पंजियों की जांच की। सभी पंजियों को अद्यतन करने तथा उचित तरीके से संधारित करने के निर्देश दिये गये। साथ ही उप विकास आयुक्त ने आवास और मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की और अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये। निरीक्षण के क्रम में ग्राम पंचायत कार्यालय बूढ़ई और जाभागूड़ी का भी निरीक्षण किया गया। पंचायत में मनरेगा के तहत संधारित सात अनिवार्य पंजियों की जांच की गयी और उन्हें अद्यतन करने के निर्देश दिये गये। पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक को समय पर पंचायत भवन खोलने और सभी पंचायत संबंधित कार्य वहीं से करने का निर्देश भी दिया गया। निरीक्षण में प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुपुर, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, आवास समन्वयक, संबंधित पंचायत सेवक, रोजगार सेवक और जिला स्तरीय टीम उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना प्रत्येक कर्मी की जिम्मेदारी है और कार्य में देरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# जनता दरबार में सुनी गयी लोगों की समस्यायें कई मामलों का ऑन द स्पॉट हुआ समाधान

**अपर समाहर्ता ने कहा कि जिन समस्याओं का तत्काल समाधान संभव नहीं है, उनकी जांच कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** जिलावासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार की अध्यक्षता में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। जनता दरबार में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्यायें रखीं, जिनमें भू-अर्जन और मुआवजा भुगतान, अनुकंपा नियुक्ति, बिजली बिल माफी, मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना, फसल बीमा, भू-राजस्व, पेंशन और आवास से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। अपर समाहर्ता ने एक-एक कर सभी शिकायतकर्ताओं की बात सुनी और कई मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान किया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को आश्वस्त किया कि जिन समस्याओं का तत्काल समाधान संभव नहीं है, उनकी जांच कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। जनता दरबार में प्राप्त विभिन्न आवेदनों पर एसडीओ रवि कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन की भौतिक जांच कर जल्द से जल्द समाधान प्रस्तुत करें। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी विभाग एक सप्ताह के भीतर अपनी प्रतिवेदन रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता समेत कई विभागों के अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे। जनता दरबार के आयोजन से लोगों में उम्मीद की नई किरण जगी है।

## अविनाश देव ने भगवान बिरसा की मिट्टी की तस्वीर भेंट कर राज्यपाल का किया स्वागत



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य अविनाश देव ने राज्यपाल का भगवान बिरसा की मिट्टी की तस्वीर भेंट कर पलामू की पावन धरती पर स्वागत किया। विदित हो कि सोमवार को राज्यपाल नीलांबर पीताम्बर विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में शिरकत करने पलामू आए थे। समारोह के दौरान ही मंच पर अविनाश देव ने उनका स्वागत किया। जिले के शैक्षणिक स्थितियों से महामहिम को अवगत कराया और शैक्षणिक मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा किया। मुलाकात के बाद अविनाश देव ने कहा कि पलामू के शैक्षणिक स्थिति पर बातचीत हुई। महामहिम ने विश्वविद्यालय सहित जिले की शिक्षा की स्थिति को बेहतर करने का आश्वासन दिया है।

## डीसी की अध्यक्षता में भू-अर्जन संबंधी बैठक संपन्न, मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को एनएच 75, फोरलेन पथ निर्माण, आरओआर, आरओबी और सरकार के सड़क निर्माण परियोजनाओं के प्रगति से संबंधी बैठक की। एनआईसी स्थित सभागार से आयोजित वर्चुअल बैठक में उपायुक्त ने एनएचएआई के विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान की समीक्षा की। पिछले तीन माह में अपेक्षित प्रगति नहीं होने व कार्य में शिथिलता बरतने को लेकर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को डीसी ने कार्य में प्रगति लाने की चेतावनी दी। इसी क्रम में उपायुक्त ने भू-अर्जन कार्यालय के लिपिकों का अक्टूबर माह का वेतन स्थगित रखने के निर्देश दिये। भोगु से शंखा तक सेक्शन 111 के भू-अर्जन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि सदर अंचल अंतर्गत 60 से अधिक, नवाबजार में 100 से अधिक, विश्रामपुर में 20 से अधिक एलपीसी पेंडिंग है। वहीं विभिन्न अंचलों के कई अवॉर्डीयों के बीच 60 करोड़ से अधिक मुआवजा दिया जाना है। उन्होंने सभी सीओ को रैयतों से वार्ता कर सभी तरह के कार्यों को ससमय निष्पादित करने की बात कही। इस अवसर पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विजय केरकेट्टा, हुसैनाबाद भूमि सुधार उप समाहर्ता समेत संबंधित सीओ मौजूद रहे।

# संत जेवियर्स स्कूल सातर की सात बसों की जांच, छह बसों पर 19,900 रुपये जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** मंगलवार को जिला परिवहन विभाग की टीम द्वारा संत जेवियर्स स्कूल, सातर की बसों की जांच की गयी। जांच के दौरान कुल 7 बसों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कई अनियमिततायें पायी गईं। इनमें प्रेशर हॉर्न का उपयोग, बस की फिटनेस में कमी, फर्स्ट ऐड किट की अनुपलब्धता, इमरजेंसी गेट का नहीं रहना तथा लाइट के नहीं जलने जैसे मामले शामिल थे।

इन खामियों के मद्देनजर कुल 6 बसों पर जुर्माना लगाया गया और उनसे 19,900 रुपये का चालान वसूला गया। जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार प्रियदर्शी ने विद्यालय प्रबंधन को चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि सभी बसों के आवश्यक कागजात, फिटनेस प्रमाणपत्र एवं सुरक्षा उपकरणों को तत्काल अपडेट किया जाये, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण दल में जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार प्रियदर्शी, जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार, मोटरयान निरीक्षक अमित झा, प्रथम कुमार रजवार, सुभाष तिग्गा, तथा सड़क सुरक्षा प्रबंधक शिव कुमार सहित अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। स्कूल बसों की नियमित जांच जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## सदर बीडीओ को मिला चैनपुर सीओ का अतिरिक्त प्रभार



चैनपुर(पलामू) (आजाद सिपाही)। चैनपुर अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल का बीते माह ट्रांसफर चैनपुर से हजारीबाग हो जाने के कारण अंचल का काम प्रभावित हो रहा था। वहीं सदर के अंचलाधिकारी अमरदीप बलहोत्रा को चैनपुर अंचलाधिकारी के पद पर अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। लेकिन बीते दिन सोमवार को उनका भी सामान्य शाखा आर्म्स मजिस्ट्रेट स्थापना और चौकीदार शाखा का प्रभार दिया गया। इसी को लेकर पलामू डीसी समीरा एस के निर्देश पर मंगलवार को सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो को चैनपुर अंचल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं प्रभारी सीओ सह बीडीओ जागो महतो ने कहा कि दाखिल-खारिज के आवेदनों को ससमय व नियम संगत निष्पादन किया जायेगा।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के जाने-माने कमेंटेटर चारू शर्मा पहुंचे देवघर

**डॉ. सुनील खवाड़े ने की मुलाकात, खेल और खिलाड़ियों के विकास पर हुई सार्थक चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े ने मंगलवार को स्थानीय पोर्टिको सरोवर होटल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की दुनिया के जाने-माने भारतीय कमेंटेटर और प्रो कबड्डी लीग के निदेशक चारू शर्मा से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान चारू शर्मा से देवघर जिले में खेलों से जुड़ी गतिविधियों पर सार्थक चर्चा हुई। डॉ. सुनील खवाड़े ने चारू शर्मा को बताया कि कैसे देवघर में पहली बार स्कूल ओलंपिक की शुरूआत उनके प्रयास से हुआ है। चारू शर्मा ने डॉ. सुनील खवाड़े को भरोसा दिलाया कि देवघर समेत पूरे झारखंड में खेल और खिलाड़ियों के उत्थान को लेकर जब भी उनकी आवश्यकता पड़ेगी, वे हर संभव मदद करने को तत्पर रहेंगे। डॉ. सुनील खवाड़े ने झारखंड में सर्वाधिक प्रचलित खेल हॉकी के बारे में उन्हें बताया कि कैसे यहां के आदिवासी और जनजातीय इलाके में हॉकी का क्रेज है और जंगल और पहाड़ों से संसाधन नहीं रहने के बाद भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल रहे हैं। यह सुनकर चारू शर्मा काफी प्रभावित हुए और उन्होंने भरोसा दिलाया कि खेल और खिलाड़ियों के विकास को लेकर काफी सक्रिय हैं और उसमें डॉ सुनील खवाड़े जैसे खेल प्रेमियों का योगदान मील का पत्थर साबित हो रहा है। देवघर जिले के खिलाड़ियों को तरासने डॉ. सुनील खवाड़े के योगदान की जितने भी प्रशंसा की जाए, कम होगी। डॉ. सुनील खवाड़े से मिलकर चारू शर्मा भागलपुर के लिए रवाना हो गये, जहां बुधवार को भागलपुर प्रीमियर लीग को लेकर खिलाड़ियों के ऑक्शन में भाग लेंगे। डॉ सुनील खवाड़े के साथ चारू शर्मा से मुलाकात करने वालों में जिला खेल प्राधिकरण के सचिव आशीष झा, जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव नवीन शर्मा, जिला चेस संघ के संयुक्त सचिव प्रकाश भारद्वाज, जिला कबड्डी के कोच आलोक कुमार, एथलेटिक्स के कोच दीपक कुमार भी थे।

## मधुपुर रेलवे ट्रेनिंग पार्क के समीप रेलवे समपार फाटक और मार्ग बंद करने का ग्रामीणों ने जताया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** मधुपुर गिरिडीह मुख्य रेल मार्ग के रेलवे ट्रेंनिंग पार्क के निकट मधुपुर गिरिडीह रेलखंड में पड़ने वाले समपार फाटक नंबर 1 पर बने फाटक व मार्ग बंद करने पहुंचे थे रेलवे अधिकारियों व कर्मियों को बिना फाटक बंद किये खाली हाथ लौटना पड़ा। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही दर्जनों भर महिलाएं एवं पुरूष जमा हो गये और विरोध कर ग्रामीणों ने हंगामा करने लगे। सूचना पर आरपीएफ इंस्पेक्टर हरेंद्र कुमार सिंह सब-इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद मधुपुर थाना की एएसआई आरएस मुंद्री दल बल के साथ मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाया बुझाया लेकिन लोगों ने काम बंद करवा दिया और लिखित आवेदन आरपीएफ के साथ साथ रेलवे के आला अधिकारी को भी इस मामले को लेकर आवेदन देकर समाधान कि जायेगा। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक हम लोगों का समाधान नहीं हो जाये तब तक फाटक बंद नहीं किया जाये। फिलहाल अभी गेट को खोल दिया गया है। वहीं ग्रामीण सलैश यादव, भोला यादव, संजय यादव, परवीन यादव, सुरज यादव, विनोद यादव आदि ने बताया कि रेललाइन बनने से पहले से यह हम लोगों का गांवों का मुख्य रास्ता है। लोगों की सुरक्षा के लिए फाटक बनायी गयी थी। इससे लोगों को कोई दिक्कत नहीं थी। छोटी-बड़ी गाड़ियां भी आसानी से गांव चली जाती है। हालांकि, फाटक बंद करने से पहले रेलवे ने हरलाताांड़ मार्ग के पास रेलवे लाइन के सड़क का निर्माण कराया है। यह सड़क हमलोगों के लिए काफी दुर है। ग्रामीणों ने बताया कि फाटक बंद होने से हजारों लोगों को आवागमन में परेशानी होगी।

## विधायक चुन्ना सिंह ने जनता की शिकायतें सुनीं अधिकारियों को दिये निर्देश

देवघर (सारठ) (आजाद सिपाही)। सारठ प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को आयोजित 'संपूर्ण निराकरण कार्यक्रम' में विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह ने जनता की समस्याओं की सुनवाई की। विधायक ने मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण कराया, वहीं अवशेष मामलों को संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देशों के साथ सौंपा गया। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि जनता की छोटी से छोटी समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है, और इसके लिए सभी अधिकारी जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ काम करें। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा, 'मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का उद्देश्य है कि राज्य के हर व्यक्ति की समस्या को सुना जाए और उसका समाधान तुरंत किया जाये।'

## खाद्य ट्रांसपोर्टिंग कंपनी पर मजदूरों का आरोप, दो साल से नहीं मिली मजदूरी



खाद्य गोदाम पर मामले की जानकारी देते मजदूर।

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में स्थित खाद्य आपूर्ति विभाग के गोदाम में कार्यरत मजदूरों ने रामदास साहू ट्रांसपोर्टिंग कंपनी पर दो वर्षों से मजदूरी न देने का आरोप लगाया है। मजदूरों का कहना है कि उन्हें प्रति बोरा 8.75 रुपये मजदूरी मिलनी चाहिए, लेकिन कंपनी द्वारा सिर्फ 4 रुपये प्रति बोरा भुगतान किया जा रहा है। शेष राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। मजदूर रामजी राम, शिव भजन राम, राम भूषण राम, मुन्ना राम और परीखा राम ने बताया कि लंबे समय से वे गोदाम में खाद की लोडिंग-अनलोडिंग का काम कर रहे हैं, पर उनका मेहनताना नहीं मिल रहा। उन्होंने कंपनी के कर्मचारी बैजू सावन पर मजदूरी की राशि गबन करने और विरोध करने पर धमकाने का भी आरोप लगाया। मजदूरों ने एजीएम सच्चितानंद राम से शिकायत की और उपयुक्त से मामले की जांच कर बकाया मजदूरी दिलाने व दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## मुखिया अमरेंद्र ठाकुर बने दंगवार छठ पूजा कमिटी के अध्यक्ष व संतोष सचिव



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम दंगवार में छठ पूजा मनाने को लेकर समाजसेवी डॉ अखिलेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पूजा को भव्य तरीके से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। पूजा के सफल संचालन को लेकर एक कमिटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से पंचायत के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावे हीरा लाल चौधरी को उपाध्यक्ष, संतोष राम को सचिव, दीपक गुप्ता उप सचिव, मनोज प्रसाद गुप्ता, अखिलेश प्रसाद, कमलेश साह, सुनील सिंह, रंगबहादुर सिंह को महामंत्री, वकील सिंह संगठन मंत्री, राजेश चौधरी व राकेश चौधरी को कोषाध्यक्ष, दिलीप चौधरी, सुधीर ठाकुर, विवेक सिंह, प्रफुल रजक, बसंत अलबेला और पंकज चौधरी को रक्षा मंत्री बनाया गया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, विवेक गुप्ता, श्रवण पाठक, संजय ठाकुर, श्याम कुमार, बिट्टू सिंह, गोलू चौधरी, दया कुमार, दिनेश सिंह, कुश प्रजापति, प्रतीक शर्मा, रंजन गुप्ता के अलावे सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बिहार कुम्हार समन्वय समिति का सम्मेलन आसन्न विधानसभा चुनाव को करेगा प्रभावित : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** बिहार कुम्हार समन्वय समिति जिला कमिटी औरंगाबाद द्वारा रफीगंज प्रखंड सम्मेलन में रविवार को माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य अविनाश देव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उनका जिला कमिटी के सचिव अंगवस्त्र फूलमाला पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कुम्हार समाज के सैकड़ों महिला पुरुष प्रखंड सम्मेलन में भाग लिए जो भविष्य के लिए संकेत है कि संघर्ष के मैदान में बड़ी ताकत बन कर एक दिन यह समाज उभरेगा। अपने महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किए और संकल्प को दुहराये। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अविनाश देव ने कहा कि आजादी के अस्सी साल होने जा रहा है हमारा समाज आजादी के जंग में अपना लहू बहाया है किंतु उसका इतिहास नहीं है। देश में आजादी का अमृत महोत्सव चल रहा है लेकिन कुम्हार सामाज के प्रतिनिधित्व नगण्य है शून्य है, यह शून्यता जहर सा प्रतीत हो रहा है। क्या सामाजिक न्याय का यही सपना हमारे शहीदों ने देखा था? क्या कर्पूरी, जेपी, जगदेव, मंडल लोहिया का यही सपना था? साथियों! भाइयों एवं बहनों! बिहार विधानसभा का चुनाव सामने है कल से परसो तक अधिसूचना जारी हो जायेगा। इस चुनाव में हमारा समाज का भूमिका क्या होगा, हम कहां खड़े होंगे? राजनीतिक पार्टियां हमें स्थान कहां देंगी? आज इसी हयात के हॉल में हम सब को तय कर लेना है। हमारी एकजुटता हमारी चट्टानी एकता हम सभी का सम्मिलित ताकत ही बिहार विधानसभा का चुनाव में जगह दिलायेगी। कोई बाहरी नेता आए उसे दो टुक कह देना है समन्वय समिति के अध्यक्ष महामंत्री जो निर्देश देंगे हम उसी को अक्षरशः पालन करेंगे। हमारी मुक्ति का मार्ग सड़क और संसद है इसीलिए डॉक्टर लोहिया ने कहा था सड़क सुनी पड़ जाये तो संसद आवारा हो जायेगा। सदन के अंदर हमारा मुखर आवाज गूंजे इसके लिए आपका भाई आपका दोस्त अविनाश देव भगवान बिरसा की धरती से भगवान बुद्ध की धरती पर आया है। हमें आशा है इस बार बिहार विधानसभा में परिवर्तन का बयार बहेगा।

## जिला स्तरीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण प्रशिक्षण कार्यशाला

देवघर (आजाद सिपाही)। मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ. जुगल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एक दिवसीय रीऑरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सिविल सर्जन सभागार, देवघर में किया गया। इस प्रशिक्षण में मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानीज इंसेफेलाइटीस (दिमागी बुखार) और कालाजार जैसे वैक्टर जनित रोगों के नियंत्रण पर विशेष जोर दिया गया। जिले के सभी प्रखंडों और शहरी क्षेत्रों से कुल 40 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स (सीएचओ) ने इसमें भाग लिया। डॉ. बिजीत ने बताया कि मच्छर प्रायः स्थिर पानी में पनपते हैं। कार्यक्रम में जिला एपीडेमियोलॉजिस्ट डॉ. मनीश शेखर भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में प्री और पोस्ट टेस्ट लिया गया, जिसमें सभी सीएचओ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रोग नियंत्रण के प्रति अपनी तैयारी का प्रमाण दिया।

## देवघर में वन्यप्राणी सप्ताह का समापन

**बच्चों में दिखा पर्यावरण संरक्षण का उत्साह**



देवघर (आजाद सिपाही)। वन प्रमंडल देवघर के तत्वावधान में वन्यप्राणी सप्ताह 2025 का समापन समारोह आज संत मैरी बालिका उच्च विद्यालय, देवघर में उत्साहपूर्वक एवं भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम के उपरांत वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) अभिषेक भूषण ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली का संदेश दिया। इस अवसर पर एसबीओ कृष्णानंद तिवारी ने वन्यप्राणी सप्ताह के उद्देश्य और सप्ताहभर चली गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने 'वन बचाओ, वन्य जीव बचाओ' थीम पर एक प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। छोटे बच्चों द्वारा 'एनिमल किंगडम' पर आधारित मुखौटा नृत्य विशेष रूप से सराहा गया। प्रख्यात पर्यावरणविद् रजत मुखर्जी ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि प्रकृति के हर जीव का अपना महत्व है। पक्षी और वन्यजीव हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के अभिन्न अंग हैं। हमें उनके प्रति संवेदनशील होकर उनके आवास और भोजन की रक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सप्ताह भर आयोजित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये गये। समापन समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या, शिक्षकगण, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# घाघरा के रुकी की घटना : नाली निर्माण के नाम पर बंदरबाट, बिना काम किये निकाली सरकारी धनराशि

**400 फीट नाली निर्माण के लिए साल 2024-25 में स्वीकृत हुई थी योजना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के रुकी पंचायत अंतर्गत बड़ा अजीयातू गांव में नाली निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र से जलमीनार तक 200 फीट और जलमीनार से मुख्य सड़क तक 200 फीट नाली निर्माण की योजना वर्ष 2024-25 में स्वीकृत हुई थी। इस वर्ष दोनों योजनाओं से लगभग 1-1 लाख रुपये की राशि निकाली तो गई, लेकिन आज तक एक कुदाल मिट्टी भी नहीं हिली। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के तात्कालिक सचिव आशिक मीर ने फर्जी भाउचर बनाकर राशि की निकासी कर ली। इस पूरे खेल में बिचौलियों की मिलीभगत बताई जा रही है। पूर्व में भी आशिक मीर पर घूस मांगने का आरोप लग चुका है, जिस पर प्रखंड स्तर पर जांच चल रही है। पंचायती राज प्रखंड समन्वयक विपिन कुमार की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। सवाल उठ रहा है कि इतनी बड़ी राशि की निकासी के बाद भी योजना स्थल पर कोई कार्य क्यों नहीं हुआ और समन्वयक ने वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना क्यों नहीं दी। ग्रामीणों का कहना है कि समन्वयक अक्सर ऐसे मामलों में लीपापोती कर अधिकारियों को गुमराह करते हैं। ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



### 'नाली' नहीं, सिर्फ 'निकासी'

रुकी पंचायत के अजीयातू गांव में नाली निर्माण के नाम पर विकास की राशि हजम कर ली गई। पंचायत सचिव आशिक मीर और बिचौलियों ने फर्जी वाउचर के जरिए करीब दो लाख रुपये की निकासी की, जबकि मौके पर कोई कार्य नहीं हुआ। पंचायत समन्वयक विपिन कुमार की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। स्थानीय लोग आरोप लगा रहे हैं कि यह अधिकारी हमेशा भ्रष्टाचार को बचाने में जुटे रहते हैं। अब जनता को न्याय की उम्मीद प्रखंड प्रशासन से है।

### दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : बीडीओ

बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि मामला बेहद गंभीर है। इसकी गंभीरता से जांच की जाएगी। जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बिना कार्य किए सरकारी राशि की निकासी अगर जांच में आती है तो किसी भी कीमत पर दोषी बख्से नहीं जायेंगें।

## ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच की जिला स्तरीय बैठक 12 को गुमला में

गुमला (आजाद सिपाही)। ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच गुमला की जिला स्तरीय बैठक 12 अक्टूबर को गुमला में होगी। जिसमें सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, विश्वामित्र, बारिश, पल्स, वेलफेयर सहित दर्जनों ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के जमा पैसे के जल्द भुगतान की मांग को लेकर आगामी कार्यक्रम तय की जाएगी। बैठक में मंच से जुड़े गुमला जिला के सभी 12 प्रखंड के प्रमुख नेताओं को बुलाई गई है। इसकी जानकारी झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। बताया कि रांची में होनेवाली प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

## हड़क हादसे में मारे गये युवक की मां ने थाने में दर्ज करायी शिकायत

**- धक्का मारने वाले युवक को ठहराया बेटे की मौत का जिम्मेदार**

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना में विगत दिनों सुरेंद्र कुमार साहु (20) नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी थी। गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र के सिसई बस्ती निवासी मृतक की मां सुशीला देवी ने पुसो थाना क्षेत्र के कोचा ग्राम निवासी बाइक चालक संदीप कुमार कुजूर को अपने बेटे की मौत के लिए जिम्मेदार मानते हुए उसके खिलाफ तेजगति और लापरवाही से बाईक चलाने और टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए सिसई थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सुशीला देवी ने लिखित आवेदन में बताया कि 16 सितंबर उसका बेटा सुरेंद्र कुमार साहु किसी जरूरी काम से दूसरे की बाइक लेकर पंडरानी ग्राम की ओर गया था। वहां से शाम करीब चार बजे पंडरानी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से कुछ दूर पहले विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे बाईक सवार संदीप कुमार कुजूर ने उसके बेटे सुरेंद्र की बाईक में सीधी टक्कर मार दी। जिस कारण सड़क पर गिरकर सुरेंद्र की मौके पर ही मौत हो यी। सुशीला ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसे पूरा विश्वास है कि बाईक चालक संदीप कुमार के धक्का मारने के कारण ही उसके बेटे की मौत हुई है। बताया कि मृतक पुत्र के क्रियाकर्म में व्यस्त होने के कारण पांच अक्टूबर को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए दोषी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# चाकू से गला काटकर युवक की हत्या, खेत से शव बरामद

## कामडारा की घटना : बहन के घर खाना खाने के बाद से था लापता

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** थाना क्षेत्र के मुरुमकेला गांव में अज्ञात अपराधियों द्वारा 34 वर्षीय एक युवक की चाकू से गला काटकर हत्या कर दिये जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान तेलेस्फोर केरकेट्टा के रूप में हुई है। वह मुरुमकेला गांव के ठेंगा टोली का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक गत सोमवार को गांव बकसपुर लापा में दोपहर को अपने बहन के घर पर खाना खाने के बाद मुरुमकेलाभबृ गांव के लिये निकला था। पर अपने घर मुरुमकेला नहीं पहुंचा। दूसरी ओर, घटना की जानकारी परिजनों को मंगलवार की सुबह आठ बजे मिली, जब मुरुमकेला गांव के एक खेत में उसका शव बरामद हुआ। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना कामडारा पुलिस को दी। मृतक की बहन सुशीला केरकेट्टा ने पुलिस को बताया कि उसका भाई अविवाहित और बेरोजगार था। जिस कारण वह कभी अपने बहन, तो कभी अपनी मां (कैंची मोड़ के पास होटल में काम करती है) के पास जाते रहता था। वह अक्सर नशे का सेवन करते रहता था। परिजनों की मानें तो संभवतः नशे की हालत में किसी से लड़ाई-झगड़ा हुआ होगा, जिसके बाद अपराधियों ने चाकू से मारकर उसकी हत्या कर दी। मृतक युवक की बहन ने कामडारा थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया है। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से शव बरामद कर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।



कामडारा के मुरुमकेला गांव में खेत से बरामद युवक का शव।

## घाघरा में रेत माफिया बेखौफ : थाने के सामने से दौड़ता है बालू माफियाओं का ट्रैक्टर, पुलिस मौन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र में अवैध बालू कारोबारियों का आतंक इन दिनों काफी बढ़ चुका है। पुलिस-प्रशासन से बेखौफ रेत माफिया अब थाना के मुख्य द्वार से ही बालू लदे ट्रैक्टर सरपट दौड़ाते नजर आ रहे हैं। तेज आवाज में गुजरते इन ट्रैक्टरों की गड़गड़ाहट के बावजूद पुलिस कर्मी मौन बने हुए हैं। रेत माफियाओं पर नकेल कसने के बजाय आंखें मुंद कर मनमानी करने दे रहे हैं। अब लोग पुलिस की भूमिका पर सवाल भी खड़े करने लगे हैं। कह रहे कि आखिर रेत माफियाओं पर कार्रवाई नहीं करने का कारण क्या है। बतातें चलें कि घाघरा नदी से प्रतिदिन खुल्आम बालू उठाव हो रहा है। एनजीटी के आदेश लागू हैं, लेकिन उसकी धज्जियां खुलकर उड़ाई जा रही हैं। पंचायत प्रतिनिधियों ने कई बार आपत्ति जताई, पर माफियाओं का नेटवर्क इतना मजबूत है कि मुखियाओं की आवाज भी धमकी देकर दबा दी जाती है। स्थानीय लोग भी डर कर चुप्पी साधे हुए हैं। बालू माफिया खुलेआम कहते हैं बालू के सामने जो आएगा, उसे कीमत चुकानी पड़ेगी। चौक-चौराहों पर माफिया बेखौफ बोलते हैं कि सब कुछ मैनेज है। बस सामने वाले की कीमत तय होनी चाहिए। वहीं, पुलिस एवं जिला प्रशासन नशे के खिलाफ कार्रवाई कर सुर्खियां बटोर रही, पर सरकार को हर महीने लाखों रुपये का नुकसान देने वाले बालू माफिया पर चुप्पी साधे बैठी है। इस संबंध में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद से फोन पर पूछे जाने पर कहा कि हम हाईकोर्ट में आए हैं। बाद में आपसे बात करेंगे। इसके बाद से कोई बात नहीं हुई।



**थाने के सामने हर दिन माफियाओं की परेड :** घाघरा थाना के ठीक सामने से प्रतिदिन अवैध बालू से भरे ट्रैक्टर गुजरते हैं। इंजन की आवाज इतनी तेज होती है कि दूर-दूर तक सुनाई देती है, फिर भी थाने में सन्नाटा रहता है। स्थानीय लोग कहते हैं कि यह नजारा रोज का है। बिना नंबर और ओवरलोड ट्रैक्टर खुलेआम सड़क पर दौड़ रहे हैं। पुलिस छोटे वाहनों को रोककर चालान काटती है, लेकिन बालू माफियाओं के ट्रैक्टर को देखना तक गुनाह मान लिया गया है।

### लाखों का काला खेल

प्रत्येक ट्रैक्टर से बालू माफिया छह से 10 हजार रुपये तक वसूली करते है। लगभग 200 ट्रैक्टर प्रतिदिन इस इलाके में अवैध रूप से बालू उठाव एवं बिक्री में लगे रहते हैं। महीने में 12 से 20 लाख रुपये तक की वसूली होती है। यह रकम केवल एक चैनल के जरिए ऊपर तक पहुंचती है। माफिया घाघरा मुख्यालय से लेकर जिला स्तर तक लाइनअप करने का दावा करता है। हैरानी की बात यह है कि उसका थाने में आना-जाना दिन के उजाले के साथ रात के अंधेरे तक जारी है। प्रशासन की यह चुप्पी न केवल भ्रष्टाचार की गंध देती है बल्कि यह भी दिखाती है कि कानून और अपराध के बीच की रेखा घाघरा में मिट चुकी है।

## डॉ संदीप 12 को गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड के प्रसिद्ध चर्म, कुष्ठ, थायरॉयड एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 12 अक्टूबर को गुमला में रहेंगे। पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक मरीजों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने दी। बताया कि रोगी समय पर आकर डॉ संदीप से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।**

## बिजली चोरी के खिलाफ अभियान, छह नामजद

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने राजस्व की हानि को रोकने के लिए कमर कसते हुए मंगलवार को चैनपुर प्रखंड के विभिन्न गांव में बिजली चोरी के विरुद्ध व्यापक छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान छह लोगों पर चैनपुर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। सहायक विद्युत अभियंता हरि उरांव के नेतृत्व में टीम ने बुधवार को महेशपुर, सिल्फडी, मड़ाईकोना और डहु ड़ड़गांव में छापामारी की। इस दौरान महेशपुर ग्राम निवासी शुभम भगत और वीरेंद्र गिरी को सीधे तार जोड़कर बिजली चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा गया। इसी तरह शिलफड़ी गांव निवासी अजीत केरकेट्टा, महेशपुर निवासी शिवकुमार साहू, मड़ाईकोना निवासी शशिकांत तिर्की और डाहु ड़ड़गांव निवासी अमित केरकेट्टा को भी बिजली चोरी करते पकड़ा गया। सभी के घरों से चोरी में इस्तेमाल तार को काटकर जब्त कर लिया है।

## पांच मोबाइल बरामद

**बसिया (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र से बिगत दो माह में गुम हुए पांच मोबाइल फोन को बसिया पुलिस ने सीइआइआर एप के माध्यम से लोकेश ट्रेस कर बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार होलिका कुमारी का मोबाइल फोन कोनबीर जाने के क्रम में रास्ते मे गिर गया था। वहीं, अनीश लकड़ा, सुनीता मोरेंग, वर्षा गुप्ता और बहादुर सांगा खूंटी के गुम फोन को बरामद कर सौंप दिया गया।**

## जन शिकायत निवारण दिवस में 50 से अधिक लोगों ने सुनाई समस्याएं

# उपायुक्त ने दरबार लगाकर सुनी पीड़ित लोगों की समस्याएं, त्वरित कार्रवाई की



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीसी प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 50 से अधिक आवेदक अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों में भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं के लाभ में बाधा, राशन कार्ड में नाम जोड़ने की समस्या, बिजली और पानी की आपूर्ति में खामियां प्रमुख रूप से सामने आईं। इसके अलावा श्रमिकों के भुगतान में देरी, आवास की कमी, पेंशन निर्धारण की समस्याएं, दुकान किराया वृद्धि और अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित मांगें भी डीसी के समक्ष रखी गईं। चपका गांव के श्रमिकों ने सूचना दी कि देवरिया जिले के भेड़ापाकड़ ग्राम के संजय सिंह के ईट भट्ठे में दिसंबर 2024 से जून 2025 तक काम किया, लेकिन श्रम का भुगतान नहीं मिला है। साथ ही उनके एक ऑटो वाहन को ईट भट्ठे के मालिक ने जबरन कब्जा ले लिया है। इस समस्या को तत्काल निवारण के लिए डीसी ने संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिये। वहीं, पुग्गू ग्राम के प्रधान ने ग्राम सभा के निर्णय के अनुसार पुग्गू कर्मडीपा एनएच 43 के पास स्वर्गीय कार्तिक उरांव की प्रतिमा स्थापना करने का आग्रह किया गया, जिस पर डीसी ने जल्द ही विधिक प्रक्रियाओं के अनुसार विचार कर आवश्यक निर्णय लेने का आश्वासन दिया। उधर, गुमला निवासी अनवरी खातून ने अत्यधिक वर्षा के कारण कच्चे मकान के टूटने पर आवास सहायता की मांग की। ग्राम डीपाटोली के सुशील उरांव ने भूमि विवाद से जुड़ी समस्याओं का उल्लेख किया, जिसमें जमीन के खतियान वितरण एवं जाति प्रमाण पत्र को लेकर जटिलताएं शामिल हैं। सेवानिवृत्त राजस्व उप निरीक्षक अशोक कुमार पाण्डेय ने अपने पेंशन निर्धारण में आ रही बाधाओं को लेकर शिकायत की, जिसमें राशि के गलत बजटशीर्ष में जाने के कारण पेंशन भुगतान में देरी हो रही है। इसके अलावा जनवरी 2025 में दुकानों के किराए में की गई वृद्धि के प्रति दुकानदारों ने पुनर्विचार की मांग रखी है। पंडरिया के हर्षवर्धन गोप ने अनुकंपा के आधार पर नौकरी के लिए आवेदन करने की समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया, क्योंकि मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में विलंब होने के कारण आवेदन करने में देरी हो रही है। इसी तरह विभिन्न विद्युत, जल आपूर्ति, राशन कार्ड और अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतें भी जनसुनवाई में दर्ज हुईं। डीसी ने प्राप्त सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस प्रशासन और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है। इसको नियमित बनाए रखा जाएगा, ताकि हर व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा हो सके।

## डीसी ने किया इवीएम वेयरहाउस हाउस का निरीक्षण

**गुमला (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी प्रेरणा दीक्षित ने मंगलवार को चंदाली स्थित इवीएम वेयरहाउस हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं, सीसीटीवी एवं अन्य उपकरणों की स्थिति और रख रखाव आदि की जांच की। उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण कर जायजा लिया और विद्युत व्यवस्था, बैलट यूनिट हॉल, अग्निशमन व्यवस्था, कमरों के सीलिंग, डबल लॉक की स्थिति एवं निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्य मानदंडों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन कार्यालय के कर्मी मौजूद थे।**


**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**

(भू–अर्जन निदेशालय) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **मौजा–ईरगाँव, थाना–लोहरदगा, थाना न0–228, अंचल–लोहरदगा, जिला–लोहरदगा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना "लोहरदगा जिला अन्तर्गत लोहरदगा नदिया मोड़ से ईरगाँव भाया अरकोसा–रामपुर पथ (लं0–10.59 कि0मी0) एवं ईरगाँव से भण्डरा पथ (लं0–8.66 कि0मी0) कुल लं0 19.25 कि0मी0 चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य "हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्ति किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **मौजा–ईरगाँव, थाना–लोहरदगा, थाना न0–228, अंचल–लोहरदगा, जिला–लोहरदगा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **1.825** एकड़ यानि **0.7385513** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है.......................

| क0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे भूखंड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन किया जाने वाला क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड संख्या) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 54 | 655 | रैयती | टाड़ दो | 0.031 | विली उरांव पिता सहदेव उरांव वो चैतु उरांव वो बन्धन उरांव पिता वुधु उरांव वगैरह | 655 | रेल लाईन | 656 | सिमाना |
| 2 | 54 | 656 | रैयती | टाड़ दो | 0.029 | विली उरांव पिता सहदेव उरांव वो चैतु उरांव वो बन्धन उरांव पिता वुधु उरांव वगैरह | 656 | रेल लाईन | 657 | 655 |
| 3 | 65 | 657 | रैयती | टाड़ दो | 0.042 | बुधु उरांव वो गोन्दउरी उरांव पिता लोदो उरांव वगैरह | 657 | रेल लाईन | रास्ता | 656 |
| 4 | 171 | 579 | रैयती | मोटा आर | 0.052 | वकास्त भुईहरी | 579 | रेल लाईन | 578 | रास्ता |
| 5 | 170 | 578 | रैयती | दोन दो | 0.010 | वकास्त भुईहरी | 578 | रेल लाईन | 577 | 579 |
| 6 | 170 | 577 | रैयती | दोन दो | 0.020 | वकास्त भुईहरी | 577 | रेल लाईन | 576 | 578 |
| 7 | 170 | 576 | रैयती | दोन दो | 0.003 | वकास्त भुईहरी | 576 | रेल लाईन | 575 | 577 |
| 8 | 56 | 575 | रैयती | दोन दो | 0.057 | विलियम उरांव पिता सहदेव उरांव | 575 | रेल लाईन | 567 | 576 |
| 9 | 65 | 567 | रैयती | टाड़ दो | 0.057 | बुधु उरांव वो गोन्दउरी उरांव पिता लोदो उरांव वगैरह | 567 | रेल लाईन | 566 | 575 |
| 10 | 28 | 566 | रैयती | टाड़ दो | 0.047 | चन्दा उरांव पिता सिन्हा उरांव वो तुलसी उरांव पिता हरखा उरांव वगैरह | 566 | रेल लाईन | 437 | 567 |
| 11 | 75 | 437 | रैयती | टाड़ दो | 0.015 | मंगरा पाहन पिता तुरिया पाहन वो अचुवा पाहन पिता कान्हु उरांव वगैरह | 437 | रेल लाईन | 436 | रेल लाईन |
| 12 | 3 | 436 | रैयती | मकान मय सहन | 0.006 | आशामनी उरांव वो गन्दुरू उरांव पिता जितु उरांव वो बन्दे उरांव पिता राम उरांव | 436 | रेल लाईन | 465 | 437 |
| 13 | 113 | 465 | रैयती | टाड़ दो | 0.008 | दसा उरांव पिता जहरू उरांव वो पौलुस उरांव उर्फ राधी उरांव पिता बुदवा उरांव वगैरह | 465 | रेल लाईन | 437 | 436 |
| 14 | 75 | 378 | रैयती | दोन दो | 0.006 | मंगरा पाहन पिता तुरिया पाहन वो अचुवा पाहन पिता कान्हु उरांव वगैरह | 378 | रेल लाईन | 377 | 389 |
| 15 | 47 | 377 | रैयती | दोन दो | 0.029 | नन्दकेश्वर साहु पिता शिवदेनी साहु | 377 | रेल लाईन | 376 | 378 |
| 16 | 185 | 376 | रैयती | टाड़ दो | 0.007 | वकास्त भुईहरी | 376 | रेल लाईन | 375 | 377 |
| 17 | 113 | 1166 | रैयती | पुरानी परती | 0.006 | दसा उरांव पिता जहरू उरांव वो पौलुस उरांव उर्फ राधी उरांव पिता बुदवा उरांव वगैरह | रेल लाईन | 1167 | 1168 | 1166 |
| 18 | 75 | 1191 | रैयती | टाड़ दो | 0.014 | मंगरा पाहन पिता तुरिया पाहन वो अचुवा पाहन पिता कान्हु उरांव वगैरह | 1191 | रास्ता | 1191 | रास्ता |
| 19 | 32 | 1270 | रैयती | टाड़ दो | 0.010 | चैतु उरांव वो बन्धन उरांव पिता बुधुआ उरांव वगैरह | 1270 | रास्ता | 1270 | रास्ता |
| 20 | 16 | 1113 | रैयती | टाड़ एक | 0.032 | गुमना उरांव वो लक्षुमन उरांव वो भिखारी उरांव वो वोनेया उरांव वो रूपना उरांव पिता झिडू उरांव वगैरह | रास्ता | 1112 | रास्ता | 1113 |
| 21 | 120 | 1271 | रैयती | टाड़ दो | 0.033 | हेरमन तिग्गा पिता कानुवेल तिग्गा | 1270 | रास्ता | 1272 | रास्ता |
| 22 | 54 | 1112 | रैयती | टाड़ दो | 0.023 | विली उरांव पिता सहदेव उरांव वो चैतु उरांव वो बन्धन उरांव पिता वुधु उरांव वगैरह | रास्ता | 1112 | 1111 | 1112 |
| 23 | 54 | 1111 | रैयती | दोन दो | 0.035 | विली उरांव पिता सहदेव उरांव वो चैतु उरांव वो बन्धन उरांव पिता वुधु उरांव वगैरह | रास्ता | 1110 | रास्ता | 1112 |
| 24 | 54 | 1110 | रैयती | टाड़ दो | 0.027 | विली उरांव पिता सहदेव उरांव वो चैतु उरांव वो बन्धन उरांव पिता वुधु उरांव वगैरह | 1111 | 1109 | रास्ता | 1110 |
| 25 | 51 | 1296 | रैयती | टाड़ दो | 0.036 | बन्दे उरांव पिता राम उरांव | 1272 | 1297 | 1296 | रास्ता |
| 26 | 54 | 1297 | रैयती | टाड़ दो | 0.041 | विली उरांव पिता सहदेव उरांव वो चैतु उरांव वो बन्धन उरांव पिता वुधु उरांव वगैरह | 1296 | सिमाना | 1297 | रास्ता |
| 27 | 54 | 1109 | रैयती | टाड़ दो | 0.046 | विली उरांव पिता सहदेव उरांव वो चैतु उरांव वो बन्धन उरांव पिता वुधु उरांव वगैरह | 1110 | रास्ता | रास्ता | 1109 |
| | कुल | | | | 0.722 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यवधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
लोहरदगा


**PR 363418 Lohardaga(25-26).D**

## राजगंज में 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित




**राजगंज (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी राजगंज मंडल की ओर से राम जानकी मंदिर ठाकुरबारी, राजगंज में आगामी कार्यक्रम हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के तहत मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्र के महापुरुषों की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गयी। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ने की, जबकि संचालन सुरेश किस्कु एवं धन्यवाद ज्ञापन नीलकंठ रवानी ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यशाला के दौरान 'आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी संकल्प पत्र' के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ाने का संकल्प लिया गया। मौके पर जिला महामंत्री सह जिला संयोजक मनोज मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सह प्रभारी राजेश चौधरी, रामप्रसाद महतो, सुरेश महतो, रमेश महतो, अमरेश कुमार, शंकर महतो, झरी महतो, सपन पंडित, अजय साहनी, राजेंद्र महतो, प्रेम सोरेन, मनोज महतो, अजय राम, विश्वनाथ रवानी, अशोक निषाद, सुनील साव, चंद्रभान प्रसाद, संजय राम माहुरी एवं अशोक कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अस्पताल में बच्चा बदल जाने की आशंका डीएनए टेस्ट कराने की लगायी गुहार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग श्री नियाज अहमद ने आज जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायत सुनी। जनता दरबार में बलियापुर थाना क्षेत्र से आए एक व्यक्ति ने प्रसव के दौरान अस्पताल में उनका बच्चा बदल जाने की आशंका व्यक्त की। उन्होंने बच्चे का डीएनए टेस्ट कराने की गुहार जिला प्रशासन से लगायी। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उन्होंने 24 सितंबर 2025 को निचितपुर कतरास के एक निजी अस्पताल में अपनी पत्नी को एडमिट करवाया था। वहां के डॉक्टरों ने बच्चे का जन्म सिजेरियन से करने की बात बताकर लगभग एक घंटे के बाद उनकी गर्भवती पत्नी एवं नवजात शिशु को ऑपरेशन थियेटर से बाहर निकाला। उसी समय एक और महिला को ऑपरेशन थियेटर से बाहर निकाला गया। पीड़ित ने उक्त अस्पताल के डॉक्टर एवं स्टॉफ पर बच्चा बदलने की आशंका जतायी। इसका समाधान निकालने के लिए उन्होंने बच्चे का डीएनए टेस्ट कराने की गुहार लगायी। वहीं जनता दरबार में भुलन बरारी के एक व्यक्ति ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बरारी कोलियरी, के प्रभारी प्रधानाध्यापक पर मिड डे मील व शैक्षणिक सामग्री में अनियमितता बरतने एवं अभिभावकों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। इसके अलावा जनता दरबार में केंदुआ बाजार मछली पट्टी में विगत 2 दशकों से व्याप्त जल जमाव की समस्या दूर करने, मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने, भूमि के रकवा में सुधार करने, भारी बारिश से घर टूटने के कारण आश्रय प्रदान करने, ऑनलाइन पंजी टू में नाम दर्ज कराने के लिए 5 वर्ष पहले दिए आवेदन का अभी तक निस्तारण नहीं होने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

## गोमिया में जुआरियों का लगता है जमावड़ा

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया में इन दिनों ताश के पत्तों पर हर रोज अपनी किस्मत आजमाई जा रही है बेखौफ जुआरियो का जमावड़ा हर दिन देखने को मिल जाता है। दुर्गा पूजा का त्यौहार समाप्त होते ही जगह-जगह जुआरियों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। कई जगहों पर सालों भर जुआ बड़े पैमाने पर खेला जाता है। निर्भीक होकर जुआरी बड़े दाव लगाते हैं और अपनी किस्मत आजमाते हैं। खासकर गोमिया मोड के समीप भीखा अहरा तालाब के मेढ के नीचे, स्वांग पुराना माइनर्स के भुइंया टोला में स्थित काली मंदिर परिसर, साड़म संतोषी मंदिर के समीप डैम के किनारे इन जगहों पर सालों भर बड़े पैमाने पर जुआ का दांव लगता है। इसे लेकर पुलिस व प्रशासन भी मौन है। जिससे निर्भीक और निडर होकर यहां ताश के पत्तों का खेल निरन्तर जारी है। जुआ के खेल के कारण यहां अपराधीक घटना भी लगातार बढ़ती जा रही है जिससे आए दिन क्षेत्र में चोरी, डकैती, छिनतई के घटना और बढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है और इसकी लत से कई घर क्लेश विवाद से जुझ रहे है और अशांत हो रहे है। जल्द ही इस पर जिला प्रशासन कुछ कार्रवाई नहीं करती है तो जुए की लत से कई युवक इस दलदल में फंसकर अपने जीवन तबाह कर लेंगे और इसकी लत से अपराधीक घटना को भी अंजाम देने से नहीं चुकेंगे।

## स्वच्छ पटरी विषय पर विशेष स्वच्छता अभियान



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा मंडल में मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया। यह पखवाड़ा 01 से 15 अक्टूबर के अंतर्गत स्वच्छ पटरी विषय पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि रेलवे स्टेशनों की सीमाओं के बाहर ट्रैक के दोनों ओर तथा शहर की परिधि तक के क्षेत्रों में कचरा न फैले और खुले में शौच की कोई गतिविधि न हो। इस दौरान स्टेशन से सटे क्षेत्रों में स्थित रेलवे ट्रैकों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। पटरियों के आस पास कचरे के साथ-साथ अवांछित झाड़ियों एवं घास की सफाई भी की गयी। इस अभियान का उद्देश्य ट्रैक एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखना, स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सार्वजनिक सहयोग से पर्यावरण को प्रदूषणमुक्त और सुरक्षित बनाना है।

# नौ साइबर अपराधी गिरफ्तार

**17 मोबाइल फोन और 23 बैंकों का एटीएम कार्ड बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** वरीय पुलिस अधीक्षक को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर बैंक मोड़ स्थित द होटल कैंसिल में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान होटल के कमरे में कुल नौ व्यक्ति धराये। तलाशी के दौरान उन व्यक्तियों के पास से कुल 17 मोबाइल फोन जिसमें अलग-अलग व्यक्तियों के नाम से निर्गत विभिन्न कंपनियों का सिम लगा हुआ, 23 विभिन्न बैंकों का एटीएम कार्ड एवं एप्पल का आइपैड एक डेल कंपनी का लैपटॉप जब्त किया गया। इस संबंध में बीएनएस एवं आइटी एक्ट के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत बैंक मोड़ कांड संख्या 255/25 दर्ज कर तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

गिरफ्तार साइबर अपराधियों के द्वारा बताया गया कि यह लोग अन्य साथियों के माध्यम से विभिन्न बैंकों का डमी खाता जुगाड़ करते थे। इन लोगों के मोबाइल फोन का निरीक्षण करने पर पता चला कि व्हाट्सएप एवं टेलीग्राम चैनल पर इन्वेस्टिंग स्कीम एवं गेमिंग एप के लिए प्रयोग की जाने वाली विभिन्न बैंकों का खाता प्राप्त हुआ है, जो अलग-अलग व्यक्तियों के नाम से है। यह लोग व्हाट्सएप एवं टेलीग्राम चैनल के माध्यम से सुपर पे, मून पे पर फर्जी एपीके फाइल लेते थे। उनके बैंक खाता से संबंधित डिटेल्स भेज कर अपने मोबाइल फोन से यह लोग एपीके इंस्टॉल करके बैंक ट्रांजैक्शन संबंधित ओटीपी फॉरवर्ड कर देते थे। मोबाइल आरोपी टेलीग्राम के माध्यम से इन्वेस्ट स्कीम एवं गेमिंग एप जैसे अपराध में प्राप्त आवेदन को अपने साथियों के माध्यम से खुलवाये गये विभिन्न बैंकों के डमी अकाउंट खातों के माध्यम से निकासी करते थे। उनके पास से 5.8 लाख रुपये भी बरामद किये गये। छापेमारी में शामिल टीम प्रवीण कुमार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बैंक मोड़, तारीख वसीम पुलिस निरीक्षक बैंक मोड़ थाना, अभय कुमार,शाहबाज अंसारी, संजय कुमार कुशवाहा सोना सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

# बस टर्मिनल धनबाद से दूर स्थानांतरित करने पर अनुपमा सिंह ने जतायी आपत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद/ झरिया।** अनुपमा सिंह के निर्देशानुसार उनके राज्य से बाहर होने के कारण उनका प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त रविराज शर्मा से मिलकर एवं उपायुक्त धनबाद तथा राज्य परिवहन सचिव को पत्र लिखकर अंतर राज्यीय बस टर्मिनल धनबाद से 20-22 किलोमीटर दूर स्थानांतरित करने के निर्णय पर आपत्ति एवं विरोध लिखित रूप में दर्ज कराया। जिसमें कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने कहा कि जनहित की अनदेखी कर लिया गया जन विरोधी फैसला है। जिससे यात्रियों को दूरी के साथ-साथ समय कि भी झेलनी पड़ेगी परेशानियां। प्रस्तावित उपरोक्त योजना के अनुसार वर्तमान बस टर्मिनल को शहर से 20-22 किलोमीटर दूर स्थानांतरित करने का निर्णय न तो व्यावहारिक है और न ही जनहित में उचित प्रतीत होता है। वर्तमान में बरटांड़ बस अड्डा धनबाद जंक्शन से भी मात्र 1 किलोमीटर की दूरी में अवस्थित है जहां से अंतर राज्यीय बसों का संचालन पूर्व एवं वर्तमान में होता आ रहा है जो की जनता के सहूलियत सुविधा के हित को ध्यान में रखते हुए बनाया गया था। यहां से एनएच भी मात्र 2 किलोमीटर कि दूरी पर ही है। धनबाद जंक्शन से भी यात्री मात्र 5-10 मिनट में पहुंचकर अपने गंतव्य राज्य, स्थान के लिए यात्रा कर रहे हैं। धनबाद लोकसभा के 6 विधानसभा का केंद्र बिंदु धनबाद है। घनी आबादी क्षेत्र जहां लगभग20- 26 लाख से भी अधिक की जनसंख्या है जहां भारी संख्या में डीएमएस, आईएसएम सिंफर, जमा डूबा धनसार झरिया चांदमारी बस्ताकोला, पुटकीक, मुनीडीह महुदा डिगवाडीह सिंदरीक में, हर्ल एसीसी टासरा आदि प्रोजेक्ट कोलियरियों में काम करने वाले लाखों लोगों पर इसका प्रभाव पड़ेगा जो बसों से यात्रा करते हैं।

बिना अवलोकन किया अनैतिक जगह में इसका निर्माण कर राजस्व को हानि पहुंचाना तथा अंतर राज्य टर्मिनल को असफल करने का प्रयास है ऐसा प्रतीत होता है। इस निर्णय से न केवल यात्रियों को सुविधा प्रभावित होगी बल्कि परिवहन व्यवस्था पर भी अनावश्यक दबाव पड़ेगा।

## महुदा में करंट लगने से छात्र की मौत

**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा मोड़ निवासी संतोष वर्णवाल के 15 वर्षीय पुत्र कन्हाय वर्णवाल की बुधवार को करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गयी। इस हृदयविदारक घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी। कन्हाय की असामयिक मृत्यु ने न सिर्फ उसके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया, बल्कि पूरे मोहल्ले को गमगीन कर दिया। परिजनों के अनुसार, कन्हाय दोपहर का भोजन करने के बाद इनवर्टर में तार जोड़ने का प्रयास कर रहा था, तभी वह करंट की चपेट में आ गया। उसकी मां और पिता दौड़कर पहुंचे, लेकिन तब तक वह अचेत हो चुका था। मां की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे बोकारो ले गये, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक के बोकारो दौरे से औद्योगिक विकास को मिलेगा बल




इस्पात सचिव, संदीप पौंड्रिक और सेल अध्यक्ष अमरेंद्र प्रकाश।

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक बुधवार को अपने एकदिवसीय दौरे पर बोकारो पहुंच रहे हैं। उनके साथ सेल अध्यक्ष अमरेंद्र प्रकाश भी आ रहे हैं। माना जा रहा है की उनका यह दौरा बोकारो स्टील प्लांट के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण की योजनाओं पर केंद्रित रहेगा। बताया जाता है कि इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक पहली बार बोकारो दौरे पर आ रहे हैं। सेल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अपने दौरे के क्रम में इस्पात सचिव एवं सेल अध्यक्ष प्लांट का परिभ्रमण करेंगे और अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलकर उत्पादन प्रक्रिया का जायजा लेंगे। इसके बाद स्थानीय प्लांट प्रबंधन के साथ उनकी एक बैठक भी निर्धारित है। जिसमें इस्पात क्षेत्र के भविष्य पर चर्चा की जाएगी। बताया जाता है की यह दौरा कई मायनों में महत्वपूर्ण है। यह ना केवल स्टील प्लांट के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि झारखंड में इस्पात उद्योग के विकास को भी नई गति एवं दिशा प्रदान करेगा। इधर, इस्पात सचिव एवं सेल अध्यक्ष के बोकारो आगमन को लेकर नगर के तमाम सड़कों एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई एवं रंग- रोगन का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया है। जिससे नगर की खूबसूरती और बढ़ गई है। मालूम हो कि बोकारो स्टील प्लांट देश के सबसे बड़े इस्पात संयंत्रों में से एक है। ऐसे में इस्पात सचिव का दौरा इस्पात उत्पादन को बढ़ाने और क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर पैदा करने में सहायक होगा। जिसे बोकारो की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी।

## बीएसएल ने सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल सतर्कता विभाग द्वारा 06 अक्टूबर को परिक्षेत्रीय गांव तांतरी-उत्तरी पंचायत में एक सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के उपलक्ष्य में चल रहे तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में लगभग 75 ग्रामीण प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में तांतरी-उत्तरी पंचायत के मुखिया गिरधारी मिश्रा ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और बीएसएल सतर्कता विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस सार्थक पहल की सराहना की। इस अवसर पर बीएसएल के ज्ञानेश झा, मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामवासियों को सतर्कता- एक साझा जिम्मेदारी की अवधारणा से अवगत कराते हुए बताया कि नागरिक के रूप में प्रत्येक व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि वह इमानदारी, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के मूल्यों को अपने जीवन और कार्यों में अपनाये तथा समाज में भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता फैलाए। कार्यक्रम का संचालन दिव्यांशु पंत, सहायक महाप्रबंधक (सतर्कता) द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रवीण कुमार, सहायक प्रबंधक (सीएसआर) ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पंकज कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (सतर्कता) एवं सौम्या खाती, प्रबंधक (सतर्कता) भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों ने इस पहल की सराहना की और ऐसे जन- जागरूकता कार्यक्रमों को भविष्य में भी आयोजित किये जाने की इच्छा व्यक्त की।

# बीएसएल में नेटवर्किंग ऑफ प्रोफिबस पर प्रशिक्षण कार्यक्रम




आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में बोकारो इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के 15 कर्मचारियों के लिए मेसर्स सीमेंस लिमिटेड के फैकल्टी एवी संतोषराव के सहयोग से नेटवर्किंग ऑफ प्रोफिबस/ प्रोफिनेट विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बोकारो इस्पात संयंत्र तथा मेसर्स सीमेंस लिमिटेड के बीच एमओयू आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम है। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे प्रकाश कुमार, महाप्रबंधक (इटी एल) और एसके भगत, महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) उपस्थित थे। सर्वप्रथम ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के प्रबंधक जेएन यादव ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया और इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे प्रतिभागियों को सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए सीमेंन्स के द्वारा उपलब्ध कराये हुए किट पर व्यावहारिक सत्र के अभ्यास करने की सुविधा भी है। अपने सम्बोधन मे महाप्रबंधक (इटीएल) प्रकाश कुमार ने बोकारो इस्पात संयंत्र के लिए इस कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम से अधिकतम ज्ञान हासिल करने की अपील की। उदघाटन सत्र में महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास), एसके भगत ने प्रतिभगियो से इस कार्यक्रम को अंतः क्रियात्मक बनाकर अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के आयोजन मे ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के अनुभाग सहयोगी राकेश कुमार तथा वरीय इंस्ट्रक्टर अर्जुन प्रसाद बाउरी का सराहनीय योगदान रहा।

## टाटा स्टील वाशरी रिजेक्शन गेट के पास चली गोली

**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील जेसीपीपी वाशरी के रिजेक्शन गेट के लीज बाउंडरी के अंदर जबरन घुस कर वहां ड्यूटी में तैनात एसआइएस सुरक्षाकर्मी जगदीश कुमार को बंदूक दिखा कर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। थोड़ी देर के बाद एक अपराधी ने हवा में गोली चलायी और फिर वंहा से भाग निकले। जिसकी सूचना जोड़ापोखर थाना को सूचना दी गई मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुट गयी है।

## जामाडोबा के पास लॉटरी विक्रेता और स्थानीय नेता के बीच मारपीट

**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा बाबूबासा के हनुमान मंदिर के निकट मंगलवार की दोपहर को अवैध लॉटरी के धंधे को लेकर लॉटरी टिकट विक्रेता और स्थानीय नेता के बीच जमकर मारपीट हो गयी। बीच सड़क पर हुई मारपीट में जमकर लात-घूंसे चले। वही प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ब्लैक सफारी से आये नेता ने लॉटरी विक्रेता रिंकू और सलीम को पकड़कर जमकर पीटा।

# डीटीओ ने स्कूलों में की वाहनों की जांच




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त आदित्य रंजन के निदेर्शानुसार आज जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के नेतृत्व में चैतन्य टेक्नो स्कूल नावाडीह, डॉ जेके सिन्हा मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लर्निंग नावाडीह, डी-नोबिली स्कूल भूली तथा माउंट लिटेरा जी स्कूल भूली में स्कूली वाहनों की जांच की गयी। इस क्रम में लगभग 70 वाहनों की जांच की गयी तथा 57 वाहनों पर 3,90,700 रुपये का चालान किया गया। स्कूली वाहनों में सुप्रीम कोर्ट कमिटी ऑन रोड सेफ्टी के मानकों के अनुसार वाहनों की जांच की गयी तथा मोटर यान अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत चालान किया गया।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar/ F2 - 25/2025-26

पत्रांक– 713 लातेहार / दिनांक–06.10.2025

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | DMFT मद अन्तर्गत प्रखण्ड–लातेहार के पंचायत ईचाक के ग्राम लावागाड़ा में आँगनबाड़ी केन्द्र भवन का मरम्मति कार्य। | 14.807 | 6 माह | |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 13.10.2025 | | |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.10.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 4 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.10.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 29.10.2025 5.00 बजे अपराह्न | | |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।<br>9939182470 | | |
| 7 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 | | |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 363404 Water Resource(25-26)#D


# स्थायी पुल नहीं होने से 40 से अधिक गांव के लोग परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जाताखूंटी में वैकल्पिक पुल टूटने से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों की मांग है कि सरकार जल्द से जल्द स्थायी पुल का निर्माण करवाये। लगातार हो रही बारिश के कारण शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों की जिंदगी अस्त व्यस्त हो गयी है। बारिश के कारण कई जगहों पर पुल-पुलिया भी धराशायी हो गयी है, जिसके कारण हर वर्ग के लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। टुंडी प्रखंड के जाताखूंटी में भी वैकल्पिक पुल धराशायी हो गया है। जिससे 40 से अधिक गांव के लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। यहां के ग्रामीण रोजगार के लिये धनबाद और गिरिडीह जिले में आना जाना करते हैं। वहीं स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं की परेशानी भी बढ़ गयी है। दैनिक मजदूर सामान बेचने धनबाद और गिरिडीह जाते हैं, मगर पुल के ढह जाने से इन लोगों को बहुत दिक्कत हो गयी है।

**पुल पहले भी कई बार ढह चुका है :** पिछले एक साल से जाताखूंटी में पुल के साथ सड़क का निर्माण कार्य भी चल रहा है। इसे लेकर नदी में वैकल्पिक पुल बनाया गया था। गांव के लोग मिट्टी के पुल से आना जाना करते थे। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि नदी में बनाया गया पुल पहली बार नहीं धराशायी हुआ है, इससे पहले 8 से 10 बार ढह चुका है। बार-बार पुल के धराशायी होने से समस्या का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की सरकार से मांग है कि जल्द से जल्द पुल का निर्माण कार्य पूरा करवाएं, जिससे लोगों की परेशानी कम हो। पुल के धराशायी होने से धनबाद और गिरिडीह की दूरी 8 से 10 किलोमीटर बढ़ गयी है।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004
fax # 0651-2400483 e-mail : cesd.jseb@gmail.com

**Notice Inviting Tender**

Tender is invited for empanelment of agencies for repair of defective Power Transformer (PTRs) of various capacity (e.g. 5MVA, 10 MVA etc.) on rate contract under JBVNL for 2 years.

| Sl. No | NIT No. | Description | Estimated value (incl. GST Rs). (In Crs.) | EMD value (Incl. GST) (Rs. In lacs). | Tender Cost (Incl. GST) (In Rs.) | Downloading / Sale of Tender Document | Pre-Bid Meeting | Last Date of submission of bid | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 206/PR/ JBVNL /2025-26 | Empanelment of agencies for repair of defective Power Transformer (PTRs) of various capacity (e.g. 5MVA, 10 MVA etc.) on rate contract under JBVNL. | 8.13 | 16.26 | 11,800 | 13.10.25 | 21.10.25 at 3.00 PM | 13.11.25 Up to 06:00PM | 17.11.25 at 03:00PM |

Further details against the above Tender can be obtained from website http:jharkhandtenders.gov.in and may be contacted on Mobile No. 9006819264/ 9431135511& NIC helpline No. 0651-2400178, Email ID:- cesd.jseb@gmail.com/ gm.distnw@jbvnl.co.in Submission of bid document fee and EMD will be accepted through online mode only and receipt/acknowledgement of tender submission of the same should be submitted to the office of undersigned on or before 14.11.2025.

Sd/-
General Manager (DN)
JBVNL

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR 363501 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (25-26)_D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 08 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



## पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक

# 24634 करोड़ की चार रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी

- 894 किलोमीटर बढ़ेगा रेल नेटवर्क

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** देश में रेलवे कनेक्टिविटी को बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने रेल मंत्रालय की चार रेल परियोजनाओं को मंजूरी दे दी, जिनकी अनुमानित लागत कुल 24,634 करोड़ रुपये है।

कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट बैठक में हमने चार नयी रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है। ये रेल परियोजनाएं हैं: वर्धा-भुसावल-तीसरी और चौथी लाइन - 314 किलोमीटर (महाराष्ट्र), गोंदिया-डोंगरगढ़-चौथी लाइन-84 किलोमीटर (महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़), वडोदरा-रतलाम-तीसरी और चौथी लाइन-259 किलोमीटर (गुजरात और मध्य प्रदेश), और इटारसी-भोपाल-बीना चौथी लाइन - 237 किलोमीटर (मध्य प्रदेश)। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ के कुल 18 जिलों को कवर करने वाली ये परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 894 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। उन्होंने आगे कहा कि स्वीकृत मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 3,633 गांवों, जिनकी आबादी लगभग 85.84 लाख है, और दो आकांक्षी जिलों तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सात रेलवे कॉरिडोर कुल रेल यातायात का 41% हिस्सा वहन करते हैं। हमने हाल ही में इन कॉरिडोर को मजबूत करने और और अधिक जोड़ने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं। अब, हमने इन कॉरिडोर में न्यूनतम चार लेन और जहां संभव हो, छह लेन बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि नयी रेल परियोजाओं से कोयला, कंटेनर, सीमेंट, फ्लाई ऐश, खाद्यान्न और इस्पात जैसी वस्तुओं का परिवहन आसान होगा। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 78 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) का अतिरिक्त माल यातायात होगा। रेलवे, पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन का साधन होने के कारण, जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने, तेल आयात (28 करोड़ लीटर) को कम करने और सीओ2 उत्सर्जन को कम करने में मदद करेगा, जो छह करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

**भारत ने माल ढुलाई में अमेरिका को पीछे छोड़ा :** उन्होंने कहा, अब हम अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया के दूसरे सबसे बड़े माल ढुलाई वाले देश बन गये हैं। हम 10 साल पहले जहां थे, उससे हमने बहुत बड़ी छलांग लगायी है। उन्होंने कहा, बढ़ी हुई लाइन क्षमता गतिशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए तैयार हैं।

# कफ-सिरप से दो राज्यों में अब तक 23 बच्चों की मौत

- अब तक 5 राज्यों में कोल्ड्रिफ सिरप बैन हुई
- सीबीआइ जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से अब तक 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में 2 सितंबर से 19 बच्चों और राजस्थान में 4 बच्चों की मौत हो चुकी है। मामला सामने आने के बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गयी है। इसमें मामले की उइक जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गयी है। एडवोकेट विशाल तिवारी ने याचिका में मांग की है कि कोर्ट सरकार को राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश दे और जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ट जज की निगरानी में हो।

वहीं, मामले में तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस दवा को कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है। सरकार ने पांच दिन के अंदर कंपनी से जवाब मांगा है।

### गुजरात की दो कंपनियों के सिरप में भी मिला जहर

वहीं, कफ सिरप बनाने वाली गुजरात की दो कंपनियों के सैंपल में भी जहरीले डायएथिलिन ग्लायकॉल (डीइजी) और एथिलिन ग्लायकॉल (इजी) की मात्रा ज्यादा मिली है। छिंदवाड़ा से 19 दवाओं के सैंपल लिए गए थे। गुजरात की रीलाइफ सिरप और रेस्पिफ्रेस टीआर सिरप में गड़बड़ी मिली है। मध्य प्रदेश में इन दोनों सिरपों के स्टॉक और बिक्री पर बैन लगा दिया गया है। गुजरात सरकार को जांच के लिए लेटर भी लिखा है।

### कोल्ड्रिफ की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गड़बड़ियां मिलीं

इससे पहले तमिलनाडु सरकार की जांच कमेटी को कोल्ड्रिफ बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गड़बड़ियां मिली थीं। जिन्हें क्रिटिकल और मेजर श्रेणी में रखा गया था।

### तमिलनाडु में बनने वाली कोल्ड्रिफ सिरप में 48% जहर

कांचीपुरम जिले के सुंगुवर्चत्रम में स्थित श्रीसन फार्मास्यूटिकल की यूनिट से कोल्ड्रिफ सिरप (बैच नंबर रफ-13) जब्त किया गया। जांच में पता चला कि इसमें नॉन-फार्माकॉपिया ग्रेड प्रोपीलीन ग्लाइकॉल का इस्तेमाल हुआ, जो संभवतः डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीइजी) और एथिलीन ग्लाइकॉल से दूषित था। दोनों ही केमिकल किडनी को नुकसान पहुंचाने वाले जहरीले पदार्थ हैं। जैसे ही सैंपल चेन्नई की सरकारी ड्रग्स टेस्टिंग लैब में भेजे गए, वहां से 24 घंटे में रिपोर्ट दी गयी। इसमें पाया गया कि कोल्ड्रिफ सिरप का यह बैच 48.6% डब्ल्यू/वी डीइजी से जहरीला और Not of Standard Quality है, जबकि अन्य चार दवाओं (रेस्पोलाइट डी, जीएल, एसटी और हेप्सैंडिन सिरप) को स्टैंडर्ड क्वालिटी का पाया गया।

### सबसे पहले इन पर लगा था बैन

बच्चों की मौतों के बाद कोल्ड्रिफ बैच नंबर एसआर-13 और नेक्स्ट्रो-डीएस बैच नंबर एक्यूडी-2559 कफ सिरप को बैन कर दिया गया। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इंदौर की आर्क फार्मास्यूटिकल्स कंपनी के सिरप 'डिफ्रॉस्ट' के बैच नं. 11198 को बाजार से रिकॉल करने के निर्देश दिए। मध्य प्रदेश सरकार ने क्लोरफेनिरामाइन मलेट और फिनाइलफ्रिन एचसीएल जैसे केमिकल के उपयोग को लेकर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिये हैं।

# केंद्रीय योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें : लक्ष्मण प्रसाद सिंह




आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार गिरिडीह।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने मंगलवार को धनवार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से मिल कर केंद्र सरकार के द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। साथ ही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा इसका लाभ दिलाने की बात कही। बाद में धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय पहुंच वे लोगों की समस्या से अवगत हुए। इस दौरान धनवार प्रखंड क्षेत्र के बांधी पंचायत के चादगर चंद्रवंशी टोला के ग्रामीणों ने श्री सिंह से गांव के जले ट्रांसफार्मर को बदलवा कर नया ट्रांसफार्मर दिलवाने का आग्रह किया। ग्रामीणों के आग्रह पर श्री सिंह ने संबंधित पदाधिकारियों से फोन पर बात कर समस्या से अवगत कराते हुए नया ट्रांसफार्मर लगाने की अपील की। वहीं अन्य कई लोगों ने भी अपनी-अपनी समस्याओं से श्री सिंह को अवगत कराया। श्री सिंह ने कई लोगों की समस्या का मौके पर ही निदान किया और कुछ को जल्द ही निदान करने का भरोसा दिया। मौके पर पवन सिंह, श्रीकांत राय, सुबोध नरायण देव, संदीप कुमार, सुरेन्द्र राम, महेश राम और सोहन यादव आदि कई लोग मौजूद थे।

# फिजिक्स का नोबेल 3 अमेरिकी वैज्ञानिकों को मिला

**स्कॉटहोम।** इस साल फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार 3 अमेरिकी वैज्ञानिकों जॉन क्लार्क, मिशेल डेवोरेट, जॉन मार्टिनिस को मिला है। स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। यह पुरस्कार इलेक्ट्रिक सर्किट में बड़े पैमाने पर मैक्रोस्कोपिक क्वांटम टनलिंग और ऊर्जा के स्तरों की खोज के लिए मिला है। क्वांटम टनलिंग वह प्रक्रिया है जिसमें कोई कण किसी बाधा (बैरियर) को कूदकर नहीं बल्कि उसके 'आर-पार' होकर निकल जाता है, जबकि सामान्य फिजिक्स के हिसाब से यह असंभव होना चाहिए।



































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**